
मास्क भी वैक्सीन-मेरा मास्क मेरे साथ



भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

विश्वसनीय साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता


jagrukjanta.net

आषाढ़, पक्ष - शुक्ल, तिथि - द्वादशी, संवत 2078 | पृष्ठ : 8 | जयपुर, बुधवार | वर्ष-7, अंक-21, 21 जुलाई - 27 जुलाई, 2021 | मूल्य ₹ 5/- | वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-

## खून के रिश्ते तो कुछ समय बाद डिक्शनरी में ही ढूंढ़ने पड़ेंगे!

**वर्तमान** में जनसंख्या विस्फोट को देखते हुए देश में जनसंख्या नियंत्रण पर एक बहस छिड़ी हुई है और समय के अनुसार बहस होना उचित भी है। लेकिन यह भी सत्य है कि जब से मनुष्य का पृथ्वी पर आगमन हुआ है तभी से रिश्ते बनने लगे हैं। सबसे पहले माता और पिता का रिश्ता बनता है। उसके बाद दादा-दादी, नाना-नानी, भाई-बहन, पति-पत्नी, काका-काकी, ताऊ-ताई, मामा-मामी, मौसा-मौसी, बुआ-फूफा, चचेरे भाई-बहन, फुफेरे भाई-बहन आदि ऐसे रिश्ते हैं जिन्हें खून का रिश्ता कहा जाता है और इन्हीं रिश्तों के बल पर घर-परिवार में खुशी छाई रहती थी। वरना रिश्ते तो बहुतेरे हैं। इस समय जो खतरा मंडरा रहा है वह खतरा है खून से जुड़े रिश्तों पर। बाकी रिश्ते तो जो हैं वो वैसे ही मौजूद रहेंगे। उन पर कोई खतरा नहीं है। अब आप सोच रहे होंगे कि इन पर क्या खतरा है। खतरा है जिसे हर कोई भांप रहा है मगर परिस्थितियों के आगे बेबस है। एक तो सरकारी पॉलिसी ही ऐसी बन गई है जिसके चलते ऐसा हो रहा है (हालांकि सरकारी पॉलिसी को मानने की फिलहाल बाध्यता नहीं दिखाई दे रही-जिसके कारण कुछ लोग उस बाध्यता से बहुत दूर हैं) जनसंख्या वृद्धि के कारण सरकार ने भी छोटा परिवार का श्लोगन दिया जिसे बहुसंख्या में लोगों ने अपना लिया है। परिवार छोटा होते-होते एक या दो बच्चों तक सिमटने लगा है। दम्पति के अगर एक ही बेटा है तो चाचा-ताऊ वाला रिश्ता खत्म। एक ही बेटी है तो मौसी-मौसा वाला रिश्ता खत्म। इसी प्रकार अगर एक ही बेटा अथवा बेटी है तो परिवार में बाकी रिश्ते सब खत्म। तो इन परिस्थितियों के चलते आने वाले समय में इन रिश्तों के नाम भी सिर्फ डिक्शनरियों में ही देखने को मिलेंगे। आज आदमी स्वभाव से ही अपने आपको खुद में समेट कर एकाकीपन का शिकार हो रहा है। ऊपर से वह समाज और पड़ौस से भी दूर हो रहा है। ऐसे में पहले तो किसी भी विपत्ती में भाई अथवा अन्य रिश्तेदार उसके साथ हर दुःख-दर्द में खड़े हो जाते थे। मगर ये सब यूं ही चलता रहा तो जीवन में अकेले ही सब कुछ झेलना होगा। ऐसे में खून के रिश्ते तो कुछ समय बाद बचेंगे नहीं, इसलिए एक-दूसरे से प्रेम और स्नेह के रिश्तों की मुट्ठी बांधनी चाहिए। वरना एक अंगुली को तो कोई भी तोड़-मरोड़ सकता है।

सटीक



शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

shivdayalmishra@gmail.com

## पेगासस फोन जासूसी केस में पहली जांच

### मोरक्को की खुफिया एजेंसियों पर आरोप

फ्रांस सरकार ने शुरू की इन्वेस्टिगेशन

# जासूसी को लेकर पूरी दुनिया में तहलका

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पेरिस।** पेगासस फोन जासूसी मामले में पहली बड़ी जांच शुरू हो गई है। फ्रांस सरकार ने इजराइली कंपनी के स्पायवेयर पेगासस के जरिए अपने देश के पत्रकारों की जासूसी की जांच शुरू कर दी है। मोरक्को की खुफिया एजेंसियों पर आरोप है कि उसने पेगासस के जरिए फ्रेंच जर्नलिस्ट की जासूसी कराई। फ्रांस सरकार प्राइवेसी के उल्लंघन, निजी इलेक्ट्रिक डिवाइस में धोखेबाजी से दाखिल होने और आपराधिक साजिश के आरोपों की जांच करवा रही है। इस संबंध में इन्वेस्टिगेटिव वेबसाइट मीडिया पार्ट ने कानूनी शिकायत दर्ज कराई है। हालांकि, मोरक्को ने अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज किया है। मीडिया पार्ट ने खुलासा किया कि उसके फाउंडर एड्वी प्लेनेल और उनके एक जर्नलिस्ट को मोरक्को की इंटेलिजेंस एजेंसियों ने टारगेट बनाया। इसके अलावा ले मोंडे और स्नक्कके जर्नलिस्ट भी टारगेट लिस्ट में शामिल थे। हालांकि, मोरक्को सरकार ने कहा कि हमने कभी भी कम्युनिकेशन डिवाइस में घुसपैठ के लिए किसी सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल नहीं किया।

### 180 से ज्यादा रिपोर्टर्स, संपादक निगरानी की लिस्ट में

**वॉशिंगटन** पोस्ट, द गार्जियन, ले मोंडे और दूसरे मीडिया हाउस ने लीक हुए 50 हजार फोन नंबरों की लिस्ट के आधार पर दावा किया था कि इजरायल के हस्ह ग्रुप द्वारा बनाए गए पेगासस स्पायवेयर के जरिए 180 से ज्यादा रिपोर्टर्स और संपादकों की जासूसी की गई। करीब 16 मीडिया समूहों की साझा पड़ताल के बाद इस बात का दावा किया गया। इन देशों में भारत भी शामिल है, जहां सरकार और प्रधानमंत्री मोदी की आलोचना करने वाले पत्रकार निगरानी के दायरे में थे। न्यूज पोर्टल 'द वायर' की रिपोर्ट के मुताबिक, जिन लोगों की जासूसी की गई है उनमें 300 भारतीय लोगों के नाम शामिल हैं। जासूसी के लिए इजराइली कंपनी द्वारा बनाए गए स्पायवेयर पेगासस का इस्तेमाल किया गया है।

### पेगासस फोन जासूसी केस

## कल राजभवन का घेराव करेगी कांग्रेस

**जयपुर @ जागरूक जनता।** पेगासस फोन जासूसी केस में राजस्थान में भी उबाल नजर आ रहा है। इस केस में देश के गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे और पूरे मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट की एक कमेटी से करवाने की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस आगामी 22 जुलाई को जयपुर में राजभवन का घेराव करेगी। राज्यपाल को ज्ञापन सौंपेगी। मंगलवार को राजस्थान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि देश के गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में यह जासूसी करना और अब उनका कोई जवाब नहीं देना देश के लिए दुर्भाग्य है। सत्ता में बैठे लोग किसी भी वर्ग को बख्श नहीं रहे है। हमारे नेता राहुल गांधी, उनके निजी स्टॉफ, मुख्य चुनाव आयुक्त, भारत सरकार के आईटी मंत्री, राज्यमंत्री और यहां तक की राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के निजी सचिवों, स्मृति ईरानी के भी ओएसडी के फोन के माध्यम से निगरानी रखी गई। पूरी दुनिया में तहलका मचा है। आईटी मंत्री कह रहे है कि इस तरह की कोई बात नहीं हुई है। ऐसे में तमाम लोगों की निगरानी उनकी निजता का हनन है।

**डोटासरा ने कहा- मोदी, शाह की सरकार ने किसी को नहीं छोड़ा, अपने मंत्रियों को हटाने का सच भी बताए केंद्र सरकार**

### पहले सीएम गहलोत विधायक-मंत्रियों के फोन टैपिंग का खुलासा करें-राठौड़

**उपनेता** प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने पेगेसस जासूसी मामले को लेकर सीएम अशोक गहलोत को लपेटा। उन्होंने कहा कि सीएम अशोक गहलोत पेगेसस मामले में सर्वोच्च न्यायालय से संज्ञान लेने की बात करने से पहले राजस्थान में विधायकों और मंत्रियों की फोन टैपिंग का खुलासा करें। किन नियमों के तहत सरकार ने किसके और कितने फोन टैप किए। अगर गहलोत ऐसा नहीं कर सकते तो उन्हें कोर्ट से संज्ञान लेने की बात नहीं करनी चाहिए।

## ICMR सर्वे में आधे से ज्यादा बच्चों में मिली एंटीबॉडी

# 6 से 17 साल के बच्चे संक्रमण से खुद लड़ सकते हैं

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**नई दिल्ली।** इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च ने मंगलवार को 21 राज्यों के 70 जिलों में जून-जुलाई महीने में किए गए चौथे सीरो-सर्वे की रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट के मुताबिक देश की 67 प्रतिशत आबादी में एंटीबॉडी डेवलप हुई है। यानी ये आबादी संक्रमित हो चुकी है और वायरस को बेअसर करने के लिए इन लोगों के शरीर में जरूरी एंटीबॉडी डेवलप हो चुकी है। अच्छी बात ये है कि इनमें बड़ी संख्या में बच्चे भी शामिल हैं। इसके साथ ही स्कूल खोले जाने के सवाल पर ढ्ढष्टरू के डायरेक्टर जनरल डॉ. बलराम भार्गव ने कहा कि स्कूल खोले जा सकते हैं, क्योंकि छोटे बच्चों में एडल्ट की तुलना में संक्रमण का खतरा कम है। उन्होंने बताया कि यूरोप के कई देशों में कोरोना के बढ़ते मामलों के बावजूद भी स्कूल खोले गए हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि शुरुआती दौर में प्राइमरी स्कूल खोलने चाहिए, इसके बाद सेकेंड्री स्कूल खोले जा सकते हैं।

### दूसरी लहर में बच्चे भी हुए प्रभावित

डॉ. बलराम भार्गव ने सर्वे के नतीजे जारी करते हुए बताया कि देश की दो-तिहाई आबादी में कोविड एंटीबॉडी मिली है और अभी भी 40 करोड़ आबादी पर कोरोना का खतरा है। सर्वे में शामिल 6 से 17 साल के आधे से ज्यादा बच्चों में भी एंटीबॉडी पाई गई है। इसका मतलब हुआ कि दूसरी लहर में संक्रमण ने बच्चों को भी प्रभावित किया है। डॉ. भार्गव ने कहा, 'चौथे सीरो सर्वे में 6 से 17 साल के 28,975 लोगों को शामिल किया गया था। इनमें 6 से 9 साल के 2,892 बच्चे, 10 से 17 साल के 5,799 बच्चे और 18 साल से ऊपर के 20,284 लोग शामिल हैं। 18 साल से ऊपर वालों में से 62% लोगों ने वैक्सीन नहीं ली थी, जबकि 24% लोगों ने एक डोज और 14% लोगों ने दोनों डोज ली थी।'

### 85% हेल्थ केयर वर्कर हुए सक्रमित

भार्गव ने बताया कि 85% हेल्थ केयर वर्कर कोविड के शिकार हो चुके हैं। देश में कोरोना के मामले घटने और वैक्सीनेशन के बावजूद उन्होंने अब भी लोगों को कोविड एप्रोप्रिएट बिहेवियर को अपनाने को कहा है।

## जागरूक खबरें

### ■ जेफ बेजोस अंतरिक्ष यात्रा कर लौटे



**वैन हॉर्न।** दुनिया की टॉप ई-कॉमर्स कंपनियों में शामिल अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस अंतरिक्ष की 10 मिनट की यात्रा करके धरती पर लौट आए। वे भारतीय समय के मुताबिक, मंगलवार शाम करीब 6:42 बजे रवाना हुए थे। उनके साथ 3 और यात्री थे। इनमें एक उनके भाई मार्क, 82 साल की वैली फंक और 18 साल के ओलिवर डेमेन शामिल हैं। ओलिवर ने हाल ही में हाई स्कूल पास किया है। बेजोस के साथ स्पेस में जाने के लिए किसी अनजान शख्स ने 28 मिलियन डॉलर की बोली लगाई थी। वह इस ट्रिप में नहीं जा सका। उसी की जगह ओलिवर गए थे।

### ■ GST के दायरे में नहीं आएंगे पेट्रोलियम पदार्थ

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** पेट्रोल और डीजल GST के दायरे में नहीं आएंगे। सरकार ने लोकसभा में इसकी जानकारी दी। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री रामेश्वर तेली ने कहा कि, अभी तक GST काउंसिल ने तेल और गैस को GST के दायरे में लाने के लिए कोई सिफारिश नहीं की है। सदन में सासंदों के पूछे गए सवाल पर रामेश्वर तेली ने लिखित में यह जानकारी दी।

### ■ कोरोना पर मदद: केंद्र ने 4 हफ्ते का वक्त मांगा

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** कोरोना मृतकों के परिवारों को सहायता राशि देने की गाइडलाइन तय करने के लिए सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से 4 हफ्ते का वक्त और मांगा है। केंद्र की तरफ से मंगलवार को इसकी अर्जी लगाई गई। इससे पहले 30 जून को सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी को आदेश दिया था कि 6 हफ्ते में गाइडलाइंस तय की जाएं।

## कोरोना की दूसरी लहर में हुई मौतों पर बोली केन्द्र सरकार

# ऑक्सीजन की कमी से कोई नहीं मरा



**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** अभी कोरोना का खतरा टला नहीं है। इस बीच केंद्र सरकार की तरफ से मंगलवार को कहा गया है कि कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान ऑक्सीजन की कमी से किसी की मौत नहीं हुई है। हालांकि, केंद्र सरकार ने यह माना है कि कोरोना की दूसरी लहर के दौरान ऑक्सीजन की डिमांड काफी बढ़ गई थी। दरअसल कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने सरकार से पूछा था कि क्या यह सच है कि Covid-19 की दूसरी लहर में कई सारे कोरोना मरीज सड़क पर और अस्पताल में इसलिए मर गए क्योंकि ऑक्सीजन की किल्लत थी? इस पर केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री भारती प्रवीण पवार ने इस सवाल के लिखित उत्तर में बताया कि स्वास्थ्य राज्य का विषय है। सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों को कोरोना के दौरान हुई मौतों के बारे में सूचित करने के लिए गाइडलाइंस दिये गये थे। किसा भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश की रिपोर्ट में यह नहीं कहा गया है कि किसी की मौत ऑक्सीजन की कमी से हुई है।

# पैसे कमाने की मशीन बन गए हैं अस्पताल-सुप्रीम कोर्ट

### कहा- बेहतर होगा ऐसे अस्पतालों को बंद कर दिया जाए

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अस्पताल बड़े उद्योग बन गए हैं और यह सब मानव जीवन को संकट में डालकर हो रहा है। निजी अस्पतालों को छोटे आवासीय भवनों से संचालित करने की अनुमति देने के बजाय राज्य सरकारें बेहतर अस्पताल प्रदान कर सकती हैं। न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एम.आर. शाह की पीठ ने कहा कि अस्पताल बड़े उद्योग बन गए हैं। हम उन्हें जीवन की कीमत पर समृद्ध नहीं होने दे सकते। बेहतर होगा ऐसे अस्पतालों को बंद कर दिया जाए।

पीठ ने भवन उपयोग अनुमति के संबंध में अस्पतालों के लिए समय सीमा बढ़ाने के लिए गुजरात सरकार की खिंचाई की। दरअसल, शीर्ष अदालत गुजरात के अस्पतालों में आगजनी के मामले पर सुनवाई कर रही थी। शीर्ष अदालत ने भवन उपयोग अनुमति के संबंध में अस्पतालों के लिए समय सीमा जून, 2022 तक बढ़ाने को लेकर गुजरात सरकार की जमकर खिंचाई की। शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार से अस्पतालों को छूट देने वाली इस अधिसूचना को वापस लेने को कहा। पीठ ने कहा कि एक मरीज जो कोविड से ठीक हो गया था और उसे अगले दिन छुट्टी दी जानी थी, परंतु आग लगने से उसकी मौत हो गई और दो नर्से भी जिंदा जल गईं। पीठ ने कहा कि ये मानवीय त्रासदी हैं, जो हमारी आंखों के सामने हुआ। फिर भी हम इन अस्पतालों के लिए समय बढ़ाते हैं। पीठ ने कहा कि अस्पताल एक रियल एस्टेट उद्योग बन गए हैं और संकट में मरीजों को सहायता प्रदान करने के बजाय यह व्यापक रूप से महसूस किया गया कि वे पैसे कमाने की मशीन बन गए हैं।




ANCHOR | स्पेस वेडिंग का सपना होगा सच

# एक लाख फीट ऊंचाई पर शादी का सपना होगा पूरा

### फ्लोरिडा की कम्पनी स्पेस पर्सपेक्टिव ने बनाया स्पेस बैलून

### 2024 से यात्री सफर पर जा सकेंगे, 6 घंटे की एक ट्रिप की कीमत 93 लाख रुपए

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**फ्लोरिडा।** अब स्पेस वेडिंग का सपना भी सच हो सकेगा। स्पेस बैलून में बैठकर 1 लाख फीट की ऊंचाई पर शादी की जा सकेगी। फ्लोरिडा की कंपनी स्पेस पर्सपेक्टिव ने खास तरह का स्पेस बैलून तैयार किया है। इसका आकार एक फुटबॉल स्टेडियम के बराबर है। एक बार स्पेस बैलून से सफर करने के लिए 93 लाख रुपए देने होंगे। यह यात्रा 2024 से की जा सकेगी।

### एक साथ 8 लोगों को ले जाएगा

**कंपनी** का दावा है, कई लोगों ने इस सफर के लिए बुकिंग भी करा दी है। वहीं, कुछ लोगों ने वेडिंग के लिए इसे चुना है। स्पेस बैलून एक बार में 8 लोगों को लेकर जाएगा। यह सफर 6 घंटों का होगा। इसके लिए एडवांस बुकिंग जून के अंतिम सप्ताह से शुरू की जा चुकी है।




### आराम व सुरक्षित सफर का दावा

कंपनी का कहना है कि भविष्य में स्पेस को देखना बिल्कुल यूरोप घूमने जैसा हो जाएगा। इसके लिए किसी खास तरह के कपड़े पहनने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसमें बैठना बिल्कुल प्लेन में बैठने जैसा होगा। इसका सफर सुरक्षित और आरामदायक होगा।

कंपनी के मुताबिक, कॉर्पोरेट इवेंट और बर्थडे जैसे सेलिब्रेशन के लिए भी इसे बुक किया जा सकता है।

### ये सुविधाएं मिलेंगी

- स्पेस बैलून से सफर करने के दौरान पृथ्वी को 360 डिग्री पर देख सकेंगे।
- बैलून में नहाने के लिए बाथरूम, साथ ही बार और वाई-फाई की सुविधा भी मिलेगी।
- इसकी तय ऊंचाई तक पहुंचने पर चारों तरफ 725 किमी दूर तक देखा जा सकेगा।
- फ्लाइट के दौरान ब्रेकफास्ट और कोल्ड ड्रिंक्स ऑर्डर कर सकेंगे।

### जून में हुई थी टेस्टिंग

**कंपनी** ने इसी साल जून में बैलून की टेस्टिंग की थी। इसे नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर के पास बने स्पेस कोस्ट स्पेसपोर्ट से छोड़ा गया था। इस बैलून का नाम नैप्च्यून वन रखा गया है। कंपनी का दावा है कि स्पेसफ्लाइट के लिए 2024 तक की बुकिंग हो चुकी हैं। अब 2025 तक के लिए बुकिंग की जा रही हैं। कंपनी की वेबसाइट पर जाकर सीधे बुकिंग की जा सकती है।

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित | जागरूक जनता www.jagrukjanta.net | बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 फोन : 0141-3587886

सम्पर्क करें | विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए 9928022718 jagrukjantanews@gmail.com | समाचार प्रकाशित करवाने के लिए 9829329070 jagrukjantanews@rediffmail.com

| तापमान | अधि. | न्यू. |
|---|---|---|
| जयपुर | 31°C | 26°C |
| जोधपुर | 33°C | 27°C |
| अजमेर | 33°C | 25°C |
| उदयपुर | 27°C | 24°C |

सूर्योदय › प्रात: 05:55 बजे सूर्यास्त › सांय : 06:49 बजे चन्द्रोदय › 04:20 बजे चन्द्रास्त › 02:42 बजे

## जागरूक खबरें

### बियानी गर्ल्स कॉलेज की पूर्व छात्रा अर्चना चौधरी का आर.ए.एस. 2018 में 67वीं रैंक पर चयन




**जयपुर @ जागरूक जनता।** विद्याधर नगर स्थित बियानी गर्ल्स कॉलेज की 2017 बैच की होनहार और मेधावी छात्रा अर्चना चौधरी ने आर.ए.एस. 2018 में 67वी रैंक पाकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। अर्चना चौधरी बियानी गर्ल्स कॉलेज से बीएससी और एमएससी की पढ़ाई पूरी की। अर्चनाचौधरी ने एमएससी में राजस्थान यूनिवर्सिटी से टॉपकर के गोल्ड मैडल भी प्राप्त किया, साथ ही एमएससी की पढ़ाई के दौरान ही नेट-जेआरएफ में 85वीं रैंक प्राप्त की थी। कॉलेज के चेयरमैन डॉ. राजीव बियानी, डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी, प्रिंसिपल नेहा पाण्डे और समस्त स्टाफ ने अर्चना को शुभकामनाएंप्रदान की और अर्चना की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए, छात्राओं को उनसे प्रेरित होने की सलाह दी।

### जयपुरिया अस्पताल अधीक्षक का किया सम्मान



**जयपुर @ जागरूक जनता।** कोविड काल में मरीजों के हित में बेहतर उपचार और अस्पताल के माहौल को अच्छा बनाए रखने के लिए अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा, राजस्थान के प्रदेश महासचिव जीवन सिंह तड़ागी, जयपुर जिला सचिव रणजीत सिंह के नेतृत्व में जयपुरिया चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. सुनीत सिंह राणावत का साफा और माला पहनाकर साथ ही शाल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। उन्होंने राणावत को महासभा की स्मारिका भेंट की। इस अवसर पर महासभा के सदस्य महेश बेलवाल, गिरीश पांडे, राकेश आर्य, नरेन्द्र सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

## बरसा अमृत



जागरूक जनता @ राजधानी में बीते दिनों हुई बारिश के बाद छोटी चौपड़ पर सड़क पर भरा बारिश का पानी। हालांकि प्रदेश में मानसून का आगन हो चुका है। बीते 24 घंटों में राजधानी मे बादलों की आवाजाही तो बनी हुई है, लेकिन बरसे नहीं है।

**स्मार्ट सिटी मिशन:** 100 शहरों की सूची में जयपुर को मिला 28वां स्थान

# ऑनलाइन रैंकिंग में राजस्थान देश में प्रथम

### गुजरात और आंध्र प्रदेश को राजस्थान ने पछाड़ा

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** स्मार्ट सिटी योजना की ऑनलाइन रैंकिंग में राजस्थान को पहला स्थान मिला है। मिशन के तहत 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की केंद्र सरकार ने रैंकिंग जारी की। केंद्र की ओर से जारी सूची में देश के 100 शहरों की रैंकिंग में उदयपुर 5वें, कोटा 10वें, अजमेर 22वें और जयपुर 28वें स्थान पर हैं। इससे पहले राजस्थान दूसरे स्थान पर था। स्मार्ट मिशन कार्यो की प्रभावी मॉनिटरिंग के चलते राजस्थान ने आंध्र प्रदेश और गुजरात से अधिक अंक प्राप्त करते पहला स्थान प्राप्त किया है। रैंकिंग के लिए केंद्र ने कुछ मापदंड तय किए थे। इसमें कितनी योजनाएं पूरी हुई, कितनी योजनाएं चल रही हैं और उन पर कितना पैसा खर्च हुआ। इसी तरह तरह केंद्र से मिलने वाले फंड का उपयोग और केंद्र को समय-समय पर उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने को रैंकिंग का आधार बनाया गया है।

### स्मार्ट सिटी के कार्यों का राजस्थान में हाल


**मिशन** के तहत प्रदेश के चार शहरों को अब तक कुल 1997 करोड़ रुपए मिल चुके हैं। अब तक 1700 करोड़ का व्यय विभिन्न परियोजनाओं में खर्च किया गया है। केन्द्र सरकार से मिले 1078 करोड़ के विरुद्ध राज्य के 30 प्रतिशत राज्यांश के रूप में 660 करोड़ रुपए चारों शहरों को जारी कर दिए गए है। प्रदेश के चार शहरों में प्रगतिरत 370 परियोजनाओं के लिए 3811 करोड़ जारी किए गए हैं। इसमें 718 करोड़ रुपए के 161 काम पूर हो चुके हैं। वहीं 2660 करोड़ रुप के 168 कार्य चल रहे हैं। 269 करोड़ रुपए के 24 कामों की निविदा प्रक्रियाधीन है।

### जयपुर फिर फिसड्डी

**प्रदेश** के चार शहरों में स्मार्ट सिटी का सबसे धीमा काम जयपुर में चल रहा है। यही वजह है कि देश के 100 शहरों में जयपुर को 28वां स्थान मिला है। जयपुर के कामों पर नजर डालें तो गणगौरी हॉस्पिटल का काम जल्द शुरू होगा। एसएमएस अस्पताल में 400 करोड़ की लागत से बनाए जाने वाले आईपीडी ब्लॉक में स्मार्ट सिटी योजना के तहत 125 करोड़ की भागीदारी होगी। इसके अलावा राजस्थान विधानसभा में डिजीटल संग्रहालय का निर्माण, ठोस कचरा प्रबंधन के लिए आवश्यक स्मार्ट उपकरणों का क्रय, महाराजा लाईब्रेरी, मंदिरों और विद्यालयों का जीर्णोद्धार व मरम्मत कार्य, रामनिवास बाग पार्किंग, हैरिटेज वॉक-वे का कार्य किया जा रहा हैं। साथ ही चौगान स्टेडियम में खेलकूद सुविधाओं का विकास तथा विभिन्न स्थलों पर बहुमंजिला पार्किंग सुविधाओं का विकास किया जा रहा हैं।

### इस तरह पहले स्थान पर पहुंचा राजस्थान

» राज्य के 4 शहरों को अब तक कुल 1997 करोड़ रुपए प्राप्त हुए। इनमें से अब तक 1700 करोड़ का काम विभिन्न परियोजनाओं में कराया।



### चारों स्मार्ट सिटी में स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्य सरकार ने निकायों से जुड़ी एजेंसियों में राजनीतिक नियुक्तियों का सिलसिला फिर शुरू कर दिया है। प्रदेश की चारों स्मार्ट सिटी कंपनियों में स्वतंत्र निदेशकों के पद पर राजनीतिक नियुक्ति की गई है। सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए। जयपुर स्मार्ट सिटी कंपनी में जय आकड़ और डॉ.पूनम शर्मा को स्वतंत्र निदेशक बनाया गया है। इसी तरह कोटा स्मार्ट सिटी में रविन्द्र त्यागी व रजनी गुप्ता, उदयपुर स्मार्ट सिटी में सज्जन कटारा और अजमेर स्मार्ट सिटी कंपनी में डॉ.गोपाल बाहेती व राजकुमार जयपाल को स्वतंत्र निदेशक की जिम्मेदारी सौंपी है।

#### फंडिंग लेने में पीछे

**निर्धारित** समय पर फंडिंग लेने में हम लगातार पीछे हैं। प्रदेश के चार शहर जयपुर, उदयपुर, कोटा, अजमेर स्मार्ट सिटी मिशन में शामिल है। केन्द्र सरकार से अब तक 52 प्रतिशत और राज्य सरकार से केवल 45 प्रतिशत ही फंडिंग ले पाए हैं। काम में कोताही, धीमी गति और लगातार राजनीतिक हस्तक्षेप से ये हालात बने हैं। चारों शहरों में फंडिंग लेने में उदयपुर अव्वल है और स्मार्ट सुविधाओं पर राशि खर्च करने में तो जयपुर फिर से तीसरे पायदान पर लुढक गया है।

» केन्द्र सरकार से मिले 1078 करोड़ के अनुपात में राज्य का 30 प्रतिशत हिस्सा यानि 660 करोड़ रुपए चारों शहरों को जारी कर दिए गए।
» चार शहरों में 718 करोड़ रुपए के 161 प्रोजेक्ट पूरे किए गए और अभी 2660 करोड़ रुपए लागत के 168 कार्य चल रहे हैं।
» 269 करोड़ रुपए के 24 प्रोजेक्ट्स की निविदा प्रक्रियाधीन है।

**राज्य** सरकार लगातार मॉनिटरिंग कर रही है, इसीलिए कोरोना काल में भी हमने स्मार्ट सिटी के तहत बेहतर काम किया। कार्य के आधार पर राजस्थान का पहले पायदान पर पहुंचना, सभी संबंधितों की भागीदारी से संभव हो पाया है।

**-शांति धारीवाल,** नगरीय विकास मंत्री

# आखिर! हमारी गुलाबी नगरी स्मार्ट सिटी क्यों नहीं?

### वॉलसिटी को स्मार्ट बनाने के 539 करोड़ के काम अधूरे

### असर-हम 28वीं रैंक पर...कोटा, उदयपुर-अजमेर से भी पीछे

### उदयपुर (5वीं) 624.60 करोड़, कोटा (10वीं)880 करोड़,अजमेर (22वीं रैंक) 936 करोड़...हमारा बजट 1000 करोड़ पर पीछे रहे

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजधानी स्मार्ट सिटी की दौड़ में दूसरे शहरों से तो काफी पीछे है ही, खुद प्रदेश के ही कोटा, अजमेर और उदयपुर से भी मात खा रही है। इससे अलग अफसर ये कहकर पीठ थपथपा रहे हैं कि हम प्रोग्रेस कर रहे हैं। फरवरी में रैंकिंग 37 पायदान पर थी तो मई में 36वीं और अब जुलाई में 28वें पर आ गई है। 200 करोड़ से ज्यादा के काम टेंडर प्रोसेस में हैं। प्रक्रिया पूरी होते ही तेजी से रैंकिंग बढ़ेगी। इससे अलग अब तक की रैंकिंग हालात पर नजर डालें तो गली से बाजार तक के 20 करोड़ से ज्यादा के चार फेज वाले दो मेजर काम ने न केवल हमारी रैंकिंग को बिगाड़ा है, बल्कि शहरवासियों की रैंकिंग में भी चुभते आ रहे हैं। इनमें स्मार्ट सिटी ने आते ही गंदी गलियों को संवारने के लिए 6 करोड़ की लागत से सीवरेज, ड्रेनेज, नाली, सफाई के काम हाथ में लिए थे, ये काम 2 करोड़ फूंककर बंद कर दिए गए। इसी तरह सभी प्रमुख बाजारों के फसाड़ को फिर से उनके हेरिटेज स्वरूप में लाना था। 14.5 करोड़ में 7 करोड़ खर्च कर ये काम भी बंद किए। अब दुबारा नए सिरे से ये कार्यो हो रहे हैं। लेकिन अभी भी हेरिटेज एक्सपर्ट की कमी और काम में ढिलाई पीछा नहीं छोड़ रही। हमारी शान बनी छतें गिर रही हैं, बरामदे दरक रहे हैं तो हेरिटेज पर बने दाग हटाए नहीं जा रहे।

#### जो काम पूरे, उनमें भी कुछ अधूरे-कुछ विवादित

» 15.51 करोड़ चौगान पार्किंग
» 34 करोड़ जेवीवीएनएल के जरिए केबलिंग
» 22 करोड़ से गर्वमेंट बिल्डिंगों पर सोलर के काम
» 16 करोड़ डब्ल्यू-टीपी पर नाले को कवर करके कियोस्क आदि।
» 7.50 करोड़ बाजारों में अधूरे काम।
» 2.4 करोड़ स्कूल ऑफ आर्ट।
» 70 लाख साइकिल स्टैंड।
» 22 करोड़ से सॉलिड वेस्ट-सीवर। क्लीनिंग-स्मार्ट टायलेट।
» 50 लाख से निगम को वायरलेस मशीनें।

#### राजधानी में विधायक-मंत्री-सीईओ सब फेल

2015-16 में शुरू हुए स्मार्ट सिटी कार्यों की राजधानी के इस हाल के लिए सरकार के पास कोई बहाना नहीं है। एरिया बेस्ड डवलपमेंट प्रोग्राम में चारदीवारी में ही जो काम होने हैं, वहां सभी विधायक कांग्रेस के हैं। इनकी अपनी-अपनी प्राथमिकताओं के चलते यूडीएच मंत्री बैकफुट पर रहे। स्मार्ट सिटी के सीईओ 8 बार बदले जा चुके हैं। मॉनिटरिंग भी कमजोर रही है।

#### इसी महीने इन कार्यों की नींव लगानी है

» **6 करोड़ के पोल-** शहर के प्रमुख बाजारों में एकरूपता के साथ हेरिटेज पैटर्न पर 700 से ज्यादा विद्युत पोल लगाएंगे। टेंडर लगा रहे हैं जो 28 जुलाई को खुलेगा। अगले महीने तक संभव प्रक्रिया।
» **16 करोड़ 52 लाख-** कंवर नगर स्थित गर्ल्स स्कूल में स्पोर्ट्स फेसिलिटी, बिल्डिंग वर्क आदि के काम होने हैं। टेंडर खुल गया, इसी महीने वर्कऑर्डर देने की तैयारी है।
» **1 करोड़ 60 लाख-** एसएमएस से संबंध नर्सिंग कॉलेज में बिल्डिंग के काम होने हैं। एजेंसी पीडब्लूडी है। इस काम के टेंडर भी खुल गए। मामला फर्म के साथ एवेल्युएशन का चल रहा है। इसी महीने प्रक्रिया पूरी।
» **90 लाख का टेंडर 28 को-** गणगौरी अस्पताल के साथ यहां बाजार स्थित डिस्पेंसरी में बिल्डिंग रिपेयर, कमरे, पार्किंग, बेड बढ़ाने के काम होने हैं। यह टेंडर भी 28 जुलाई को खुलेगा। इससे मरीजों को राहत मिल सकेगी।
» **80 लाख का टेंडर 28 को** -नगर निगम में फेस रिकॅग्नीशन टाइम एंड अटेंडेंस सिस्टम के लिए खर्च होने हैं। इस टेंडर की डेट भी 28 जुलाई है।
» **125 करोड़-** एसएमएस के एक्सटेंशन के लिए आई-पीडी टावर बनने की घोषणा है। इसमें सभी ज्यादा पैसा स्मार्ट सिटी का ही है। वर्किंग एजेंसी जेडीए है। एएंडएफ संक्शन के बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू।

#### दुबारा टेंडर के बाद भी काम पहले जैसे

2.79 करोड़ त्रिपोलिया बाजार में, 2.39 करोड़ रामगंज बाजार में, 2.35 करोड़ चांदपोल बाजार में, 1.43 करोड़ घाटगेट, 1.26 करोड़ जौहरी बाजार, 1.21 करोड़ संजय बाजार, 1.16 करोड़ किशनपोल बाजार, 88 लाख गणगौरी बाजार, 63 लाख बापू बाजार, 60 लाख नेहरू बाजार।

*(8 काम 1 एजेंसी के पास तो घाटगेट-रामगंज दूसरी एजेंसी के पास)*

**राजधानी** में कई स्टैक होल्डर हैं, इसलिए काम में थोड़ा समय लगता है। फिर भी हम 36 से 28 पर आ गए। जल्द ही अब हमारे बड़े कार्यों में गणगौरी और एसएमएस के काम होते ही रैंकिंग तेजी से ऊपर आएगी।

**-अवधेश मीना,** सीईओ, स्मार्ट सिटी

**ज्यादातर** कार्यों के टेंडर इसी महीने पूरे होंगे। जहां तक बाजारों के काम हैं तो उनकी पूरी मॉनिटरिंग कर रहे हैं, जल्द ही स्वरूप दिखेगा।

**-दिनेश गोयल,** एसई, स्मार्ट सिटी

## जन्माष्टमी पर नहीं होंगे गोविंददेव जी के दर्शन



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**लगातार दूसरे साल जयपुर में मंदिर परिसर भक्तों के लिए रहेगा बंद; मंदिर ट्रस्ट ने कोरोना के खतरे को देखते हुए 31 अगस्त तक प्रवेश पर लगाई रोक**

**जयपुर।** कोरोना का साया इस बार भी तीज-त्यौहारों पर रहेगा। पिछले साल की तरह इस बार भी जन्माष्टमी पर भक्तों को कान्हा के दर्शन नहीं होंगे। ठिकाना गोविंददेव जी ट्रस्ट जयपुर ने गोविंददेव जी मंदिर में 31 अगस्त तक भक्तों के प्रवेश पर रोक लगाने का निर्णय किया है। ऐसे में 30 अगस्त को आयोजित होने वाले जन्माष्टमी उत्सव और 31 अगस्त को नन्दोत्सव कार्यक्रम भी केवल मंदिर परिसर में पुजारियों की मौजूदगी में ही मनाया जाएगा। जानकारी के मुताबिक साल 2020 में भी कोरोना के कारण मंदिर परिसर में भक्तों का प्रवेश बंद था। तब मंदिर में पुजारियों ने ही सभी परम्परा को निभाते हुए कान्हा के जन्मोत्सव को मनाया था। इस बार भी कुछ ऐसा ही होगा। मंदिर परिसर को रंगीन रोशनी से सजाया जाएगा और पूरे मंदिर परिसर में फूलों की सजावट होगी।

#### ऑनलाइन कर सकेंगे दर्शन, मंदिर के बाहर लगेगी बड़ी स्क्रीन

**जानकारों** के मुताबिक इस बार भी भक्तों को जन्माष्टमी पर केवल ऑनलाइन ही दर्शन करने को मिलेंगे। इसके लिए मंदिर परिसर के मुख्य द्वार पर एक बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी, जिस पर हर प्रोग्राम का लाइव प्रसारण किया जाएगा। इसके अलावा मंदिर के ऑफिशियल वेबसाइट पर भी लाइव दर्शन करवाए जाएंगे। गोविंददेव जी की मान्यता इस कदर है कि जन्माष्टमी ही नहीं सामान्य दिनों में भी मंदिर परिसर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु हर रोज आते है। जन्माष्टमी पर तो स्थिति यह रहती है कि मंदिर परिसर के बाहर आधा किलोमीटर दूरी तक भक्तों की लम्बी कतारें लगती है। ऊंचाई से देखे तो पूरे मंदिर परिसर में केवल सिर ही सिर नजर आते है।

## मुनेश गुर्जर बनी जयपुर स्मार्ट सिटी कंपनी का वाइस चैयरमेन

**कोटा स्मार्ट सिटी कंपनी में नगर निगम उत्तर महापौर मंजू मेहरा को जिम्मा**

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्य सरकार ने जयपुर हैरिटेज नगर निगम महापौर को जयपुर स्मार्ट सिटी कंपनी में वाइस चैयरमेन बनाया है। हैरिटेज नगर निगम में अभी महापौर मुनेश गुर्जर है जो कांग्रेस पार्टी से है। सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी किए। सरकार का तर्क है कि स्मार्ट सिटी का अधिकतर हिस्सा इसी नगर निगम सीमा में है। इसी कारण हैरिटेज नगर निगम को प्राथमिकता दी गई है। हैरिटेज नगर निगम के आयुक्त के पास ही स्मार्ट सिटी का कार्यभार भी है। गौरतलब है कि महापौर मुनेश गुर्जर कांग्रेस पार्टी से जीतकर आई है। विधायक प्रताप सिंह खाचरियावास के विधानसभा क्षेत्र से हैं और उन्हीं की तरजीह पर वे महापौर के लिए चुनी गईं। इसी तरह कोटा उत्तर नगर निगम महापौर मंजू मेहरा को कोटा स्मार्ट सिटी कंपनी का वाइस चैयरमेन बनाया गया है। यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल कोटा उत्तर से विधायक हैं। कोटा स्मार्ट सिटी का ज्यादातर काम इसी क्षेत्र होने के कारण महापौर को यह पद दिया गया है।

ANCHOR | सेंटरों पर रोज हो रहे विवादों पर कलेक्टर सख्त

# जनप्रतिनिधियों के शिविरों के लिए टीका नहीं मिलेगा, सिर्फ वार्ड डिस्पेंसरियों में ही वैक्सीनेशन हो सकेगा

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** शिविरों में वैक्सीन देने और सरकारी डिस्पेंसरियों में टीकाकरण कम होने से हर दिन हो रहे हंगामे और तालाबंदी की शिकायतों के बाद जिला प्रशासन ने शिविरों को वैक्सीन देने पर रोक लगाने के आदेश जारी कर दिए। यह आदेश कलेक्टर अंतर सिंह नेहरा ने जारी किया। आदेश के अनुसार, जब तक शहर में पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन नहीं आने लगती है, तब तक शिविरों को टीके नहीं दिए जाएंगे। इसके अलावा अब सिर्फ शहर की वार्ड डिस्पेंसरियों में ही टीके लगाए जाएंगे। कलेक्टर ने दोनों सीएमएचओ को वैक्सीनेशन को लेकर नए दिशा-निर्देश दिए हैं ताकि, आमजन को उनके अपने क्षेत्र के अनुसार, आसानी से टीका उपलब्ध हो सके। इससे पहले भी वैक्सीनेशन की शुरूआत के दो माह में वार्ड में जन प्रतिनिधियों के वैक्सीनेशन शिविरों में झगड़ा होने की सूचनाएं मिली थीं। इसके बाद कलेक्टर नेहरा को सामुदायिक भवनों एवं डिस्पेंसरियों में ही वैक्सीनेशन शिविर लगाने के निर्देश जारी करने पड़े थे। शिविरों को लेकर ऐसी भी शिकायतें मिली हैं कि जिस पार्टी के प्रतिनिधि ने शिविर आयोजित किया है टीकाकरण में उसी पार्टी के लोगों को तव्वजो दी जा रही है।

#### 18+ के 58.45% लोगों को लगे टीके

**जिले** में 18 से अधिक उम्र के 30 लाख 35 हजार लोगों को वैक्सीन लग चुकी है। ऐसे में जिले में 18 से अधिक उम्र के 58.45 प्रतिशत लोगों को पहला टीका लग चुका। इनमें से 5 लाख 17 हजार 256 लोगों को दूसरी डोज मिली है। प्रशासन के आंकड़ों के अनुसार, जिले की 76 लाख जनसंख्या मानी जाती है। इनमें से 52 लाख लोग 18 वर्ष से अधिक उम्र के हैं।

### वैक्सीनेशन कैंप : वाहवाही लूटने की चाहत में न तो प्रोटोकॉल की पालना हो रही, न ही लोगों को सर्टिफिकेट मिल रहे

**जयपुर @ जागरूक जनता।** वैक्सीन लगाकर वाहवाही लूट रहे प्रतिनिधियों की वजह से न केवल व्यवस्था बिगड़ रही है बल्कि लोग भी परेशान हो गए हैं। जिन लोगों ने शिविरों में वैक्सीन लगवाई, उनमें से अधिकांश का कोई भी रिकॉर्ड सरकारी दस्तावेजों में नहीं चढ़ा और अब उन्हें सर्टिफिकेट नहीं मिल रहा है। जन प्रतिनिधियों में अपने-अपने क्षेत्र में शिविर लगवाने की होड़ मची है। इससे हो यह रहा है कि अस्पतालों में जो वैक्सीन जानी चाहिए, वह इन शिविरों में चली जाती है। इन शिविरों में हर कोई वाहवाही लूटने की तैयारी में रहता है। ऐसे में न तो यहां कोविड प्रोटोकॉल फॉलो होता है और न ही रजिस्ट्रेशन और सर्टिफिकेट जैसी प्रक्रिया होती है। वहीं अस्पतालों में जितनी वैक्सीन जानी चाहिए, वह नहीं पहुंच पाती और लोग हंगामा करते हैं। बीते दिनों विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों द्वारा आयोजित किए वैक्सीनेशन कैम्पों में बदइंतजामी नजर आई। एक शिविर में तो डॉक्टर से हाथापाई होते-होते बची। वहीं अन्य शिविर में लोगों यह कहकर भगा दिया गया कि आपने हमें वोट नहीं दिया। शिविर की शुरूआत 9 बजे होना बताकर लोगों को यह कहकर डोज लगाने से मना कर दिया कि यहां तो टोकन ही 8 बजे खत्म हो गए। कुछ लोग तो इसलिए निराश लौट आए कि हम उस वार्ड के नहीं है, जहां वैक्सीनेशन कैम्प आयोजित हो रहा है।



### ध्यान दिलाया तो सरकार ने बदला शराब बिक्री का समय

# अब सुबह 10 से रात 8 बजे तक खुलेंगी दुकानें

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्य में सुबह 6 से रात 8 बजे तक खुल रही शराब की दुकानों के समय में वित्त विभाग ने मंगलवार को आदेश जारी कर इसमें संशोधन कर दिया है। अब शराब की दुकानें सुबह 10 से रात 8 बजे तक खुलेंगी। यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू हो गया है। असल में त्रि स्तरीय जनसुरक्षा पखवाड़े की गाइडलाइन में बार-बार संशोधन के बीच सरकार ने शराब की दुकानों के समय को लेकर आवश्यक निर्देश जारी नहीं किए थे। पूर्व में सभी आवश्यक दुकानों का समय सुबह 6 से 10 बजे तक का था। उसी समय में शराब की दुकानें भी खोली जा रही थीं। पिछले दिनों कोरोना के केस में आई गिरावट के बाद सरकार ने गाइडलाइन 4.0 जारी कर बाजार का समय रात 8 बजे तक का कर दिया। उसी समय रात्रि कर्फ्यू का समय भी रात 11 से सुबह 5 बजे तक कर दिया था, लेकिन शराब की दुकानों के संदर्भ में अलग से कोई निर्देश नहीं दिए थे।

वित्त विभाग ने पूर्व से ही शराब की दुकानों के संदर्भ में समय निर्धारित किया हुआ है। उसके अनुसार शराब की दुकानें सुबह 10 बजे पहले और रात 8 बजे बाद नहीं खुल सकतीं, लेकिन लॉकडाउन की गाइडलाइन की गफलत में शराब की दुकानों के खुलने का जो समय 10 घंटे का था, वह बढ़कर 14 घंटे का हो गया था। अब फिर से यह 10 घंटे का कर दिया गया है।



#### ध्यान दिलाया तो जागी सरकार



असल में शराबबंदी आंदोलन जस्टिस फ़ॉर छाबड़ाजी संगठन की अध्यक्ष पूनम अंकुर छाबड़ा ने राज्य के चीफ सक्रेटरी निरंजन आर्य से मुलाकात की थी। उन्हें राज्य में शराब की दुकानों के खुलने के समय में हो गई बढ़ोतरी के बारे में बताया था। उन्होंने बताया कि गाइडलाइन में आवश्यक निर्देश नहीं होने से शराब की दुकानों के लाइसेंसधारी सुबह 6 बजे से ही दुकानों के खुलने का समय मानकर चल रहे हैं। ऐसे में सुबह 6 से 10 बजे के बीच वे किसी भी समय दुकानें खोल रहे हैं। सुबह से रात तक 14 घंटे शराब की बिक्री तो राज्य में पहले कभी नहीं हुई, जो अब इस अनलॉक के बीच हो रही है। इसके बाद आर्य ने वित्त विभाग को आदेश कर इसमें संशोधन कराया।

### राष्ट्रीय कृषि विकास योजना की स्क्रीनिंग कमेटी की ली बैठक

# अपेक्षा अनुरूप काम नहीं तो कम होगा बजट-आर्य

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुख्य सचिव निरंजन आर्य ने निर्देश दिए हैं कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत जो विभाग अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर रहे उनका बजट कम किया जाए साथ ही अच्छा प्रदर्शन करने वाले विभागों का बजट बढ़ाए जाने के निर्देश भी उन्होंने दिए। आर्य सोमवार को राष्ट्रीय कृषि विकास योजना की 17वीं राज्य स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी की समीक्षा बैठक ले रहे थे। सचिवालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से योजना से जुड़े विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए उन्होंने वित्त वर्ष 2021-22 के सभी प्रस्तावों को मंजूरी दी और वित्त वर्ष 2020-21 में योजना से जुड़ी वित्तीय प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में कृषि विभाग के आयुक्त डॉ. ओमप्रकाश ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में कुल 318.16 करोड़ रुपए का इस योजना में आवंटन हुआ जिसमें से 281.69 करोड़ रुपए खर्च किए गए इस तरह से कुल आवंटित राशि का 89 प्रतिशत खर्च किया गया। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग द्वारा कुल 23 प्रोजेक्ट मंजूर किए गए जिसमें 91 प्रतिशत आवंटित राशि खर्च की गई। राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर, जोबनेर, कोटा और जोधपुर द्वारा आवंटित राशि का 100 प्रतिशत खर्च किया गया। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए 520.31 करोड़ के 221 प्रस्ताव प्राप्त हुए जिनमें से 212.70 करोड़ के 94 प्रोजेक्ट नए हैं जबकि 307.61 करोड़ के 127 प्रोजेक्ट वो है जो पहले से ही चल रहे हैं। बैठक में कृषि विभाग के प्रमुख शासन सचिव भास्कर सावंत ने बताया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना का लक्ष्य कृषि और समवर्गी क्षेत्रों का समग्र विकास सुनिश्चित करते हुए कृषि और समवर्गी क्षेत्रों में सार्वजनिक निवेश में वृद्धि करने के लिए राज्यों को प्रोत्साहित करना है। योजना में यह सुनिश्चित करना कि राज्यों की कृषि योजनाओं में स्थानीय जरूरतों,फसलों, प्राथमिकताओं को बेहतर रूप से प्रतिबिंबित किया जाए। बैठक में वित्त विभाग के प्रमुख शासन सचिव अखिल अरोरा, जल संसाधन विभाग, राज्य जल संसाधन आयोजना विभाग एवं इन्दिरा गांधी नहर विभाग के प्रमुख शासन सचिव नवीन महाजन पशुपालन मत्स्य एवं गोपालन विभाग की शासन सचिव आरुषि मलिक सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### जोधपुर जिले में विकास कार्यों का शिलान्यास एवं उद्घाटन

# दूसरी लहर में देश की बदनामी हुई, अब लोगों को आगाह कर बचना चाह रहा केंद्र-गहलोत

## केंद्र पर कोरोना के प्रबंधन एवं वैक्सीनेशन की व्यवस्था करने में विफल रहने का लगाया आरोप

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्र पर दूसरी लहर के दौरान कोरोना प्रबंधन और अब वैक्सीनेशन में विफल रहने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि दूसरी लहर में ऑक्सीजन एवं दवाओं के लिए हाहाकार मच गया था। पिछली बार केंद्र सरकार की ओर से जो गलतियां हुई, उससे देश की पूरे विश्व में आलोचना हुई। उन्होंने कहा कि इस कारण मैं महसूस कर रहा हूं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उनके मंत्री और अधिकारी आने वाली तीसरी लहर में बदनामी से बचने के लिए बार-बार जनता को लापरवाही नहीं बरतने के लिए आगाह कर रहे हैं। वे कह रहे हैं कि लोग अपनी लापरवाही से तीसरी वेव को जल्दी बुलाना चाह रहे हैं। वे सभी तीसरी वेव में अपनी बदनामी से बचना चाह रहे हैं। गहलोत ने कहा कि आशंका बन गई है कि तीसरी लहर आकर रहेगी और मैं सही में इसके नुकसान से प्रदेश को बचाने के लिए आगाह कर रहा हूं। गहलोत वीसी में जोधपुर जिले में विकास कार्यों के शिलान्यास एवं उद्घाटन कार्यक्रम में बोल रहे थे।

#### समय पर वैक्सीन के ऑर्डर नहीं दिए

गहलोत ने कहा कि दो-तीन दिन से खबरें आ रही हैं कि अन्य देशों में फैला वेरिएंट भारत से गया है। केन्द्र सरकार क्या कर रहे हैं ये अलग बाद है, लेकिन दुनिया यही कह रही है। वैक्सीन मिल नहीं पा रही है। समय रहते कम्पनियों को ऑर्डर दिए ही नहीं गए। बदनामी हो रही है भारत की।

#### टोकना सीखें और लोगों को टोकें

सीएम ने प्रदेशवासियों से कहा है कि वे टोकना सीखें और लोगों को टोकें। जो बिना मास्क के हों उनसे कहें कि मास्क क्यों नहीं लगाया आपने। सभी को ये काम करना है, जिससे राजस्थान को तीसरी वेव से बचाया जा सकें।

#### मैं आपकी खिंचाई करूंगा

जोधपुर के लिए जो भी योजनाएं बनाई थीं, उनके शिलान्यास और उद्घाटन हो गए हैं। अब अधिकारियों की ड्यूटी है कि मेरे हाथ से शिलान्यास तो करवा दिया, लेकिन येकाम समय पर नहीं हुए तो मैं आपकी खिंचाई करूंगा। सीएमओ से मॉनिटरिंग होगी।

#### प्रदेश स्तर पर प्रकोष्ठ

उन्होंने कहा कि शिलान्यास एवं सभी तरह के विकास कार्यों की जिलेवार मॉनिटरिंग के लिए प्रदेश स्तर पर प्रकोष्ठ बनेगा।

### सांसद बोहरा की गहलोत को चिट्ठी, लिखा

# राजनीति के भेंट चढ़ी द्रव्यवती नदी बन गई नाला, बचाओ

**जयपुर @ जागरूक जनता।** सांसद रामचरण बोहरा ने द्रव्यवती नदी के विकास की धीमी गति पर चिंता जताई है। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर द्रव्यवती नदी के हालात को जनता के साथ छलावा बताया है। उन्होंने लिखा है कि बजट (वर्ष 2019-20) में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को अपग्रेड करके 70 एमएलडी का नया संयत्र लगाने की घोषणा की याद दिलाई। डेढ़ सौ करोड़ लागत का यह काम अब भी अधूरा है। नदी में साफ पानी छोड़ने के लिए जेडीए की ओर से 5 एसटीपी प्लांट लगा रखे हैं तथा नगर निगम द्वारा देहलावास में ट्रीटमेंट प्लांट संचालित है। दोनों जगह सीवरेज का 200 एमएलडी गन्दा पानी आ रहा है और इसमें से 75 एमएलडी गन्दा पानी बिना परिशोधित किए हुए ही नदी में छोड़ा जा रहा है। यह जनता के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है।

#### यह दिलाई याद

**सांसद** बोहरा ने मुख्यमंत्री को याद दिलाया कि पूर्ववर्ती वसुंधरा राजे सरकार में जयपुर के सौंदर्यीकरण एवं जयपुरवासियों को दूषित पानी से मुक्ति दिलाने के लिए करीब 1676 करोड़ की लागत से द्रव्यवती नदी सौंदर्यन प्रोजेक्ट शुरू किया गया। लेकिन यह लिखते हुए अत्यंत कष्ट हो रहा कि दुर्भाग्यवश और राजनीति के चलते यह नदी आज बदबूदार नाले में परिवर्तित हो रही है।


#### प्लाट बिकाऊ

सीकर रोड स्थित अणतपुरा आवासीय योजना के सामने हनुमान नगर में 183 वर्गगज का प्लाट बिकाऊ। वास्तविक खरीददार सम्पर्क करें। मो.- 9829329070


#### आम सूचना

मैं परविन्द्र कौर पत्नी स्व. श्री अमृत पाल सिंह सूचित करना चाहती हूँ कि मेरे पति के नाम से एक वाहन है, जिसकी पंजीकरण RJ14-UJ-0038 को एनओसी मेरे नाम से ट्रासंफर को जा रही है। जिसमें मेरा पुत्र और पुत्री को कोई आपत्ति नहीं है। अगर किसी और अन्य को आपत्ति है तो वो मुझसे मोबाइल नम्बर 7340067670 पर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस में सम्पर्क कर सकता है।

## जागरूक खबरें

### RAS और अधीनस्थ सेवा के 988 पदों पर होगी भर्ती

#### RAS के 76, RPS के 77 पदों पर वैकेंसी, पहली बार ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षण; 27 अगस्त तक ऑनलाइन भरे जाएंगे आवेदन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान में सरकारी नौकरी के लिए तैयारी कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। राजस्थान प्रशासनिक सेवा और अधीनस्थ सेवाओं के 988 पदों पर राजस्थान सरकार ने भर्ती निकाली है। इन पदों पर भर्ती के लिए आवेदन 28 जुलाई से भरे जाएंगे। आखिरी तारीख 27 अगस्त रहेगी। इन सेवा में भर्ती के लिए पहली बार ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण का प्रावधान रखा है। इन 988 पदों में से 82 पद ईडब्ल्यूएस कैटेगिरी के अभ्यर्थियों के लिए रिजर्व रखे गए हैं। राजस्थान लोक सेवा आयोग के सचिव शुभम चौधरी की ओर से जारी आदेश के मुताबिक कुल 988 पदों में 363 पद राज्यसेवा के और 625 पद अधीनस्थ सेवाओं के हैं। राज्य सेवाओं में राजस्थान प्रशासनिक सेवा (RAS) के 76 पद, राजस्थान पुलिस सेवा (RPS) के 77 पद राजस्थान लेखा सेवा (R.Acs) के 32 पद, राजस्थान सहकारी सेवा के 33 पद, राजस्थान नियोजन सेवा के 7 पद, राजस्थान कारागार सेवा के 9 पद, राजस्थान उद्योग सेवा के 4, राजस्थान राज्य बीमा सेवा के 3, राजस्थान वाणिज्यिक सेवा के 38, राजस्थान खाद्य एवं नागरिक परिषद सेवा के 6, राजस्थान पर्यटन सेवा के 4, राजस्थान परिवहन सेवा के साथ 7 सहित अन्य सेवाओं के पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों पर भर्ती के लिए 28 जुलाई से 27 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन भरे जाएंगे। इसमें सामान्य कैटेगिरी के अभ्यर्थियों से 350, अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) व ईडब्ल्यूएस कैटेगिरी के अभ्यर्थियों से 250, एससी और एसटी के अभ्यर्थियों से 150 रुपए आवेदन शुल्क लिया जाएगा।

### रेलवे : स्टेशन मैनेजर पद पर कमल शर्मा नियुक्त, पूनिया जयपुर के नए एओएम

**जयपुर @ जागरूक जनता।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जीएम आनंद प्रकाश ने पिछले दिनों दैनिक भास्कर में प्रकाशित खबर पर संज्ञान लेते हुए जयपुर में खाली पदों पर जल्दी नियुक्ति देने के प्रिंसिपल सीओएम को निर्देश दिए थे। जिसके बाद एक साल से खाली पड़े पदों पर दस दिन में नियुक्ति कर दी गई। करीब एक सप्ताह पहले जहां जयपुर के मंडल वाणिज्यक प्रबंधक के पद पर आईआरटीएस पूजा मित्तल को नियुक्ति दी गई थी। वहीं अब पिछले एक साल से खाली पड़े जयपुर स्टेशन के मैनेजर और जयपुर मंडल के असिस्टेंट ऑपरेटिंग मैनेजर (एओएम/कोचिंग) के पद पर भी नियुक्ति आदेश जारी कर दिए गए हैं। ट्रैफिक सर्विस के जूनियर स्केल ऑफिसर कमल शर्मा को जयपुर का नया स्टेशन मैनेजर बनाया गया है। शर्मा अभी असिस्टेंट कॉमर्शियल मैनेजर (एसीएम) के पद पर कार्यरत हैं। वहीं अजमेर के एसीएम-2 पद पर कार्यरत इंडियन रेलवे ट्रैफिक सर्विस के जूनियर स्केल ऑफिसर राजेश पूनिया को जयपुर मंडल का नया एओएम (कोचिंग) बनाया गया है।

### 22 जिलों की 48 ग्राम पंचायत के सरपंच के उप चुनाव के लिए 130 उम्मीदवार मैदान में

**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रदेश के 22 जिलों की 48 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए कुल 130 उम्मीदवार मैदान में रह गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं सचिव चित्रा गुप्ता ने बताया कि कुल 48 ग्राम पंचायतों में से 8 ग्राम पंचायतों में कोई नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया, जबकि 6 ग्राम पंचायतों के लिए उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए। इस तरह शेष 34 ग्राम पंचायतों में 130 उम्मीदवार मैदान में रह गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 22 जिलों की 40 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए कुल 214 उम्मीदवारों ने 215 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। संवीक्षा और नाम वापसी के बाद 130 उम्मीदवार चुनावी मैदान में रह गए हैं। उन्होंने बताया कि सरपंच का चुनाव ईवीएम व पंच का चुनाव मतपेटी के जरिए किया जाएगा।

### जोधपुर जिले में करीब 85 करोड़ के 107 विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास

# बजट घोषणाएं समय पर पूरी हों ये हम सुनिश्चित करेंगे : गहलोत



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक बार फिर जोधपुरवासियों को विकास कार्यों की सौगात दी है। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जोधपुर जिले के विभिन्न नगरों और गांवों में लगभग 85 करोड़ की लागत से 107 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। सार्वजनिक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव राजेश यादव और स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव भवानी सिंह देथा सीएमआर से शिलान्यास-लोकार्पण कार्यक्रम से जुड़े। इस मौके पर वीसी के जरिए जोधपुर जिले के जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए सीएम गहलोत ने कहा कि हमारी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि बजट घोषणाएं निर्धारित समय पर पूरी हों।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बजट घोषणाओं की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें। सीएम ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर कोरोना के विपरीत असर के बावजूद विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी। सीएम ने कहा कि सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य हमारी टॉप प्रायोरिटी है। बीते सालों में हमने इन क्षेत्रों में नए आयाम स्थापित किए हैं। यह खुशी की बात है कि स्मार्ट सिटी मिशन में राजस्थान देश का प्रथम राज्य बना है। उन्होंने इसके लिए प्रदेशवासियों तथा स्मार्ट सिटी मिशन से जुड़े अधिकारियों को बधाई दी।

#### 2 अक्टूबर से प्रशासन गांवों के संग अभियान

सीएम गहलोत ने कहा कि 2 अक्टूबर से प्रशासन गांवों के संग तथा प्रशासन शहरों के संग अभियान शुरू होने जा रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियानों के शिविरों में योजना बनाकर आमजन की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण हो। इनकी प्लानिंग इस तरह से हो कि लोगों को छोटे-छोटे कामों के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़े।

#### सीवरेज सफाई के लिए 176 करोड़ रूपए की घोषणा

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीवरेज की सफाई कार्य के लिए सफाई कर्मियों को मैन हॉल में नहीं उतरना पड़े, इसके लिए हमारी सरकार ने मशीनों से सफाई करने का निर्णय लिया और बजट में इसके लिए जरूरी उपकरण और मशीनें खरीदने के लिए 176 करोड़ रूपए की घोषणा की। सीएम ने कहा कि आज जोधपुर में सीवरेज की सफाई के लिए सुपर सकर मशीन उपलब्ध कराई जा रही है। ऐसी मशीनें अन्य नगरीय निकायों में भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने कहा कि गांधी जयंती से शुरू हो रहे प्रशासन शहरों के संग अभियान में 10 से 12 लाख लोगों को पट्टे जारी करने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान की तैयारियों के सिलसिले में स्वायत्त शासन विभाग और नगरीय निकायों की संभागवार बैठकें आयोजित की जा रही हैं ताकि लोगों की समस्याओं को पहले ही चिन्हित कर शिविरों में उनका कानूनी एवं तार्किक निराकरण किया जा सके।





JETHI TECH SOLUTIONS

Follow Us: @jethitech

ADDING WINGS TO YOUR BUSINESS

**BULK SMS - Lowest Price**

Buy 1 Lakh SMS @ Rs.12000/-
With FREE Control Panel
@ 12 Paisa Per SMS
LIFETIME VALIDITY

**WEDDING INVITATION**

1 Invitation Video for Whatsapp
10,000 Bulk SMS
1 Social HashTag Creation
1 Whatsapp Direct Chat Link
1 Landing Page
Send Digital Invitations At One Click

**START-UP PACKAGE**

Dynamic Website
+ Domain & Hosting(1 Year)
+ Social Media Profile Creation
+ Social Media Management* (1 Year)
+ 3 WhatsApp Stickers
+ WhatsApp Chat Direct Link
+ Local Business Listing
+ Logo Design

All For Just Rs.35,000/- + GST

**Digial Branding/Marketing**

★ Youtube Marketing ★ Digital Marketing ★ Whatsapp Marketing ★ Bulk SMS Marketing
★ Website Development ★ Android Development ★ Software Development ★ Social Media Management

MSGJET | SCHOOL Management System

**Corporate Branding/Identity**

★ Visiting Cards ★ ID Cards ★ Letterhead ★ Calendars ★ Pen Stand ★ Mugs
★ Pamphlets ★ Banners ★ Envelope ★ Diary ★ Paper Weights ★ T-Shirts
★ Bill Book ★ Brochure ★ Signages ★ Bags ★ Pen ★ Many More...

**Financial Services:** Business Loan, Home Loan, CC Limit, Mortgage Loan

WE ARE Google Partner | AdWords | Analytics | Facebook Marketing Partner | Accredited Professional Bing ads

DIGITAL MARKETING | CORPORATE BRANDING | PRINT MEDIA
WEBSITE DESIGN/DEVELOPMENT | SOFTWARE DEVELOPMENT
ANDROID/iOS APPS | BULK SMS | CRM/ERP SOFTWARE

**INIDIA:** 1C, Rajputana Marg, Kalyanpuri, Jhotwara, Jaipur-12
**USA:** 11923 NE Summer St. Portland, Oregon, 97220, USA
+91-7976625313, +1(503) 8788224 || www.jethitech.com || sales@jethitech.com


ANCHOR | विद्युत भवन में निकला समस्या का समाधान

# नेशनल हाइवे के विद्युत कार्य अब पकड़ेंगे रफ्तार

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रमुख ऊर्जा सचिव एवं राज्य विद्युत प्रसारण निगम के अध्यक्ष व निदेशक दिनेश कुमार ने प्रसारण निगम के अधिकारियों को नेशनल हाइवे के विद्युत संबंधित कार्यों को तेजी से पूरा करने के आदेश दिए हैं। साथ ही एनएचएआई अधिकारियों को भी उनके स्तर पर निर्धारित काम को प्राथमिकता के आधार पर करने के लिए कहा है। विद्युत भवन में सोमवार को आयोजित बैठक मे नेशनल हाइवे के विद्युतीकरण से सम्बन्धित ईएचवी लाइनों की ऊचांई बढ़ाने और शिफ्टिंग से जुड़े काम की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान एनएचएआई के अधिकारी भी शामिल हुए।

इस बीच तय किया गया कि काम को गति देने के लिए निदेशक (तकनीकी), प्रसारण निगम तथा मुख्य अभियंता विद्युत (एन.एच) एवं अन्य संबंधित अधिकारियों की गठित टीम द्विमासिक समीक्षा करेगी। बैठक में एनएचएआई के मुख्य प्रबन्धक एम.के. जैन तथा मुख्य अभियंता (एनएच) डी.आर. मेघवा, प्रसारण निगम के जोनल मुख्य अभियंता तथा नेशनल हाइवे के कार्यों को संपादित करने वाले अधीक्षण अभियंता (टीएण्डसी) भी शामिल हुए। गौरतलब है कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की ओर से दिल्ली - बड़ोदरा मुम्बई एक्सप्रेस-वे, छह लेन के सांगरिया-संतालपुर ग्रीनफील्ड कॉरिडोर तथा भारतमाला परियोजना के कार्य चल रहे हैं।

# बिना मीटर जलती रही 654 स्ट्रीट लाइट, अब लगेंगे स्मार्ट मीटर

### वर्षों का विवाद सुलझाने बैठा उर्जा विभाग, डिस्कॉम, स्वायत्त शासन विभाग व नगर निगम



**जयपुर @ जागरूक जनता।** जयपुर शहर में 654 स्ट्रीट लाइट बिना मीटर के ही जलती रही। अब ऐसे स्ट्रीट लाइट पर विद्युत मीटर लगाए जाएंगे। साथ ही जयपुर नगर निगम डिस्कॉम का बकाया भुगतान भी करेगा। वर्षों से उलझे इस मामले को सुलझाने के लिए सोमवार को विद्युत भवन में ऊर्जा सचिव दिनेश कुमार की अध्यक्षता में स्वायत्त शासन विभाग और जयपुर डिस्कॉम के अफसरों की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में तय किया गया बिना मीटर वाली स्ट्रीट लाइट पाइंट को मीटर में परिवर्तित करने के लिए नगर निगम और जयपुर डिस्कॉम संयुक्त सर्वेक्षण कर फेजवायर डालने का काम करेगा। पहले चरण में भांकरोटा, पुराना घाट, आमेर, सांगानेर, प्रतापनगर, जगतपुरा व झोटवाड़ा उपखण्डों पर स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। यह काम 19 अगस्त तक होगा। इसके लिए नगर निगम की ओर से मांग पत्र राशि 50 प्रतिशत भुगतान अग्रिम रूप से किया जाएगा। वहीं, स्ट्रीट लाइट के बिलों की विवादित राशि के मिलान के लिए निर्धारित समय सीमा में संयुक्त स्तर पर सत्यापन किया जाएगा। इस दौरान बकाया 121 करोड़ रुपए के भुगतान पर चर्चा हुइ। बैठक में स्वायत्त शासन विभाग के सचिव भवानी सिंह देथा, नगर निगम ग्रेटर आयुक्त यज्ञमित्र सिंह देव, जयपुर डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशक नवीन अरोड़ा, संयुक्त शासन सचिव, ऊर्जा अनुपमा जोरवाल सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए।

**सीख की बात**

**बहुत से लोग सोचते हैं व बोलते भी बहुत ह, किन्तु जब करने का समय आता है तो पीछे हट जाते हैं।**

- अज्ञात

# मीडिया पर हमला

**अफगानिस्तान** में भारतीय फोटो पत्रकार की हत्या जितनी दुखद है, उतनी ही चिंताजनक भी। दानिश सिद्दीकी की हत्या ने अफगानिस्तान में पूरे मीडिया को गंभीर चिंता में डाल दिया है। गोलीबारी या मुठभेड़ की स्थिति में आम तौर पर किसी पत्रकार को निशाना नहीं बनाया जाता है, पर तालिबान ने जो दुस्साहस किया है, दरअसल वह प्रेस या मीडिया पर हमला है। निर्मम और बर्बर नियम-कायदे वाले तालिबान प्रेस को कतई महत्व नहीं देते हैं, वे अपनी राह में आने वाले हरेक शख्स को पागलपन के साथ रास्ते से हटाते हैं। कंधार में तालिबान ने भारतीय फोटो पत्रकार दानिश सिद्दीकी की उस वक्त हत्या कर दी, जब वह अफगान सुरक्षा बलों के साथ वहां के हालात की रिपोर्टिंग कर रहे थे। समाचार एजेंसी रॉयटर्स से जुड़े दानिश पुलित्जर पुरस्कार विजेता थे। गौरतलब है कि 13 जुलाई को भी उन पर हमला हुआ था और वह बाल-बाल बचे थे। हवाई हमले में बचने के बाद दानिश ने खुद ट्वीट करके हमले की जानकारी दी थी और कहा था कि वह भाग्यशाली रहे, बच गए। लेकिन दूसरी बार हुए हमले में वह भाग्यशाली साबित नहीं हुए और उनकी हत्या की खबर से दुनिया स्तब्ध रह गई। दानिश ने विगत दिनों एक फौजी की कहानी बयान की थी कि कैसे एक जवान अपने साथियों से अलग हो गया था और तालिबान से घंटों तक अकेले ही लड़ा। शायद ऐसी साहसिक रिपोर्टिंग की वजह से ही दानिश तालिबान के निशाने पर आ गए थे। तालिबान को कतई यह पसंद नहीं है कि कोई निष्पक्ष रिपोर्टिंग करे। तालिबान सच को दबाने की जघन्य आपराधिक साजिश के तहत ही पत्रकारों को निशाना बना रहा है। गौरतलब है कि इस वर्ष अभी तक अफगानिस्तान में छह पत्रकारों की हत्या हो चुकी है, जिनमें चार तो महिला पत्रकार हैं। पिछले पूरे साल में छह पत्रकार रिपोर्टिंग करते हुए वहां शहीद हुए थे। आशंका है, इस साल पत्रकारों को अफगानिस्तान में बहुत सावधानी के साथ अपना काम करना होगा। साल 2018 में इस संकटग्रस्त देश में 16 पत्रकारों को जान गंवानी पड़ी थी। आखिर पत्रकारों से क्या दुश्मनी है? पत्रकार किसी भी समाज को बेहतर और पारदर्शी बनाने में अपनी भूमिका निभाते हैं, लेकिन दुनिया में ऐसा क्यों होता है कि पत्रकारों को नापसंद किया जाता है? खासकर संकटग्रस्त इलाकों में तो पत्रकारों को विशेष रूप से सुरक्षा देने की जरूरत है। कंधार ही नहीं, पूरा अफगानिस्तान लड़ाई का अड्डा बनता जा रहा है। मजबूर होकर भारत ने 10 जुलाई को कंधार में वाणिज्य दूतावास से लगभग 50 राजनयिकों, सहायक कर्मचारियों और सुरक्षाकर्मियों को भारतीय वायु सेना की मदद से वापस बुलाया है। जाहिर है, इस तरह से अपने लोगों का बचाव करना सही है, लेकिन तालिबान अब जो कर रहा है, उस बारे में पूरे विश्व को ज्यादा कड़ाई से संज्ञान लेना चाहिए। जो देश तालिबान के पीछे प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से खड़े हैं, उन्हें भी सभ्यता और मानवीयता के आईने में अपनी छवि देख लेनी चाहिए। जो देश हिंसा या हत्या में भेद करते हैं, जो देश पत्रकारों की राष्ट्रीयता के आधार पर संवदेना का इजहार करते हैं, वे वास्तव में ऐसी हिंसा व हत्या को बढ़ावा ही देते हैं। दानिश सिद्दीकी की हत्या अफगानिस्तान और दुनिया के लिए एक निर्णायक बिंदु होनी चाहिए और अब समय आ गया है कि मानवता के दुश्मनों को पहचानकर ठिकाने लगाया जाए।

## सम्पादकीय

# समाप्त हो राजद्रोह कानून

**सुप्रीम** कोर्ट ने संदेश दिया है कि राजद्रोह से जुड़े औपनिवेशिक दौर के कानून का आज कोई औचित्य नहीं है। मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना की अगुआई वाली बेंच ने कहा कि इस सरकार ने औपनिवेशिक दौर के बहुत से कानूनों को खत्म किया है, लेकिन पता नहीं राजद्रोह कानून पर इसकी नजर क्यों नहीं पड़ रही है। इस सवाल में सचमुच दम है कि आखिर अंग्रेजों द्वारा लाया गया यह कानून, जिसका इस्तेमाल महात्मा गांधी और लोकमान्य तिलक जैसे महापुरुषों की आवाज दबाने के लिए किया गया, अब तक क्यों बचाए रखा गया है। महात्मा गांधी पर 1922 में राष्ट्रद्रोह का मुकदमा दर्ज हुआ, तब उन्होंने कहा था, 'सेक्शन 124ए के तहत मुझ पर केस दर्ज हुआ है। इंडियन पीनल कोड की जिन राजनीतिक धाराओं का इस्तेमाल नागरिकों की आजादी को दबाने के लिए किया जाता है, उनमें इस धारा को शायद राजकुमार जैसी पदवी मिली हुई है।' 1962 में केदार नाथ बनाम बिहार सरकार में शीर्ष अदालत ने राष्ट्रद्रोह कानून को लेकर बड़ी बात कही थी। उसने स्पष्ट किया था कि सरकार विरोधी बयान के बाद अगर बड़े पैमाने पर कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश नहीं होती है तो इस धारा के इस्तेमाल से बचा जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने बाद में इसकी नजीर भी पेश की। खालिस्तान समर्थक बलवंत सिंह ने भारत से अलग होने के लिए सिखों से हथियार उठाने की अपील की थी, लेकिन उसके बयान के कारण हिंसा नहीं हुई। इसलिए अदालत ने उसे बरी कर दिया। शीर्ष अदालत की इन नजीरों से भी इस कानून के दुरुपयोग में कमी नहीं आई है। आंकड़े बताते हैं कि 2016 से 2019 के बीच राजद्रोह कानून के तहत चलाए जाने वाले मुकदमों की संख्या में 160 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। यही नहीं इस दौरान दोषी पाए जाने वाले मामलों का अनुपात भी 33.3 फीसदी से घटकर 3.3 फीसदी पर पहुंच गया। यानी इन मुकदमों में सजा बहुत कम लोगों को हो रही है। इसके अलावा कुछ और कानूनों का भी दुरुपयोग हो रहा है। नैशनल सिक्यॉरिटी एक्ट यानी एनएसए और अनलॉफुल एक्टिविटीज (प्रिवेंशन) एक्ट यानी यूएपीए जैसे कानूनों पर भी सवाल उठे हैं। इनके तहत गिरफ्तार किए गए कई लोग वर्षों सुनवाई का इंतजार करते रह जाते हैं। कानून की कड़ी धाराएं जमानत मिलना मुश्किल बना देती हैं। लिहाजा आरोपों की सचाई सामने आने से पहले ही उन्हें लंबी अवधि तक तरह-तरह के कष्ट झेलने पड़ते हैं। ऐसे मामलों में बरसों बाद अभियुक्त के बाइज्जत बरी हो जाने के बावजूद यह सवाल नहीं पूछा जाता कि आखिर सबूत न होने पर भी ऐसी धाराएं क्यों लगा दी गईं? आतंकवाद जैसी समस्याओं के मद्देनजर इन कड़े कानूनों की जरूरत भी है, लेकिन इनका दुरुपयोग रोकना भी उतना ही जरूरी है।

**बड़े अपराधियों और आतंकवादियों की जासूसी के लिए बनाए गए सॉफ्टवेयर 'पेगासस' के जरिये सरकार ने अपने लोगों की जासूसी की। इस आरोप में कितनी सच्चाई है, यह तो जांच का विषय है, लेकिन हकीकत यह है कि चाहे कोई भी पार्टी सत्ता में हो, नियंत्रण रखने की चाह सबकी होती है।**

# सरकारी शह पर मीडिया की जासूसी



**श्याम माथुर**
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

> **हमेशा की तरह इस बार भी सरकार ने सॉफ्टवेयर के जरिए लोगों के फोन हैक करने के दावों को गलत बताया है। एक बयान में सरकार ने कहा है कि वह अभिव्यक्ति की स्वतंत्र आजादी के लिए प्रतिबद्ध है। यह प्रतिबद्धता किस हद तक निभाई जाती है, यह आप और हम सभी जानते हैं।**

**अनेक** पुराने और अनुपयोगी कानूनों को समाप्त करने के बावजूद आज भी हमारे देश में ऐसे कई कानून हैं जो सरकारों को नागरिकों की निजी बातचीत की जासूसी करने का पूरा अधिकार देते हैं। दरअसल लोगों की जासूसी करने के लिए एक अपारदर्शी सर्विलांस तंत्र की स्थापना की जाती है जिसका पूरा नियंत्रण सरकार के मुखिया के पास होता है और इस प्रक्रिया की स्वतंत्र निगरानी के लिए कोई प्रावधान नहीं होते। चाहे कोई भी पार्टी सत्ता में हो, नियंत्रण रखने की चाह सबकी होती है। इसी सिलसिले में एक बार फिर यह बात सामने आई है कि इस्रायली जासूसी तकनीक के जरिए सरकार ने देश के अनेक प्रभावशाली लोगों की जासूसी की है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुई एक जांच में दावा किया गया है कि सरकार ने अपने लोगों की जासूसी की। इनमें भारत के कई बड़े नाम शामिल हैं। भारतीय समाचार वेबसाइट द वायर ने खबर दी है कि इस्रायल की निगरानी रखने वाली तकनीक के जरिए भारत के तीन सौ से भी ज्यादा लोगों के मोबाइल नंबरों की जासूसी की गई, जिनमें देश के मंत्रियों और विपक्ष के नेताओं से लेकर पत्रकार, जाने-माने वकील, उद्योगपति, सरकारी अधिकारी, वैज्ञानिक, मानवाधिकार कार्यकर्ता आदि शामिल हैं।

लीक डेटाबेस पेरिस आधारित गैर-लाभकारी मीडिया संस्था फॉरबिडेन स्टोरीज और एमनेस्टी इंटरनेशनल द्वारा हासिल किया गया और इसे द वायर, ल मोंद, द गार्जियन, वाशिंगटन पोस्ट, सुडडोईच जाईटुंग और दस अन्य मेक्सिन, अरबी और लेबनानी न्यूज संगठनों के साथ 'पेगासस प्रोजेक्ट' नाम के एक साझा तहकीकात के हिस्से के तौर पर साझा किया गया। सूची में पहचान किए गए नंबरों का अधिकांश हिस्सा भौगोलिक तौर पर 10 देशों के समूहों- भारत, अजरबैजान, बहरीन, कजाकिस्तान, मेक्सिको, मोरक्को, रवांडा, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में केंद्रित था। इस्राइल की कंपनी एनएसओ ग्रुप पेगासस सॉफ्टवेयर बेचता है। कंपनी का कहना है कि उसके ग्राहकों में सिर्फ सरकारें शामिल हैं, जिनकी संख्या 36 मानी जाती है। 'पेगासस प्रोजेक्ट' के तहत 15 से ज्यादा संस्थानों के पत्रकारों ने मिलकर यह खुफिया जांच की। यह जांच फ्रांस की एक गैर सरकारी संस्था 'फॉरबिडन स्टोरीज' और एमनेस्टी इंटरनेशनल को मिले एक डेटा के आधार पर हुई है। इस बारे में 'फॉरबिडन स्टोरीज' का कहना है कि उसे जो डेटा मिला था, उसमें एनएसओ ग्रुप के ग्राहकों द्वारा चुने गए फोन नंबर शामिल थे। द वायर की रिपोर्ट के मुताबिक में इस सूची में भारत के 40 पत्रकार, तीन बड़े विपक्षी नेता, एक संवैधानिक विशेषज्ञ, नरेंद्र मोदी सरकार के दो मंत्री, सुरक्षा संस्थानों के मौजूदा और पूर्व प्रमुख और कई उद्योगपति शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अधिकतर फोन नंबरों को 2018 से 2019 के बीच निशाना बनाया गया था। 2019 में भारत में आम चुनाव हुए थे और नरेंद्र मोदी दोबारा चुनाव जीतकर प्रधानमंत्री बने थे।






यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो में आधारित डिजिटल सर्विलांस शोध संगठन सिटिजन लैब, जिसने 2019 में एनएसओ ग्रुप के खिलाफ वॉट्सऐप के कानूनी मुकदमे की जमीन तैयार की थी, के विशेषज्ञों का कहना है कि इन सभी देशों में 2018 में पेगासस के सक्रिय ऑपरेटर्स थे। एमनेस्टी इंटरनेशनल के तकनीकी लैब के साथ मिलकर काम करते हुए, फॉरबिडेन स्टोरीज द्वारा समन्वित 60 से ज्यादा पत्रकारों की एक टीम ने इन नंबरों वाले लोगों की पहचान और पुष्टि करने की कोशिश की। इसके बाद उनके द्वारा इस्तेमाल में लाए जा रहे फोन की फॉरेंसिक जांच करने का प्रयास किया। यह जांच डेटा में बताई गई समयावधि यानी 2017 के मध्य से जुलाई 2019 तक की अवधि के लिए की गई। 'पेगासस प्रोजेक्ट' का हिस्सा रहे अमेरिकी अखबार वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक 50 हजार नंबरों की एक सूची है जिसके लिए 37 स्मार्टफोन्स को निशाना बना गया। अखबार लिखता है कि ये नंबर उन देशों में से हैं, जो अपने नागरिकों की जासूसी करने के लिए जाने जाते हैं और एनएसओ ग्रुप के ग्राहक भी हैं। पूरी सूची में जो नंबर शामिल हैं उनमें से 50 देशों के एक हजार से ज्यादा लोगों की पहचान संभव हो पाई है। इन लोगों में अरब के शाही परिवार के कई सदस्य, कम से कम 65 उद्योगपति, 85 मानवाधिकार कार्यकर्ता, 189 पत्रकार और 600 से ज्यादा नेता और सरकारी अधिकारी शामिल हैं। एनएसओ ग्रुप का कहना है कि लोगों के फोन की जासूसी उसके पेगासस स्पाइवेयर लाइसेंस की शर्तों के प्रतिकूल है क्योंकि उसका सॉफ्टवेयर सिर्फ बड़े अपराधियों और आतंकवादियों की जासूसी के लिए है। इससे पहले नवंबर, 2019 में भी व्हाट्सऐप की ओर से हमारे देश के 24 नागरिकों की जासूसी किए जाने का मामला सामने आया था। यह पूरा मामला तब उजागर हुआ जब व्हाट्सऐप की ओर से अमेरिका में दायर किए गए एक मुकदमे के विवरण सामने आए। व्हाट्सऐप के मालिक फेसबुक ने ये मुकदमा एक इसरायली कंपनी एनएसओ के खिलाफ दायर किया था। फेसबुक का दावा है कि इस कंपनी ने अपने एक जासूसी सॉफ्टवेयर को दुनिया भर में कम से कम 1400 लोगों के मोबाइल फोन में व्हाट्सऐप के जरिये अवैध तरीके से डाला है जिसकी वजह से वे जासूसी का शिकार हो गए।

बताया जा रहा है कि पेगासस नाम का यह सॉफ्टवेयर काफी उन्नत किस्म का है। इसे फोन में प्रवेश करने के लिए किसी लिंक पर क्लिक करने की भी आवश्यकता नहीं होती और ये मिस्ड वीडियो कॉल से भी फोन में घुस सकता है। फोन के अंदर घुस जाने के बाद यह फोन कॉल, एसएमएस, व्हाट्सऐप संदेश, ईमेल, ब्राउजर हिस्ट्री, पासवर्ड जैसी हर जानकारी चुरा सकता है। एन्क्रिप्टेड संदेश भी इससे बचे नहीं रहते और यह फोन के कैमरे और माइक को भी चला कर आस पास हो रही गतिविधियां रिकॉर्ड कर सकता है। इसके बाद सॉफ्टवेयर सारी जानकारी वाईफाई या मोबाइल इंटरनेट के जरिये फोन से बाहर भेज सकता है। यह फोन के अंदर अदृश्य रहता है, फोन को धीमा भी नहीं करता, जिससे कोई शक नहीं होता और इसमें खुद को नष्ट करने का विकल्प भी होता है।

## कविता

### सृजन



जागरूक जनता
jagrukjanta.in
**कविता**
**मनीषा भट्ट झा**

हे कुम्हार ! तुम तो सर्जक हो निर्माता
हो गीली मिट्टी के
जैसा चाहो गढ़ लेते हो अपना सुंदर सा
संसार !!
कुछ मेरे लिए भी गढ दो जैसा मैं कहती
हूँ ।
एक ऐसी दुनिया जहाँ हों मौन सी हवाएं
शालीन सी किरणें हों जो तन को ना
तपाएं !!!
रच दो ना ! मेरी एक स्वर्णिम स्वप्नसृष्टि
क्यूँ अपनी दुनिया को मनचाहा आकार
नहीं दे पाती हूँ मैं
क्यूँ मैं तुम्हारी तरह पुनर्निर्माण नहीं कर
पाती हूँ मैं
क्यूँ कुपात्र को सुपात्र नहीं बना पाती हूं
मैं
सर्वस्व समर्पित करके भी तुम्हारे चाक
सी !
बेबस सी बस अपनी ही जगह घूमती ही
रहती हूँ मैं !!
एक डांडी पर ही निर्भर तेरे चाक के
जीवन सा !
मेरा भी संसार किसी और की गति से
गतिमान है !!
तुम भी सर्जक मैं भी तो हूँ सर्जक इस
सृष्टि की !
हमारी सृजनात्मकता से तो स्पंदन है इस
सृष्टि की !!
सादर साभार स्त्रीत्व को !!

## ओपिनियन

# छोटे दुकानदारों की बड़ी चिंता



**आलोक जोशी**
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

**ऑनलाइन** रिटेल या ई-कॉमर्स कारोबार में हंगामा मचा हुआ है। अमेजॉन और फ्लिपकार्ट से लेकर जियो मार्ट और बिग बास्केट तक, सभी परेशान लग रहे हैं। इन सबके बीच खलबली की वजह है, उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की तरफ से जारी ई-कॉमर्स गाइडलाइंस का नया ड्राफ्ट। इसमें इन कंपनियों पर कई तरह की पाबंदियां साफ दिख रही हैं। सरकार की नजर से देखें, तो ये उपभोक्ता के अधिकारों को बढ़ाने वाले नियम हैं, जबकि कंपनियों की नजर से नई नियमावली उनके लिए काम करना ही मुश्किल कर देगी।

हालांकि, कंपनियां इस मामले पर खुलकर कोई बयान देने से कतरा रही हैं, लेकिन वे सरकार के साथ बातचीत में लगातार दबाव बना रही हैं। सरकार ने सभी पक्षों को इस ड्राफ्ट पर अपने सुझाव देने के लिए 6 जुलाई तक का समय दिया था, लेकिन अब इसे दो हफ्ते बढ़ाकर 21 जुलाई कर दिया गया है। अमेजॉन, फ्लिपकार्ट, टाटा समूह, पेटीएम और स्नैपडील जैसी कई बड़ी कंपनियों ने मांग की थी कि सुझाव देने के लिए उन्हें एक महीने का या कम से कम 20 दिन का समय और दिया जाए। ऐसी ही मांग अनेक उद्योग संगठनों की तरफ से भी आई थी। अमेजॉन और फ्लिपकार्ट के सामने एक दूसरा मोर्चा भी खुला हुआ है। भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग ने पिछले साल इन दोनों कंपनियों के खिलाफ जांच शुरू की कि क्या ये अपने प्लेटफॉर्म पर कुछ गिने-चुने व्यापारियों को तरजीह देती हैं, उनके साथ मिलकर गलाकाट दामों की होड़ को बढ़ावा देती हैं और क्या ये फोन कंपनियों के साथ मिलीभगत करके भारी छूट वाली सेल लगाती हैं? दोनों कंपनियों ने इस जांच को अदालत में चुनौती दी है। हालांकि, कर्नाटक हाईकोर्ट ने उनकी अर्जी नामंजूर कर दी, लेकिन उन्होंने इस आदेश के खिलाफ भी अपील की है। दूसरी तरफ, देश भर के लगभग सात करोड़ छोटे व्यापरियों के लगभग 40,000 संगठनों का महासंघ सीएआईटी इस मामले में जांच के पक्ष में दबाव बनाने में जुटा है। प्रतिस्पर्द्धा आयोग की यह जांच दिल्ली व्यापार महासंघ की शिकायत पर शुरू हुई थी। इस संगठन में दिल्ली के हजारों छोटे-मझोले कारोबारी शामिल हैं। इनकी शिकायत थी कि इन कंपनियों के मनमाने तरीकों से छोटे व्यापारियों को भारी नुकसान हो रहा है। अब जबकि उपभोक्ता कानून में बदलाव पर बहस गरम है, तब यह मामला भी साथ-साथ चर्चा में है। कानून में जो बदलाव होने हैं, उन पर भी विद्वानों में काफी मतभेद है। एक तरफ ऐसे लोग हैं, जो नई गाइडलाइंस में छेद ढूंढ़-ढूंढ़कर सामने ला रहे हैं कि कैसे नई गाइडलाइंस बड़ी कंपनियों के लिए कारोबार मुश्किल कर देंगी और इसका खामियाजा आखिरकार खरीददार को भुगतना पड़ेगा। लॉकडाउन के दौर में ऑनलाइन रिटेलर्स और फूड डिलिवरी कंपनियों ने जो काम किया, उसे देखकर यह तर्क दमदार भी लगता है। अलग-अलग ऑनलाइन कंपनियों के बीच हुए सर्वे से पता चलता है कि इस दौर में उनके पास 50-65 फीसदी तक ऐसे नए ग्राहक आए, जिन्होंने पहली बार कोई ऑनलाइन खरीदारी की है। ऐसे माहौल में बड़ी कंपनियों की शिकायत है कि सरकार उनके कामकाज में बड़ी दखलंदाजी की तैयारी कर रही है। इसका उदाहरण यह है कि सरकार ने इन वेबसाइटों की फ्लैश सेल पर लगाम कसने की बात कही है। प्लेटफॉर्म चलानेवाली कंपनियां खुद सामान न बेचें और दूसरे व्यापारियों से भेदभाव न करें, यह सुनिश्चित करने को कहा है। यहां तक कि उनके डिलिवरी पार्टनर भी बेचनेवालों के बीच में भेदभाव न करें, यह कहा गया है। लेकिन इसके साथ जो और बड़ा पेच है, वह यह कि इन नियमों में उपभोक्ता और व्यापारी की शिकायतों के निपटारे का इंतजाम मजबूत करने का निर्देश भी शामिल है। इसके लिए उन्हें शिकायत सुननेवाले अधिकारी नियुक्त करने होंगे और अगर सामान बेचनेवाला लापरवाही करता है, तो उसकी गलती का खामियाजा भी भुगतना पड़ सकता है। देश में ऑनलाइन खरीदारी का कारोबार हर साल 25 फीसदी या उससे ज्यादा रफ्तार से बढ़ रहा है। एक अनुमान है कि 2026 तक यह बाजार करीब 20,000 करोड़ डॉलर या करीब 15 लाख करोड़ रुपये का हो चुका होगा। इतने बड़े और लगातार बढ़ते हुए बाजार पर कब्जे के लिए दुनिया व देश की बड़ी-बड़ी कंपनियों में मुकाबला होना स्वाभाविक है। शायद इसीलिए जरूरी भी है कि सरकार सही समय पर कानूनों में वह बदलाव करे कि भविष्य में पछताना न पड़े। कानून ऐसे होने चाहिए कि किसी को भी शोषण का शिकार न होना पड़े। कुछ जानकारों का मानना है कि ई-कॉमर्स पर सरकार के नए नियमों में एक बहुत अच्छी बात यह है कि इसमें देशी-विदेशी कंपनियों के बीच कोई भेदभाव नहीं किया गया है। यानी, किस कंपनी में कितना विदेशी पैसा लगा है, इस आधार पर उसके काम करने के तरीके परिभाषित नहीं किए गए हैं। शायद यही वजह है कि इन नियमों से अमेजॉन, वॉलमार्ट के नियंत्रण वाली फ्लिपकार्ट, सॉफ्टबैंक की हिस्सेदारी वाली स्नैपडील, अलीबाबा की हिस्सेदारी वाली पेटीएम के साथ-साथ टाटा समूह की बिग बास्केट और रिलायंस का जियो मार्ट एक साथ ही प्रभावित होते हैं।

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्‌गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज ।।

# सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्‌गुरु देव



**क**रता रहता है, किन्तु अज्ञान के कारण इस विद्या को नहीं जानता। जब श्री गुरुदेव की कृपा से इस रहस्य को जानकर उसके अनुसार साधन करता है, तब उसके लिए सांसारिक बंधनों से मुक्ति मिलने का मार्ग सुगम हो जाता है। स्वाभाविक रूप से हंस इन दो अक्षरों का जप चलते रहने से प्राण को हंस कहते हैं और वही आत्म स्वरूप है। श्वास प्रश्वास का निरंतर चलते रहना ही प्राण धारणा करना है। हं के उच्चारण से श्वास भीतर से बाहर आता है तथा सः के उच्चारण से बाहर से अन्दर जाता है। श्वास के बाहर आने को आरोह क्रम और अन्दर आने को अवरोह क्रम कहते हैं। आरोह क्रम में स्वतः ही हंसः मंत्र का जप होता है और इसी समय अवरोह क्रम में प्रश्वास श्वास से उल्टा होने पर सो हं धवन्यात्मक उत्पत्ति होती है और सो हं मंत्र का जप होता है। दोनों हंसः और सोहं के अनाहत चक्र पर संघर्ष से वायुमय प्रणव (ओम) की अनाहत ध्वनि होती है और उर्ध्व होने से ओम् की आज्ञा चक्र पर स्थिति हो जाती है। इस प्रकार बहिर्गत और अन्तर्गत श्वास द्वारा निर्मित अजपा (हं सः) ही प्रणव यानि ओंकार का मूल है। हंसः और सो हं में हकार और सकार के लोप से प्रणव बना। सभी जीवों के शरीर में हं इस ध्वनि के साथ अपान (प्रश्वास) बहिर्गमन करता है यानि बाहर निकालता है तथा पुनः सः इस ध्वनि के साथ प्राण (श्वास) बाहर आता है फिर सः ध्वनि से अंदर प्रवेश करता है। इस प्राण ध्वनि का रहस्य शरीरस्थ वायु को ब्रह्म रूप से समझाते हुए श्रीमद्‌भागवत में कहा गया है-वह परमात्मा हृदय छिद्र में प्रत्यक्ष ही निवास करता है।


**क्रमशः**

## जागरूक Selfie विद डॉटर



कंगना डॉटर लीना - प्रमोदी सोनी, झालावाड़

# हम क्या देकर जाएंगे



**नविता मिश्रा**
इन्टरप्रेन्योर
@jagrukjanta.net

**एक** कहानी सुनी थी ,80 साल का वृद्ध अखरोट का पौधा लगा रहा था और तभी एक नवयुवक वहां से गुजर रहा था ,थोड़ा रुक कर व्यंग्यात्मक ढंग से बोला "अरे बाबा इसमें फल आने में 20 साल लग जाएंगे",बाबा ने हंसकर कहा यही बात अगर उन्होंने सोची होती तो क्या आज हमारे पास इतने पेड़ पौधे होते। नवयुवक कुछ समय के लिए सोच में पड़ गया और बिना कुछ कहे अपने रास्ते पर चल पड़ा । नवयुवक गहरी सोच में था क्योंकि अब जब हमें भूख मिटाने के लिए 2 मिनट में बनने वाली खाद्य सामग्री उपलब्ध है (हां 2 मिनट में बन तो जाती है, पर 10 मिनट बाद खाने योग्य भी नहीं रहती)।आज हम हथेली पर सरसों उगाने की बात करते हैं और यह वृद्ध व्यक्ति 20 साल बाद आने वाले फल के लिए पेड़ लगा रहा है।उसमें इतनी इमानदारी से रोज पानी दे रहा है, खाद दे रहा है ।आज जब हम ऐतिहासिक इमारतें देखते हैं तो क्या मन में विचार नहीं आता यह 300-400 साल पुरानी इमारतें अभी तक उसी अढ़ीकता,साहस और स्नेह से खड़ी है ,और हमें याद दिलाती है हमारे पूर्वज हमारे लिए इन इमारतों को शिक्षाप्रद हमें सौंप कर कर के गए हैं!

इस युग में बनी कई इमारतें 5 से 10 साल में मरम्मत मांगने लग जाती है ,जबकि 20 सालों में वह जर्जर अवस्था में पहुंच जाती है और हम दावा करते हैं की हमारा आज का विज्ञान और तकनीक आधुनिक और विकसित है ।मनुष्य की मौलिक आवश्यकता कपड़ा, रोटी ,मकान और इसमें में एक कड़ी और जोड़ना चाहूंगी "शिक्षा" है।हर मनुष्य को कपड़ा ,रोटी, मकान और शिक्षा पाने का अधिकार है और वह भी गुणवत्ता भरा । आज हमारी अलमारियों में कपड़ों की संख्या तो अधिक है पर वह गुणवत्ता कहीं खो गई है।जो दादी-नानी के विवाह की पुरानी तारों भरी साड़ी में है। जिसको आज भी पुराने बक्से से निकालकर पहनो तो नए परिधान को मात दे। अब बने हुए पास्ता पिज़्ज़ा, घर में रखे 3-4 साल पुराने अचार, पापड़ से ज्यादा हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर करते हैं। हम में से कई लोगों ने अपने घरों में पूराने पीतल और कांस्य के बर्तन देखे होंगे ।उनको देखकर क्या हमारे मन में प्रश्न नहीं उठता की आने वाली पीढ़ी के लिए चीनी मिट्टी से बने बर्तन छोड़कर जाएंगे।

जहां तक शिक्षा की बात है तो आज बच्चों से पूछा जाए,पहाड़े कहां तक याद है तो उनका जवाब होगा 20 तक या फिर 30 तक । मगर इस 20- 30 में उन्हें आधे का पहाड़ा, पोने का ,या ढाई का पहाड़ा सुनकर ही आश्चर्य होगा। जैसा कि मुझे हुआ जब पड़ोस में रह रहे दादा जी से बातों ही बातों में उन्होंने मुझे डेढ़ का पहाड़ा सुनाया। यह गणित क्या वापस बच्चों के पाठ्यक्र म में शामिल नहीं होनी चाहिए ? जमाने के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना जरूरी है, मगर इसका अर्थ यह बिल्कुल नहीं कि हम हमारी संस्कृति को पीछे छोड़ दें और उसे आधुनिकता का नाम दे दें । समय और जमाने के साथ चलना है, जरूरी भी है परंतु हमें हमारी संस्कृति को भी उस पेड़ की तरह लगाए रखना है, जो आने वाली पीढ़ियों को संस्कार नामक मीठा फल दे सके।वह देने की भावना ना जाने क्यों "बस आज में जी लेने" की भावना से बदलती जा रही है।

चाहे कपड़ा ,रोटी ,शिक्षा, संस्कार ,वातावरण ,साहित्य, इतिहास हमें यह सब आने वाली पीढ़ियों के लिए गुणवत्ता भरा देकर जाने की भावना को जीवंत रखना होगा ,क्योंकि यह सब हमें भी बड़े प्रेम और स्नेह के साथ प्राप्त हुआ है।तो क्या हमारा नैतिक कर्तव्य नहीं कि इस संस्कृति को ,शुद्ध वातावरण को, हमारे उन्नत इतिहास और साहित्य को हमारी आने वाली पीढ़ीयां भी जाने। कहते हैं जिसके पास अपनी संस्कृति नहीं उस सभ्यता का कोई अस्तित्व नहीं रहता। ध्यान रहे इसका कारण हम ना बने।

## हमे लिखे

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।
jagrukjantanews@gmail.com
सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

## जागरूक खबरें

### प्रकल्प अन्न पोस्टर का विमोचन




**जयपुर @ जागरूक जनता।** रेज फोर स्माइल फाउंडेशन द्वारा संचालित प्रकल्प अन्न के पोस्टर का विमोचन राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव निरंजन आर्य द्वारा किया गया। इस प्रकल्प के अन्तर्गत संस्था द्वारा निराश्रित परित्यक्त एवं निर्धन व्यक्तियों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध करवाया जाएगा। विमोचन कार्यक्रम के दौरान संस्था की स्टेट कॉर्डिनेटर मनीष शर्मा उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह राजावत, विमल शर्मा, विशाल भारद्वाज, तेजपाल सिंह, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### मिनार्क प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त



**जयपुर @ जागरूक जनता।** अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच द्वारा मिनार्क जैन एडवोकेट को अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच का प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ राजस्थान मनोनीत किया गया है। इनके मनोनयन पर नरेंद्र सिंह शेखावत, राजकुमार शर्मा, तेज प्रताप सिंह, प्रहलाद बागड़ा, गुंजन कुमावत, अंकित कपूर, रवि तिवारी, कमलेश पारीक, निशा कुमावत (पूर्व कोषाध्यक्ष दी बार एसोसिएशन जयपुर), अंकिता मिश्रा, रचना मान आदि अधिवक्ताओं ने शुभकामनाएं दी है।

### प्रशांत राष्ट्रीय प्रभारी नियुक्त

**जयपुर @ जागरूक जनता।** विप्र परशुराम शक्ति (रजि.) के संस्थापक अध्यक्ष ज्योतिषाचार्य सरस्वती देवकृष्ण गौड़ ने प्रशांत पारीक को विप्र परशुराम शक्ति युवा प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### बुनकर पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्य में बुनकरों के प्रोत्साहन के लिए दिए जाने वाले बुनकर पुरस्कारों के लिए आवेदन की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। उद्योग आयुक्त अर्चना सिंह ने जिला उद्योग केंद्रो को पत्र भेजकर 31 अगस्त तक आवेदन आंमत्रित कर 15 सितंबर तक जिला स्तरीय पुरस्कारों के चयन के निर्देश दिए हैं। राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए जिला स्तर पर प्रथम और द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले बुनकरों के आवेदन उत्पाद के साथ मुख्यालय भेजा जाएगा। जहां आयुक्त उद्योग की अध्यक्षता वाली कमेटी राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए बुनकरों का चयन करेगी। संबंधित जिला उद्योग केंद्र पर संपर्क कर बुनकर पुरस्कारों के लिए आवेदन किया जा सकता है। पिछले 3 सालों से हाथकरघा पर बुनाई करने वाले बुनकर राज्य व जिला स्तरीय पुरस्कार के लिए पात्र होंगे। हालांकि पिछले तीन साल में पुरस्कार प्राप्त बुनकर नकद पुरस्कार के लिए आवेदन नहीं कर सकेंगे। राज्य स्तर पर पहला पुरस्कार 21 हजार रुपये, दूसरा 11 हजार रुपये, तीसरा 7100 रूपये और दो बुनकरों को सांत्वाना पुरस्कार के रुप में 3100-3100 रुपये दिए जाएंगे। वहीं, जिला स्तर पर पहला पुरस्कार 5100 रुपये, दूसरा 3100 रुपये, तीसरा 2100 रुपये और दो सांत्वना पुरस्कारों में 1100 -1100 रुपये दिए जाएंगे।

### शिक्षक संघ ने प्रियंका गांधी को भेजा 12 सूत्री मांग पत्र

**पिपलाई (बामनवास) @ जागरूक जनता।** सर्व शिक्षा अभियान विशेष शिक्षक संघ ने भारतीय नेशनल कांग्रेस की महामंत्री प्रियंका गांधी को एक 12 सूत्री मांग पत्र भेजा है। संघ के उपाध्यक्ष जुगल किशोर अवस्थी ने प्रियंका गांधी को भेजे मांग पत्र में लिखा है कि राजस्थान में विगत 10 वर्षों से प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से कार्यरत विशेष शिक्षकों को नियमित कर समग्र शिक्षा अभियान में समायोजित किया जाए। मांग पत्र में कहा गया है कि मार्च 2019 में राजस्थान सरकार ने हमारे स्थायीकरण के लिए संबंधित विभाग से दस्तावेज मांगे थे, मगर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। संघ ने महामंत्री से अपेक्षा की है कि हमारी मांगों पर सरकार से कार्रवाई करने के लिए निर्देश देंगी।

### लुपिन द्वारा कोरोना की संभावित तीसरी लहर के बचाव सम्बन्धित पोस्टर जारी



**भरतपुर @ जागरूक जनता।** कोरोना की संभावित तीसरी लहर के बचाव से सम्बन्धित लुपिन ने तैयार किये गये पोस्टर का शनिवार को नगर निगम आयुक्त राजेश गोयल ने विमोचन किया। ये पोस्टर जिले के सभी ब्लॉकों के प्रमुख 60 स्थलों पर लगाये जायेंगे। विमोचन के अवसर पर संस्था के अधिशाषी निदेशक सीताराम गुप्ता भी उपस्थित थे। विमोचन के बाद नगर निगम आयुक्त राजेश गोयल ने कहा कि कोरोना की संभावित तीसरी लहर अधिक खतरनाक बताई गई है। जिसके बचाव के लिए जारी की गाइडलाइन का अधिक प्रचार-प्रसार करने की आवश्यकता है। इस कार्य में लुपिन ने जो पोस्टर तैयार किया है। वह उपयोगी सिद्ध होगा। इससे पहले भी संस्था ने कोरोना संï मण की रोकथाम में महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई है। लुपिन के अधिशाषी निदेशक सीताराम गुप्ता ने कहा कि कोरोना से बचाव ही एक मात्र रास्ता है। इस रोग की तीसरी लहर से बच्चे अधिक प्रभावित हो सकते हैं ऐसी स्थिति में हमें बच्चों को कोरोना संक्रमण के बचाव पर अधिक ध्यान देना होगा। जिसके लिए संस्था ने बचाव सम्बन्धित सुनहरे नियमों पर आधारित पोस्टर जारी किये हैं। निश्चय ही ये पोस्टर सभी लोगों के लिए उपयोगी सिद्ध होंगे। इस अवसर पर लुपिन के क्षेत्रीय कार्यर म प्रबन्धक डॉ. राजेश शर्मा भी उपस्थित थे।

### भगवा रक्षा दल के नए सदस्यों को राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दी बधाई



**पाली @ जागरूक जनता।** भगवा रक्षा दल के विस्तार कार्यक्रम के अंतर्गत पाली एवं आस-पास के गांवों में दल के पाली युवा मोर्चा अध्यक्ष दिनेश चौधरी के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चला रखा है। इस कार्यक्रम पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने सदस्यों को बधाई दी तथा आगामी विधानसभा चुनावों में दल को विजय श्री दिलाने की अपील की। उल्लेखनीय है कि भगवा रक्षा दल पूर्व में घोषणा कर चुका है कि वह आगामी राजस्थान विधानसभा के चुनावों में अपने प्रत्याशी उतारेगा।

### अंजुमन-ए-इस्लाम कमेटी की जानिब से 0 से 5 वर्ष तक 2 दिवसीय चाईल्ड आधार कार्ड शिविर का हुआ समापन

कुल 190 बच्चो के आधार बनाने के लिए नामांकन हुए प्राप्त



**निम्बाहेड़ा @ जागरूक जनता।** नगर में अंजुमन-ए-इस्लाम कमेटी की जानिब से 2 दिवसीय आधार कार्ड शिविर मंगलवार को हुआ संपन्न। अंजुमन सदर "शोएब खान लाला" ने बताया कि आगामी 21 जुलाई को होने वाली ईद-उल-अजहा के मौके पर 2 दिवसीय आधार कार्ड शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसमे 0 से 5 वर्ष तक के सर्वधर्म सम्प्रदाय के बच्चो के आधार कार्ड बनाए जा रहे है। जिसकी शुरुआत सोमवार को प्रातः 9 बजे की गई व आज 20 जुलाई मंगलवार को शिविर का समापन हुआ। इसके साथ ही इस 2 दिवसीय शिविर में कुल 190 आधार कार्ड बनाने के लिए नामांकन प्राप्त हुए हैं। अंजुमन माध्यमिक विद्यालय के स्टाफ - अंजुम नवाज, फरहद शेख, रूमाना शाहीन, नाजिया रहमान, अजराह खान, रजिया बेगम, रुबीना बेगम, फिरदौस बानो मंसूरी, अनवर खान, मो. यासीन शेख, फरीदा बी द्वारा कार्ड बनाने का कार्य संपादित किया गया। इस मौके पर शहर काजी हाजी आबिद हुसैन, अंजुमन सदर शोएब लाला, नायाब सदर हाजी ख्वाजा हुसैन, अंजुमन प्रवक्ता खुर्शीद ऐजाजी, केली वाले बाबा उर्स कमेटी सदर भुरू जागीरदार, हजरत घोड़ाडेह बाबा कमेटी नायाब सदर वसीम हटेली, रोशन अली बाबा उर्स कमेटी सचिव मतलुब अजमेरी, सलाम मुल्तानी, मोईन खान आदि उपस्थित रहे।

# कीर्तिस्तंभ पर तड़ित चालक लगाने का काम शुरू

**दो बार बिजली गिरने से हुआ था क्षतिग्रस्त, अब ASI दो कंडक्टर लगा पुख्ता कर रहा सुरक्षा, विजयस्तंभ और मीरा मंदिर की भी होगी जांच**

इलियास मो. @ जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़।** वर्ल्ड हेरिटेज चित्तौड़ दुर्ग पर स्थित कीर्ति स्तंभ पर अंततः सोमवार को लाइटनिंग कंडक्टर लगाने का काम शुरू हो गया है। 8 साल के लंबे इंतजार के बाद ASI ने अब एक नहीं दो तड़ित चालक लगाने का फैसला किया है। इसके लिए हिन्दुस्तान जिंक को जिम्मेदारी दी गई है। जिंक की ओर से CSR फंड से यह काम कराया जा रहा है। एक सप्ताह पहले लगातार दो दिन बिजली गिरने से कीर्ति स्तंभ के पत्थर टूटकर गिर गए थे। इसके बाद पता चला था कि यहां लगा तड़ित चालक केवल शो-पीस ही है। 2012 में उसका कनेक्शन वायर चोरी हो गया था।

विश्व विख्यात दुर्ग के कीर्ति स्तंभ पर 13 व 14 जुलाई को बिजली गिरने से नुकसान पहुंचा था। जिसके बाद सभी इमारतों को आकाशीय बिजली से बचाने के लिए जिंक के CSR के तहत तड़ित चालक लगाने का कार्य सोमवार से शुरू हुआ। इससे पहले कीर्तिस्तंभ के सामने वाली सड़क ढलान में होने के कारण वहां क्रेन का ठहर पाना मुश्किल हो रहा था, इसके लिए जिंक के इंजीनियर द्वारा घोसुण्डा डेम से लकड़ी के बड़े बड़े और मजबूत ब्लॉक्स मंगवाए गए। उन्हें सेट करने के बाद दिन में काम शुरू हुआ।

#### अब एक नहीं, डबल सुरक्षा के साथ जुड़ा कीर्तिस्तंभ

जहां एक तड़ित चालक को लेकर ASI ने बार बार बजट न होने का हवाला दिया और आठ सालों तक इसे लटकाए रखा था। विश्व धरोहर की रक्षा के लिए कोई भी उचित कदम नहीं उठाया गया। जिला कलेक्टर ताराचन्द मीणा के कहने पर जिंक ने चार बड़े बड़े इमारतों तड़ित चालक लगाने के लिए हामी भर दी। सोमवार को जब नया तड़ित चालक लगाया गया तो पुराने की भी अर्थिंग कनेक्टिविटी को जोड़ा जा रहा है। अब कीर्ति स्तम्भ को डबल सुरक्षा प्रदान की जा रही है।

### पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुटता से कार्य करना होगा - राठौड़



**भीनमाल @ जागरूक जनता।** शहर में स्थित एक निजी कृषि फार्म पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक भीनमाल के पूर्व विधायक कांग्रेस प्रत्याशी एवं पीसीसी सदस्य उमसिह राठौड़ की मौजूदगी में आयोजित हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के भतीज एवं युवा कांग्रेस नेता राजेश गहलोत का भीनमाल आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। पीसीसी सदस्य उमसिह राठौड़ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ लेवल पर कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुटता के साथ कार्य करना होगा। कार्यकर्ता ही कांग्रेस पार्टी की रीढ़ है। कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जहां सभी कार्यकर्ताओं को पूरा मान सम्मान दिया जाता है। वहीं उन्होंने राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने एवं उसका लाभ उठाने की अपील की। साथ ही पीसीसी सदस्य राठौड़ ने जनसुनवाई की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विभिन्न समस्याओं के बारे में अवगत करवाया गया। जिस पर राठौड़ ने उनकी विभिन्न समस्याओं का जल्द ही समाधान करवाने का भरोसा दिलाया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान पीसीसी सदस्य उमसिह राठौड़ की मौजूदगी में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के भतीज एवं युवा कांग्रेस नेता राजेश गहलोत ने मनोनीत पार्षद जयंतीलाल घांची और चुन्नीलाल उर्फ सी.एल गहलोत का साफा व माला पहनाकर भीनमाल नगरपालिका के मनोनीत पार्षद बनने पर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मुस्लिम समाज के वरिष्ठ हाजी सत्तार खां, हाजी गन्नी खां, पूर्व प्रतिपक्ष नेता एवं पार्षद मिस्त्री हकीम खां, पार्षद सुनील मौर्या, पार्षद मुस्ताक खां, मनोनीत पार्षद जयंतीलाल घांची, मनोनीत पार्षद चुन्नीलाल उर्फ सी.एल गहलोत, पूर्व पार्षद पुखराज विश्नोई, निर्वतमान सेवादल कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजेश बालोटिया, पूर्व युवा कांग्रेस लोकसभा महासचिव रूस्तम खां, आईटी सैल पूर्व संयोजक संजू जन्नत, एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष प्रवीण राणावत सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राजसिको के प्रयासों से निर्यातकों को राहत

### 180 खाली कंटेनर लेकर जयपुर पहुंची डबल-स्टैक ट्रेन




जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान लघु उद्योग निगम (राजसिको) के प्रयासों से राज्य के निर्यातकों को बड़ी राहत मिलने जा रही है। राजसिको द्वारा सांगानेर स्थित इनलैण्ड कंटेनर डिपो से पहली बार रेल मार्ग से कन्टेनर परिवहन की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। गुजरात के मुंदड़ा पोर्ट से 180 खाली कंटेनर लेकर चली डबल स्टैक कंटेनर ट्रेन शनिवार को जयपुर पहुंच चुकी है। यह कंटेनर राजसिको के सांगानेर स्थित इनलैण्ड कंटेनर डिपो से निर्यात के लिए काम आएंगे। राजसिको के प्रबंध निदेशक राजेश शर्मा ने बताया कि वर्तमान में कोविड-19 महामारी के कारण राज्य में आयात-निर्यात हेतु कन्टेनरो की भारी कमी हो गई थी। जिससे राज्य का निर्यात भी प्रभावित हुआ है। लेकिन डबल स्टैक कंटेनर ट्रेन से कंटेनरों की उपलब्धता से समय पर विभिन्न उत्पादों का निर्यात किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि राजसिको राज्य में छोटे उद्योगों को निर्यात में मदद करने की दिशा में काम कर रहा है और डबल स्टैक ट्रेन के शुरू होने से इस प्रक्रिया को और गति मिलेगी। शर्मा ने बताया कि यह ट्रेन आरंभ होने से राज्य के निर्यातको को कम लागत पर अपने माल को निर्यात करने की सुविधा उपलब्ध होगी।

अयोध्या में 2023 में तैयार हो जाएगा भव्य राममंदिर

# दो साल बाद ही भक्त कर सकेंगे राम लला के दर्शन

**राममंदिर का परिसर होगा इको फ्रेंडली**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर निर्माण समिति की संपन्न हुई दो दिवसीय बैठक में रामभक्तों के लिए खुशखबरी है। अब तय समय से एक साल पहले वर्ष 2023 में ही भव्य राममंदिर में रामलला के दर्शन सुलभ हो जाएंगे। बैठक में यह भी तय हुआ है कि राममंदिर का परिसर इको फ्रेंडली होगा। यहां त्रेतायुग के मनमोहक दृश्यों के साथ भक्तों के लिए आधुनिक सुख-सुविधाओं पर पूरा फोकस रहेगा। संपूर्ण परिसर 2025 खत्म होने से पहले विकसित हो जाएगा।

#### लक्ष्य से एक साल पहले तैयार

नृपेंद्र मिश्र की अध्यक्षता में अयोध्या में संपन्न दो दिवसीय बैठक में संपूर्ण श्रीराम जन्मभूमि परिसर का मास्टर प्लान तैयार करने के साथ-साथ मंदिर की भव्यता व सुरक्षा पर गहन मंथन किया गया। पहले राममंदिर 2024 तक बनाने का लक्ष्य था, लेकिन इसे अब घटाकर 2023 कर दिया गया है। 2023 के बाद भक्त मंदिर के गर्भगृह में दर्शन-पूजन कर सकेंगे। 2025 तक संपूर्ण परिसर सभी सुविधाओं से लैस हो जाएगा।

#### तीन दिशा में बनेगी रिटेनिंग वॉल

ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि राममंदिर की भव्यता व उसकी सुरक्षा को लेकर मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने तकनीकी विशेषज्ञों से गहन मंथन किया है। उन्होंने बताया कि पानी का प्रवाह, पानी से रक्षा, बालू के रिसाव को रोकने के लिए तीन दिशा में रिटेनिंग वॉल बनेगी, जिसे जमीन के अंदर 12 मीटर गहराई तक ले जाया जाएगा।

#### चौखट में मकराना का मार्बल

चंपत राय ने बताया कि मंदिर में जितनी चौखट लगेंगी, वो मकराना के उच्च क्वालिटी के सफेद संगमरमर से बनेगी। खिड़कियों में वंशी पहाड़पुर का सैंडस्टोन का इस्तेमाल होगा। राममंदिर न सिर्फ भव्यता की मिसाल होगा, बल्कि तकनीकी दृष्टि से भी देश-दुनिया के चुनिंदा मंदिरों में शामिल होगा।

#### निर्माण की विशेषता

- मंदिर निर्माण के लिए हुए उत्खन्न क्षेत्र को 44 परतों में इंजीनियरिंग फिल से भरा जाना है। जब 44 परत की नींव बन जाएगी, तब उसके ऊपर सात फीट मोटा राफ्ट बनाया जाएगा।
- 16 फुट ऊंची राममंदिर की फिप्लथ को वाटर प्रूफ बनाने के लिए ग्रेनाइट के पत्थरों की तीन लेयर डाली जाएगी।
- 16 फुट ऊंचे फिप्लथ के वाटर प्रूफिंग के लिए बाहर की सीमा पर ग्रेनाइट लगाएंगे। ग्रेनाइट की दो-दो फुट की तीन लेयर लगाकर तब मिर्जापुर के पत्थर लगाएंगे।
- मंदिर में तीन लाख 60 हजार घनफुट पत्थर लग सकता है। फिप्लथ ऊंचा करने में भी मिर्जापुर व ग्रेनाइट को मिलाकर चार लाख घनफीट पत्थर चाहिए।
- परकोटा का पत्थर चार लाख घनफुट होगा, जो कि जोधपुर से आएगा।



# से नो टू सिंगल यूज़ प्लास्टिक के जरिए दिया जागरूकता का संदेश

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**नई दिल्ली।** प्लास्टिक से होने वाले नुकसान को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। 'से नो टू सिंगल यूज़ प्लास्टिक' अभियान के तहत प्रज्ञता फ़ाउंडेशन और आर डब्ल्यू ए, संतुष्टि अपार्टमेंट्स, वसंत कुंज ने लोगों को प्लास्टिक के वर्तमान और भविष्य में होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में एस एस आई एल और आई टी सी वाऊ भी शामिल थे। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद रमेश विधूड़ी थे। इसके अलावा डिप्टी कमिश्नर डॉक्टर सोनल स्वरूप, डिस्ट्रिक्ट कमिशनर है। मनीष मीणा,नेता सदन इंद्रजीत सहरावत और महरौली जिलाध्यक्ष जगमोहन महलावत भी उपस्थित थे। इसके अलावा प्रज्ञता फ़ाउंडेशन की संस्थापक ममता यादव और आर डब्ल्यू ए, संतुष्टि अपार्टमेंट्स की अध्यक्षा स्नेहलता राठी भी उपस्थित थी। प्रज्ञता फ़ाउंडेशन की संस्थापक ममता यादव ने बताया कि अभियान के तहत प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। लोगों को बताया गया कि कैसे प्लास्टिक को इकट्ठा करके उसे बिजली और तेल का उत्पादन किया जा सकता है। सभी गणमान्य अतिथि वहाँ उपस्थित सभी बच्चों से मिले और उन्होंने बच्चों को काफ़ी प्रोत्साहित भी किया। एस डी एम सी की तरफ़ से यह जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सभी बच्चे अपने घरों से पिछले 1 हफ़्ते से प्लास्टिक इकट्ठा कर रहे थे, इसके अलावा उस प्लास्टिक से बच्चे काफ़ी सुंदर क्राफ़्ट की वस्तुएँ बनाकर लगाएं जो उन्होंने कार्यक्रम की समाप्ति पर अतिथियों को भेंट किए। इसके अलावा जो प्लास्टिक इकट्ठा हुआ था वह एस एस आई एल द्वारा ले जाया गया ताकि इस प्लास्टिक को बिजली उत्पादन में इस्तेमाल किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान ड्रॉइंग और क्राफ़्ट कॉम्पिटिशन आयोजित किया गया और बच्चों को पुरस्कार और सर्टिफिकेट्स देखकर उन्हेंप्रोत्साहित किया गया। इससे पहले 2019 में SDMC की सहायता से प्रधानमंत्री द्वारा यह अभियान शुरू किया गया था।

# सट्टे के भंवर जाल में फंसती युवा पीढ़ी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**भरतपुर।** बड़ा आदमी बन गई की चाह में युवा पीढ़ी के साथ अल्प वयस्क भी एक के नब्बे के खेल सट्टा बाजार की गिरफ्त के मकड़जाल में उलझकर बर्बादी की सीढ़ियां चढ़ते जा रहे हैं। बड़ा आदमी बनने की चाह में अपनी मेहनत की कमाई सटोरियों को भेंट चढ़ा रहे हैं। क्षेत्र के युवाओं को जहां नए आयामों को पाने के लिए मेहनत करके नए रास्ते ढूंढ कर मंजिल प्राप्त करनी चाहिए वहां क्षेत्र में युवा वर्ग अपना पुरुषार्थ छोड़कर पैसे वाले बनने की चाह में अपनी किस्मत को सट्टे पर आजमाते हुए बर्बाद होते नजर आ रहे हैं। बड़े और आसान लाभ की चाहत में गरीब वर्ग कि नहीं संभ्रांत और व्यापारी वर्ग के लोग भी बड़ी संख्या में सट्टे में किस्मत हम आते हैं धीरे धीरे लालच की लालसा बढ़ती चली जाती है और सटोरियों की गिरफ्त में आकर जमीन ज्यादातर से हाथ धो बैठते हैं।

#### लंबे समय से जारी है यह खेल

सट्टा व्यवसाय क्षेत्र के लिए कोई नया कारोबार नहीं है कई दशकों पूर्व से अपनी जड़ें गहराई तक जमा चुका है। इस व्यवसाय में महिला पुरुष ही नहीं नाबालिग भी इस कुचक्र में फंस कर स्वयं के साथ परिवार को भी बर्बाद कर चुके हैं। प्रतिदिन घाटे को पूरा करने के चक्कर में अपनी मेहनत की कमाई के साथ उधार का पैसा लाकर या युवा पीढ़ी अवैधानिक तरीके से इधर उधर से जुगाड़ कर इनके सुपुर्द कर आते हैं। वर्तमान में कई दशक से ग्रामीण क्षेत्र सट्टेबाजी में खूब दिलचस्पी दिखाते हैं। उनके लिए यह आवश्यक नहीं है कि सटोरियों के पास जाकर ही सट्टे का नंबर लगाया जाए । वर्तमान में स्मार्टफोन के माध्यम से सारी व्यवस्थाएं सुचारू चलती है।

#### कानून में कड़ी सजा का नहीं है प्रवधान

जुआ सट्टा कानूनी अपराध है लेकिन यह अपराध जमानती होने के एवं इसमें सजा के तौर पर मात्र जुर्माना होने के कारण लोगों के मनसे भय मुक्त रहता है। पुलिस सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार भी करती है। राजस्थान प्रिवेंशन ऑफ ? गैंबलिंग एक्ट में कुछ ही देर में थाना स्तर पर जमानत मिल जाती है। सटोरिए थाने से निकलते ही अपने धंधे में रम जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कई बार पुलिस के मासिक आंकड़े पूरे करने के लिए बड़े सटोरिए खुद ही छोटे खाईवालों को थाने भेज कर टारगेट पूरा करवा लेते हैं। जहां सटोरियों पर 500 से 1500 तक के पर्चे दिखाकर पुलिस अपने टारगेट इति श्री कर लेती है। इस व्यवस्था से एक वार जुड़ने के उपरांत व्यक्ति जिस दलदल में फंसता है हंसता ही चला जाता है यहीं से उसकी शुरुआत आपराधिक जीवन की पृष्ठभूमि बनते हुए शुरू होती है ऐसे अनेक लोग हैं अच्छे घरों से होते हुए इस व्यवसाय में आने से उनमें अनेक प्रकार के व्यसन लग गए और वह आपराधिक प्रवृत्ति में लिप्त होकर उसी में चलते चले गए। लोगों का मानना है पुलिस को छोटे सटोरियों से टारगेट पूरा करने की जगह बड़े गद्दी मालिकों को पकड़ कर उन पर संगठित अपराध की धाराओं में कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए जिससे ऐसे अपराधों पर लगाम लग सके।

#### कैसे युवाओं को सट्टे से मुक्त किया जाये

शिक्षाविद समाज सुधारक समाजसेवी संस्थाओं से जुड़े हुए व्यक्तियों का मानना है कि यह व्यवस्था अपनी इतनी गहरी जड़ें जमा चुकी है जिन्हें जल्दी से उखाड़ना साधारण बात नहीं है इसके लिए बच्चों के पाठशाला में जाने से शिरू होते ही समस्त बच्चों में यह भावना उत्पन्न करने कि हमें अच्छा बनना है अच्छे बनने के लिए क्या क्या प्रयास करने हैं जो माता पिता इस वेबसाइट उन्हें यह समझाना होगा कि वे घर पर बच्चों के सामने सट्टा ही नहीं अन्य इसी प्रकार मन में घर करने वाली गलत बातों को सामने ना आने दे विशेषकर बच्चों से धूम्रपान की वस्तुएं उत्तेजक एवं मादक पदार्थ को बाजार से ना मंगवाए। बच्चों के सामने उत्तेजक एवं मादक पदार्थों का प्रयोग ना करें।

### पानी के लिए कलेक्टर को दिया ज्ञापन



**पिलानी (झुंझुनूं) @ जागरूक जनता।** पिलानी में पिछले कुछ सालों से पानी की समस्या बनी हुई है, लोग जलदाय विभग के चक्कर काट-काट कर परेशान हो चुके है, आज आल इंडिया डेमोक्रेटिक युथ ऑर्गनाइजेशन ने पिलानी जलदाय विभाग पर प्रदर्शन किया व विभाग के माध्यम से जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौप कर मांग की है कि जल्द से जल्द पिलानी की जनता को पानी दिया जाए, जब तक स्थाई समाधान न हो निःशुल्क पानी टैंकर लोगो को मुहैया करवाया जाए, जलदाय विभाग के जेईएन कुलदीप ने ह्रष्ठङ्घह्र के कार्यकताओ को अश्वासन देते हुए कहा कि विभाग जल्द इस समस्या का समाधन विभाग करेगा व जिन वार्डो में पानी बिल्कुल नही पहुँच रहा उनके लिए टैंकर की व्यवस्था जल्द पुनः शुरू की जाएगी। आंदोलन में संगठन के जिला सचिव विष्णु वर्मा, पिलानी कमेटी के सोनू शर्मा, पुरुषोत्तम, कपिल, ताराचंद, जुबेर, संजीव, ईश्वर, प्रदीप, प्रशान्त, कृष्ण, सांवरमल, ओमजी, रविकांत पांडे, सोनू, मनीष,छोटू, आदि लोग उपस्थित थे

ANCHOR | प्रदूषण घटाने की कवायद

# ई-व्हीकल की खरीद पर वापस मिलेगी सीजीएसटी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** प्रदेश में प्रदूषण घटाने के लिए राज्य सरकार ने बड़ी पहल की है। प्रदेश में अब जो भी व्यक्ति इलेक्ट्रानिक वाहन चलाएगा उसे राज्य सरकार न केवल वाहन पर लगी सीजीएसटी वापस करेगी बल्कि अनुदान भी देगी। राज्य सरकार ने आदेश जारी कर दिया है। इस आदेश में साफ कहा गया है कि सीजीएसटी की वापसी सभी प्रकार के वाहनों पर होगी।

राज्य सरकार के जारी आदेश में साफ कहा गया है कि दोपहिया और तिपहिया इलेक्ट्रिक वाहन पर बैटरी क्षमता के अनुसार एक मुश्त अनुदान दिया जाएगा। इन वाहन की खरीद राजस्थान में करना जरूरी है। इसका भुगतान जिला परिवहन अधिकारी स्तर से होगा। एसजीएसटी की राशि बिल में दिखाई गई राशि के बराबर होगी। परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने बताया कि मुख्यमंत्री ने वर्ष 2021-22 के बजट में ई-व्हीकल्स की खरीद को प्रोत्साहन देने के लिए इसकी घोषणा की गयी थी। इसी को मद्देनजर रखते हुए यह आदेश जारी किया गया है। इससे राज्य में बढ़ रहे प्रदूषण की रोकथाम होगी और ईवाहन को बढ़ावा मिलेगा।

परिवहन आयुक्त महेंद्र सोनी ने बताया कि यह अनुदान एक अप्रेल 2021 से 31 मार्च 2022 तक क्रय और पंजीकृत किए गए वाहनों पर दिया जाएगा। वाहन विक्रेता अपने क्षेत्र के जिला परिवहन अधिकारी को बिक्री और पंजीयन सूची भेजेंगे। इसके आधार पर डीटीओ सात दिन में राशि का भुगतान करेंगे। यह राशि सीधे खाते में भेजी जाएगी।

#### ये मिलेगी अनुदान राशि

बैटरी क्षमता : अनुदान राशि (दोपहिया वाहन)
2 KWH तक : 5,000 रुपए
4 KWH तक : 7,000 रुपए
5 KWH तक : 9,000 रुपए
5 KWH से अधिक : 10,000 रुपए

*बैटरी क्षमता : अनुदान राशि (तिपहिया वाहनः ई-रिक्शा, ई-ऑटो, ई-भारवाहन)*
3 KWH तक : 10,000 रुपए
4 KWH तक : 15,000 रुपए
5 KWH तक : 17,000 रुपए
5 KWH से अधिक : 20,000 रुपए।

डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2021-23 | R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
/jagrukjanta /jagrukjantanews jagruk_janta

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सीएम गहलोत ने केंद्रीय खान मंत्री प्रह्लाद जोशी से की चर्चा

# रॉयल्टी संशोधन प्रस्ताव पर जल्द फैसला ले केंद्र-गहलोत




जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश के खनन मुद्दों के जल्द निस्तारण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए केंद्रीय खान मंत्री प्रहलाद जोशी से लंबी चर्चा की। वीसी के जरिए केंद्रीय मंत्री के समक्ष गहलोत केन्द्रीय स्तर पर लंबित मुद्दों के जल्द समाधान को लेकर पुरजोर पैरवी की। सीएम ने खनन के लिए पर्यावरण स्वीकृतियों में लगने वाली देरी के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया और कहा कि केन्द्रीय खान मंत्रालय पर्यावरण मंत्रालय के साथ समन्वय कर पर्यावरण स्वीकृतियां जल्द दिलाने में सहयोग करे। सीएम ने कहा कि प्रदेश में खनिज संपदा के विपुल भंडार मौजूद हैं। इनका वैज्ञानिक और पर्यावरण अनुकूल तरीके से समुचित दोहन देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

### खनन पट्टे जारी जल्द जारी हों

सीएम गहलोत ने कहा कि खनिज ब्लॉक्स की नीलामी के बाद खनन पट्टा जारी करने की कार्रवाई जल्द की जाए। इससे खनिज विकास के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी सुलभ हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया और मिनरल एक्सप्लोरेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने से पहले इस बात का परीक्षण कर लिया जाए कि संबंधित खनिज ब्लॉक व्यावसायिक दृष्टि से खनन के लिए उपयुक्त है या नहीं।

### रॉयल्टी के संशोधन प्रस्तावों पर जल्द हो फैसला

**गहलोत** ने वीसी के जरिए केंद्रीय खान मंत्री जोशी के समक्ष कहा कि प्रधान खनिजों से राजस्थान को करीब 70 प्रतिशत रॉयल्टी मिलती है। इनकी रॉयल्टी दरों में केन्द्र सरकार ने पिछले 3 साल से भी ज्यादा समय से कोई संशोधन नहीं किया है। राज्य सरकार की ओर से रॉयल्टी की दरों में संशोधन के लिए भेजे गए प्रस्तावों पर शीघ्र निर्णय लिया जाए ताकि कोविड के इस चुनौतीपूर्ण दौर में प्रदेश सरकार के राजस्व में बढ़ोतरी हो सके, जिससे विकास कार्यों को गति मिल सके।

ICUमें तड़प रहा मासूम

# पिट बुल नस्ल के डॉग प्रदेश में बैन होंगे-खाचरियावास



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पिट बुल नस्ल के पालतू डॉग के हमले में जख्मी 11 साल के मासूम विशाल का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। वह ICU में भर्ती है। पूरे चेहरे की पट्टी की गई है। वह किसी को देख नहीं पा रहा है। जयपुर के अजमेर रोड स्थित टैगोर नगर में सोमवार को हुए खूंखार डॉग के हमले से पूरा इलाका दहशत में है। उधर, मंगलवार को परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास हॉस्पिटल पहुंचे और डॉक्टर्स से उसकी तबीयत के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस तरह के खूंखार डॉग यदि पाल नहीं सकते तो उन्हें रखना भी नहीं चाहिए। प्रदेश में इस तरह के नस्ल के डॉग को पालने पर बैन लगाया जाएगा।

since 2005
विनायक ज्वैलर्स
BIS 100% Hall Marked Jewellery
22 K 916 हॉलमार्क ज्वैलरी
18 K 750 हॉलमार्क डायमंड ज्वैलरी
970 Silver Utensiles
Certified राशि रत्न
Retailer of Gold, Diamond & Silver Jewellery
G-46, Unnati Tower, Central Spine, Vidhyadhar Nagar, Jaipur
0141-2337548, 0141-2337458, 9414156451

QSI Reliable, Professional & Genuine ISO Certification
Serving Govt, PSU, MSME, Health & Education etc
Services since 2001
ISO Awareness, Auditors/ L.A. Training On site - PUBLIC
CE, NABL, NABH, SEDEX, Disaster M.PLAN Product & Process standards ISO 4427 Assistance & Certifications
HBO Oxygen Treatment
Franchise Available
SNHL, Wounds, AUTISM, C.P. Side effects of Post Chemo-Radio Preventive Healthcare
-: Contact :-
R. C. Agrawal, Director
Call. 9829017133, 0141- 2236895
QSI (India) Certifications P.L.
SF 1/557 Vidyadhar Ngr, Jaipur-39
Email: qsicert@gmail.com
www.qsi-india.com
ISO 9001, 14001 IMS ISO 45001, 22000, 27001 EA ISO 50001, MD 13485, SA 8000 , Weld Quality ISO 3834-2 , 15085, IRIS 22163 IATF-16949 ETC







संपादक : **ज्ञानेन्द्र मिश्रा** मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। **संपादकीय कार्यालय** : 63, राजीव नगर, मदनबाड़ी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

Jagruk Janta
# जागरूक जनता
Digital Edition
Reliable Weekly News Paper
jagrukjanta.net
जयपुर, बुधवार, 21 जुलाई, 2021
/jagrukjantanews jagruk_janta /jagrukjanta

नगर निगम हैरिटेज कमेटियों की फांस

## ज्यादा कमेटियां बनाने पर सहमत नहीं हुए यूडीएच मंत्री



### धारीवाल से मिलने पहुंचे खाचरियावास, जोशी और कागजी को नहीं मिली खास तवज्जो

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर नगर निगम हैरिटेज में संचालन समितियों (कमेटियों) नहीं बनने से जयपुर शहर की सरकार अब अपनों और सहयोगी पार्षदों (निर्दलीयों) से घिरती नजर जा रही है। पार्टी को सहयोग करने वाले 9 में से 7 पार्षद आज परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के पास पहुंचे और कमेटियों बनाने की मांग की। सूत्रों के मुताबिक पार्षदों ने कहा कि जल्द ही कमेटियां नहीं बनी तो वे बोर्ड से समर्थन भी वापस लेने पर विचार करेंगे। पार्षदों से करीब डेढ़ घंटे की मुलाकात के बाद खाचरियावास नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल से मिलने उनके निवास पर पहुंचे।

यहां मुख्य सचेतक महेश जोशी और विधायक अमीन कागजी भी आए और ज्यादा से ज्यादा कमेटियां बनाने की बात कही। हालांकि धारीवाल ने विधायकों की इस मांग को ज्यादा तवज्जों नहीं दी। धारीवाल 28 से ज्यादा कमेटियां बनाने के पक्ष में नहीं है। इसलिए 15-20 मिनट की बैठक के बाद तीनों विधायक धारीवाल के घर से वापस लौट आए। सूत्रों के मुताबिक विधायक ज्यादा से ज्यादा कमेटियां बनवाना चाहते है, ताकि वे निर्दलीयों के साथ-साथ कांग्रेसी पार्षदों को भी खुश रख सके। मेयर मुनेश गुर्जर ने चारों विधायकों प्रताप सिंह खाचरियावास, महेश जोशी, अमीन कागजी और रफीक खान से चर्चा के बाद 34 कमेटियों का प्रस्ताव सरकार को भिजवाया था। लेकिन धारीवाल 28 से ज्यादा कमेटियां बनाने के पक्ष में नहीं है। क्योंकि नगर निगम ग्रेटर में 150 वार्डों के बीच 28 कमेटियां (21 एक्ट के तहत और 7 अतिरिक्त) बनाई है, लेकिन सरकार ने 7 अतिरिक्त कमेटियों पर एतराज जताते हुए उन्हे निरस्त कर दिया था। वहीं नगर निगम हैरिटेज में तो 100 ही पार्षद है।

#### निर्दलीयों के भरोसा बना है नगर निगम में पहली बार बोर्ड

**दरअसल** जयपुर नगर निगम में कांग्रेस का पहली बार बोर्ड बना है, वो भी निर्दलीयों के सहारे। नगर निगम हैरिटेज में 100 सदस्यों वाले बोर्ड में कांग्रेस के 47 सदस्य चुनकर आए थे। बहुमत के लिए 4 सदस्यों की जरूरत थी, तो जीतकर आए 11 में से 9 निर्दलीयों ने समर्थन देते हुए कांग्रेस का बोर्ड बनाने में अहम भूमिका निभाई। तब निर्दलीयों को आश्वासन दिया था कि कमेटियों में उनको पूरी तवज्जो दी जाएगी।

#### पार्षद की जगह उनके पति पहुंच रहे है नेतागिरी करने

नगर निगम में भले ही महिला पार्षद चुनाव जीतकर आई हो, लेकिन उनकी जगह राजनीति में दखल उनके पतियों का ही रहता है। इस मामले में भी ऐसा ही देखने को मिल रहा है। 8 में से 2 महिला पार्षद तो नहीं पहुंची, लेकिन उनकी जगह उनके पति वार्ता के लिए मंत्री के घर पहुंचे। इसमें वार्ड 12 की पार्षद मौजम बानो के पति अख्तर हुसैन और वार्ड 23 की पार्षद जाहिदा बानो चिराणियां के पति नवाब अली चिराणियां।

#### ये आ रही है मुख्य समस्या

राज्य में सरकार कांग्रेस की और नगर निगम में मेयर और बोर्ड कांग्रेस का उसके बावजूद कमेटियां अब तक नहीं बनी। इसके पीछे कुछ कारण बताए जा रहे है। सबसे प्रमुख विधायकों का आपस में तालमेल नहीं बैठना है। 3 विधायक चाहते है कि निर्दलीयों को समितियां देने के बाद जो समितियां बचे उसे विधानसभावार सदस्यों की संख्या के अनुपात में बांटा जाए। जबकि प्रतापसिंह ऐसा नहीं चाहते। वे चाहते है कि निर्दलीयों को जोड़ते हुए सभी कमेटियां समान अनुपात में विधानसभावार बांटी जाए।

केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने की आधिकारिक घोषणा। पढ़ाई के साथ शोध और भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर काम होगा

# नोएडा में बनेगा देश का पहला हेरिटेज इंस्टीट्यूट

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**नोएडा।** दुनिया के बेहतरीन शहरों में शुमार नोएडा के नाम अब एक तमगा लगने जा रहा है। दरअसल, गौतमबुद्ध नगर औद्योगिक हब होने के साथ-साथ अब शैक्षणिक केंद्र बन रहा है। यही कारण है कि केंद्र सरकार ने भारत का पहला इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हेरिटेज नोएडा में बनाने का फैसला किया है। इसकी आधिकारिक घोषणा केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने कर दी है। इस संस्थान की खासियत यह होगी कि इसमें पढ़ाई के साथ-साथ शोध और भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर काम किया जाएगा। बता दें कि साल 20-21 के बजट में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ हेरिटेज बनाने की घोषणा की थी। जानकारी के अनुसार इसे डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी का दर्जा मिलेगा। यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति और उसकी विरासत से रूबरू होने का भी पूरा मौका मिलेगा। इतना ही नहीं, इच्छुक छात्र यहां भारत की प्राचीन ऐतिहासिक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, शोध, पढ़ाई और दूसरे बिंदुओं पर भी काम करेंगे। इसमें स्नातक से लेकर पीएचडी तक के कोर्स कराए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी का कहा है कि यह भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने में बहुत ही मददगार साबित होगी। इसके बनने से संस्कृति के बारे में उच्च शिक्षा को बल मिलेगा। इसके अलावा इसमें होने वाले शोध के जरिए दुनिया भर के लोगों को इससे जोड़ा जा सकेगा। यहां छात्रों को हिस्ट्री ऑफ आर्ट्स, संरक्षण, म्यूजियम विज्ञान, पुरातत्व शास्त्र, अभिलेख-मुद्रा शास्त्र, पांडुलिपि विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषयों का विशेष अध्ययन कराया जाएगा। छात्रों के अलावा संस्कृति मंत्रालय के अधीनस्थ इन विषयों के विभागों में कार्यरत सभी कर्मचारियों को भी इस संस्थान से जोड़ा जाएगा।जिससे कि वह यहां प्रशिक्षण ले सकें। वह यहां अध्ययनरत छात्रों के साथ मिलकर शोध में भी मदद कर सकेंगे।



#### इंस्टीट्यूट ऑफ आर्कियोलॉजी की होगी स्थापना

**जानकारी** के अनुसार केंद्र सरकार ने इसकी स्थापना के लिए पूरा खाका तैयार कर लिया है। जल्द ही इसके लिए जमीन भी फाइनल कर ली जाएगी। इसके लिए प्राधिकरण के अधिकारियों से भी बात चल रही है। वहीं बताया जा रहा है कि इस संस्थान में इंस्टीट्यूट ऑफ आर्कियोलॉजी की भी स्थापना की जाएगी। इसके अलावा स्कूल ऑफ आर्किव्स स्टडीज, नेशनल म्यूजियम इंस्टीट्यूट ऑफ हिस्ट्री ऑफ आर्ट कंजर्वेशन एंड मूसलॉजी, नेशनल रिसर्च लैबोरेट्री फॉर कंजर्वेशन ऑफ कल्चरल प्रॉपर्टी और इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर द आर्ट्स इसके विभाग होंगे।

श्रीलंका को दूसरे वनडे में 3 विकेट से हराया

# इंडिया ने सीरीज पर किया कब्जा

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम ने मंगलवार को आर. प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए रोमांच से भरपूर दूसरे वनडे मुकाबले में श्रीलंका को 3 विकेट से हरा दिया। भारत की जीत में दीपक चाहर (नाबाद 69, 82 गेंद, 7 चौके, 1 छक्का) और भुवनेश्वर कुमार (नाबाद 19 रन, 28 गेंद, 2 चौके) की अहम भूमिका रही। दोनों ने आठवें विकेट के लिए नाबाद 84 रनों की साझेदारी कर हारा हुआ मैच भारत की झोली में डाल दिया। चाहर और भुवनेश्वर की बहादुरी का ही नतीजा है कि तीन मैचों की सीरीज में भारत ने 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। पहले वनडे में भारत ने मेजबान टीम को सात विकेट से हराया था। पहले मैच के उलट मेजबान टीम सराहनीय प्रदर्शन करते हुए एक समय जीत की ओर अग्रसर थी लेकिन चाहर और भुवनेश्वर ने बल्ले के साथ कमाल करते हुए उससे जीत छीन ली।




#### चाहर और भुवी ने पलटा मैच का रुख

पहले बैटिंग करते हुए उसने भारत को 276 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया और फिर 193 रनों पर उसके सात विकेट झटक लिए थे लेकिन इसके बाद अपना पहला अर्धशतक लगाने वाले चाहर ने भुवनेश्वर के साथ आठवें विकेट के लिए 84 रनों की नाबाद साझेदारी कर पासा पलट दिया। भारत ने 49.1 ओवरों में सात विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया।भारत की ओर से चाहर के अलावा अपना दूसरा वनडे खेल रहे सूर्यकुमार यादव ने 53 रन बनाए। यह वनडे में उनका पहला अर्धशतक है। इसके अलावा मनीष पांडे ने 37, क्रूणाल पांड्या ने 35 रन जोड़े। कप्तान शिखर धवन के बल्ले से 29 रन निकले। श्रीलंका की ओर से वानिंदू हसारांगा ने तीन विकेट लिए। इससे पहले, चरीथ असालंका (65) और अविष्का फर्नांडो (50) की शानदार पारियों की मदद से श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में नौ विकेट पर 275 रन बनाए। भारत की तरफ से भुवनेश्वर कुमार और युजवेंद्र चहल ने तीन-तीन विकेट और दीपक चाहर ने दो विकेट लिए।

# गार्गी पुरस्कार के लिए कटारिया लिखेंगे केंद्र को पत्र

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सीबीएसई की छात्राओं को गार्गी पुरस्कार दिलाने की मांग पर सहमति जताते हुए नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया ने बच्चों से वादा किया कि वो इस संबंध में देश के शिक्षामंत्री को पत्र लिखेंगे। इस पत्र में बच्चों की इस मांग पर विचार करने का अनुरोध किया जाएगा। दरअसल, राज्य बोर्ड में 10वीं और 12वीं में 75 फीसदी या अधिक अंक लाने वाली छात्राओं को गार्गी पुरस्कार दिया जाता है, जबकि सीबीएसई में यह प्रावधान नहीं है। उन्होंने फ्यूचर सोसायटी, एलआईसी और आईडीबीआई बैंक की ओर से आयोजित किए जा रहे डिजिटल बाल मेले के सीजन 2 के दौरान कही। संवाद में कुशलगढ़ की माही गादिया ने सवाल किया कि सीबीएसई की छात्राओं को भी गार्गी पुरस्कार दिया जाना चाहिए। इस सवाल के जवाब में कटारिया ने बच्चों से यह वादा किया। संवाद के दौरान बच्चों ने कई अहम राजनीतिक सवाल भी नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया से किए। संवाद के दौरान कटारिया से सवाल किया कि आज सरकारों को अस्थिर करने का काम किया जा रहा है। क्या इसके पीछे नेताओं का हाथ है? इस सवाल का जवाब देते हुए नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने मध्यप्रदेश की बात करते हुए कहा कि वहां वोट प्रतिशत भाजपा का ज्यादा था। लेकिन चुनाव में पांच सीट कांग्रेस के पास अधिक थी। ऐसे में एक धड़ा ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ कांग्रेस से निकल गया और जिसके कारण उनकी सरकार गिर गई। कटारिया ने कहा कि कांग्रेस खुद ही अपने आंतरिक कारणों से सरकार नहीं बचा पाई। सरकार गिराने में खुद कांग्रेस के नेताओं का ही हाथ है। वहीं, राजस्थान को लेकर कहा कि यहां भाजपा और कांग्रेस में 34 सीट का अंतर है। ऐसे में इसे भाजपा पूरा नहीं कर सकती है।

# विभाग ने ऑनलाइन पोर्टल में शेड्यूल बदला, परेशान होते रहे शिक्षक

19 जुलाई दोपहर तीन बजे से 22 जुलाई रात 11.59 की जगह दिया 19 जुलाई रात 11.59का समय

### ऐसे में शारीरिक शिक्षक, लैब सहायक और लाइब्रेरियन नहीं कर सके आवेदन

### मामला सामने आने के बाद फिर बदला समय, अब शिक्षक फिर से कर सकेंगे आवेदन

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** शिक्षा विभाग की ओर से तबादले के लिए आवेदन प्रक्रिया तो शुरू कर दी गई लेकिन विभाग ने ऑनलाइन पोर्टल पर शेड्यूल में बदलाव कर दिया जिसके चलते प्रदेश के हजारों शिक्षक मंगलवार को परेशान होते रहे। गलती सामने आने के बाद विभाग ने मंगलवार शाम को शेड्यूल में हुई त्रुटि को ठीक किया जिससे शिक्षकों ने राहत की सांस ली।

हुआ दरअसल यह कि शिक्षा विभाग ने तबादले के लिए ऑनलाइन आवेदन का समय 19 जुलाई दोपहर तीन बजे से 22 जुलाई रात 11.59 बजे तक निर्धारित किया था, लेकिन सोमवार रात 12 बजे के बाद या मंगलवार सुबह जब प्रदेश के हजारों शारीरिक शिक्षक, लैब सहायक और लाइब्रेरियन ने अपने तबादलों के लिए आवेदन करने का प्रयास किया तो पता चला कि वह आवेदन करने में असमथ हैं क्योंकि ऑनलाइन पोर्टल पर इन तीन पदों के शिक्षक और कार्मिकों के तबादला आवेदन की तारीख 19 जुलाई दोपहर 3 बजे से 19 जुलाई रात 11.59 बजे तक ही दी गई है।

यह देखकर हजारों शारीरिक शिक्षक, लैब सहायक और लाइब्रेरियन दिन भर परेशान होते रहे। मामले की जानकारी मिलने पर राजस्थान प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन शर्मा ने माध्यमिक शिक्षा निदेशालय से सम्पर्क कर मांग की कि इन तीनों श्रेणियों के लिए भी आवेदन का समय 22 जुलाई रात 11.59 बजे तक किया जाए। इसके साथ ही शिक्षकों ने भी माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में सम्पर्क किया जिसके बाद निदेशालय ने ऑनलाइन पोर्टल पर संशोधित समय की सूचना अपडेट की।

पीएम मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट में राजस्थान की छाप

# सेंट्रल विस्टा में लगेगा जालौर का ग्रेनाइट-धौलपुर का स्टोन

ताजमहल, पुरानी संसद और राममंदिर के बाद नई संसद पर भी लगेंगे हमारे यहां के पत्थर

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पीएम मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट सेंट्रल विस्टा (नई संसद) का कांग्रेस देशभर में विरोध कर रही है। लेकिन अब इसी प्रोजेक्ट पर राजस्थान की छाप होगी। विरोध के बावजूद राजस्थान से इस प्रोजेक्ट में जालोर का ग्रेनाइट तथा सरमथुरा और धौलपुर के पत्थर लगेगा। ग्रेनाइट की सप्लाई तो शुरू भी हो चुकी है। वहीं धौलपुर स्टोन का ऑर्डर मिलने की पूरी संभावना है। सेंट्रल विस्टा निर्माण से संबंधित एक दल व इंजीनियरों ने पिछले दिनों इस प्रोजेक्ट के स्टोन को लेकर राजस्थान का दौरा किया था। उन्होंने भरतपुर के सबसे चर्चित बंसी पहाड़पुर, बूंदी, बिजोलिया और कोटा स्टोन को भी परखा था, लेकिन इन्हें रिजेक्ट कर दिया गया। इन पर कर्विंग नहीं हो सकती है। इसकी पुष्टि खान विभाग के इंजीनियरों ने की है।



#### केंद्र ने राज्य सरकार के लिए बंसी पहाड़पुर में खनन का रास्ता खोला था... लेकिन सेंट्रल विस्टा के लिए यहां का पत्थर रिजेक्ट हो गया

कोरोनाकाल के दौरान कांग्रेस ने सेंट्रल विस्टा के खिलाफ मोर्चा खोला था। हालांकि, अब राजस्थान से पत्थरों की सप्लाई पर खान विभाग, पुलिस-प्रशासन ने कोई एतराज नहीं जताया है। वहीं केंद्रीय पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने भी भरतपुर के बंसी पहाड़पुर में सैंड स्टोन के खनन के लिए वन भूमि के डायवर्जन की स्वीकृति जारी की थी। साथ ही इससे जुड़े अन्य मामले भी खत्म कर राज्य सरकार के लिए खनन की राह खोली थी। इसी के बाद पत्थरों को अयोध्या भेजे जाने के रास्ते खुले थे। इससे पहले माना जा रहा था कि सेंट्रल विस्टा के लिए भी बंसी पहाड़पुर के पत्थरों का इस्तेमाल हुआ, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बता दें कि पुरानी संसद के भवन में भी राजस्थान के ही पत्थरों का इस्तेमाल हुआ था।

#### यहां-यहां लगेंगे पत्थर

सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत राष्ट्रपति भवन से इंडिया गेट तक 3 किमी लंबे राजपथ का सुधार होगा। अंडरपास, अंडरग्राउंड ब्लॉक आदि शामिल है। कृत्रिम तालाबों पर 12 पुल बन रहे हैं।

**राजस्थान** खनिज संपदा का एक भंडार है। हम चाहते हैं कि इसका उपयोग देश-दुनिया में हो और राजस्थान का नाम हो। खान चलाने वालों से लेकर इससे जुड़े कारीगरों को भी प्रोत्साहन मिलता रहे। यह गर्व की बात है कि हमारा पत्थर दिल्ली से लेकर दुनिया के हर कौन तक पहुंच रहा है।

**-प्रमोद जैन भाया,** खान मंत्री



## जागरूक खबरें

### इनर व्हील डिस्ट्रीक्ट 305 का अवार्ड एवं नव टीम का पदस्थापना समारोह जुम एवं यूट्यूब पर लाइव हुआ सम्पन्न



**झालावाड @ जागरूक जनता।** इनरव्हील क्लब बृजनगर झालावाड़ पूर्व आई.एस.ओ. एवं वर्तमान क्लब संवाददाता अंजु सोनी ने बताया कि डिस्ट्रीक्ट 305 का अवार्ड एवं नव डिस्ट्रीक्ट टीम का पदस्थापना समारोह मेहसाणा गुजरात से जुम एवं यूट्यूब पर डिजीटल रूप में आयोजित किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि एसोसियशन अध्यक्ष सरोज कटियार ने लखनऊ से जुम के माध्यम से अपना सम्बोधन दिया। समारोह में 52 वर्ष पुराने मेजबान क्लब इनरव्हील मेहसाणा की फाउन्डर सदस्य सभी का स्वागत किया ओर क्लब सें पहली बार चेयरमेन बनी राखी देसाई को शुभकामनाएं दी। चौयरमेन राखी देसाई ने अपने उदबोधन में सभी क्लब अध्यक्षों व अपनी टीम को उत्साह के साथ महिलाओं के हित व उन्नति के कार्यो को सर्वोपर रखकर करने की भावनाओं को प्रकट किया। वही पूर्व चौयरमेन केल्योपी जैन ने गत् वर्ष के क्लब द्वारा किये गये कार्यो के लिये सिमित श्रैणीयों में कोरोना काल में अति सेवाभावों के साथ क्लब व उनके पदाधिकारियों द्वारा किये कार्यो का निर्णायक पैनल द्वारा आंकलन कर उन्हे अवार्ड के लियें चुना। जिसमें इनरव्हील क्लब बृजनगर को 6 अवार्ड (आउट सेटिंग प्रोजेक्ट) क्रमशः 1 हाईजिन, 2 ओर्फनेज, 3 वाटर कोन्जरवेशन, 4 सभी क्लब अध्यक्षों के साथ आकांक्षा पाटनी, 5 चाइल्ड वेलफेयर, 6 क्लब को पहली बार (कोटा क्लब मेन द्वारा प्रायोजित स्पेशल अवार्ड) उमंग गर्ल्स ऐजुकेशन अवार्ड के साथ साथ व्यक्तिगत् श्रैणी में डिस्ट्रीक्ट स्तर पर क्लब आई.एस.ओ. अंजु सोनी को ऐक्सीलेन्ट वर्क के लिये प्रशंसा के साथ सम्मान पत्र दिया। क्लब अध्यक्षा आकांक्षा पाटनी ने क्लब को कोरोना वेशिक महामारी में सिमित संसाधनों व सोशल नियमों का पालन करतें हुऐं सभी क्लब सदस्यों से प्राप्त सहयोग से क्लब को मिलें अवार्ड का श्रैय प्रदान किया और सभी क्लब सदस्यों ने क्लब आकांक्षा पाटनी के साथ साथ अन्जु सोनी को व्यक्तिगत् ऐक्सीलेन्ट कार्य के लियें मिलें सम्मान के लिये शुभकामनायें प्रदान की। सोनी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करतें हुऐं, डिस्ट्रीक्ट सें मिलें सम्मान के लिये चयन पैनल का शुर्रि या अदा किया और वर्तमान सत्र में क्लब में प्राप्त नवपद क्लब कोरेस्पोन्डेन्ट पर अधिक उत्साह लग्न के साथ कार्य करते हुऐं क्लब का नाम डिस्ट्रीक्ट में करने इरादा बताया।

### सीपीएस में बीईंग मानव की नई कार्यकारिणी में तन्मय अध्यक्ष, अनन्या सचिव

**उदयपुर @ जागरूक जनता।** इंट्रेक्ट क्लब ऑफ बीइंग मानव सीपीएस की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिसमें तन्मय शर्मा को अध्यक्ष एवं अनन्या चौहान को सचिव बनाया गया। सभी नवीन पदाधिकारियों का कार्यकाल 1 वर्ष के लिए रहेगा। नए पदाधिकारियों के द्वारा बीइंग मानव के तहत किए जा रहे सेवा कार्यों को विस्तार दिया जाएगा। युवा पीढ़ी में मानवता से जुड़े सेवा कार्यों के प्रति समर्पण भाव जागृत करने के उद्देश्य से गठित इस संस्था द्वारा गत सत्र में कई गतिविधियां संपादित की गई । इस वर्ष भी अध्यक्ष तन्मय एवं सचिव अनन्या ने अपनी निर्वाचन के उपरांत सेवा कार्यों के प्रति अपनी योजनाओं एवं प्रतिबद्धता से उपस्थित लोगों को अवगत कराया। सीपीएस संस्थान की निदेशिका अलका शर्मा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सचिव को बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रदान की। शर्मा ने दोनों छात्रों को जीवन में सेवा भाव एवं सहयोग की प्रवृत्ति का महत्व अपने प्रेरणादायक शब्दों में बताया। सीपीएस की प्राचार्या पूनम राठौर ने गत सत्र में संपादित कार्यों की जानकारी दी एवं भूतपूर्व कार्यकारिणी के सदस्यों की सराहना करते हुए नए पदाधिकारियों को अपना बधाई संदेश प्रेषित किया।

### पानी आता ही नहीं, आता है तो देर रात्रि 12 बजे और वह भी गंदला, मटमैला

**बीकानेर @ जागरूक जनता।** शहर के अंदरुनी क्षेत्र धर्मनगर द्वार के पास-अंदर घरों में लोगों को पीने का पानी पूरा नहीं मिल रहा है और यदि कुछ जगह जो पानी आ रहा है वह भी रात्रि में 12 बजे के लगभग आता है और वह भी गंदला, मटमैला है। इसे लेकर क्षेत्र के जागरुक निवासी सामाजिक कार्यकर्ता किशनलाल उपाध्याय बाबा, गौरीशंकर उपाध्याय, रामकुमार, लालचंद, सन्नू महाराज, कालू प्रजापत, सुशील पुरोहित सहित मोहल्लेवासियों ने जलदाय विभाग के खिलाफ रोष जताया है। साथ ही इलाकेवासियों ने रोष जताते हुए कहा कि अगर सोमवार तक पानी सुचारु रुप से बढ़िया नहीं आया तो वे सभी एकत्रित होकर कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे और नारेबाजी करेंगे। उपाध्याय ने बताया कि जलदाय विभाग के अधिकारियों को बार-बार शिकायत कर दी गयी लेकिन कोई भी अधिकारी सुन नहीं रहा है आखिरकार मोहल्लेवासियों ने एकराय होकर निर्णय लिया कि सोमवार तक व्यवस्था सुचारू हुई तो ठीक अन्यथा कलेक्टर से इस बात की शिकायत की जाएगी। उन्होंने बताया कि लोगों के घरों में नलों में पानी पिछले दो-तीन दिन से नहीं आ रहा है और जिस घर में आ रहा है वह पानी रात्रि में 12 बजे आता है वह भी इतना गंदा है कि न तो पीने लायक और न ही कपड़े धोने लायक। पानी एकदम गंदा और बदबूदार आ रहा है। गौरीशंकर उपाध्याय, रामकुमार, लालचंद, सन्नू महाराज, कालू प्रजापत, सुशील पुरोहित सहित अनेक ने भी रोष जताया है।

### भगवती सोनी को मिला ग्लोबल बेस्ट टीचर अवॉर्ड



**बीकानेर @ जागरूक जनता।** वर्तमान में जब पूरा विश्व कोरोना महामारी से जूझ रहा है। स्कूल व कॉलेजों में पढ़ाई सिर्फ ऑनलाइन माध्यम से ही हो रही है। ऐसे समय में अपने नवाचारों द्वारा ऑनलाइन माध्यम से हजारों छात्रों को लाभान्वित करने वाले शिक्षकों का चयन यूथ फॉर यूनिवर्सल एंड वॉलंटरी एक्शन (युवा) द्वारा बेस्ट ग्लोबल टीचर अवार्ड के लिए किया गया है। बीकानेर राजस्थान से भगवती सोनी का चयन इस अवार्ड के लिए हुआ है। भगवती वर्तमान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जाटों की ढाणी नारायणपुरा बाप जोधपुर में पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। सोनी द्वारा फोर्थ स्क्रीन एजुकेशन के को-फाउंडर के तौर पर कार्य करते हुए शिक्षकों व छात्रों हेतु अनेकों नवाचार किए गए हैं जिससे हजारों छात्र लाभान्वित हो रहे हैं।

### राजस्थान मीडिया एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**सिरोही @ जागरूक जनता।** राजस्थान मीडिया एसोसिएशन शाखा सिरोही के बैनर तले राजसमंद में पुलिस उपाधीक्षक जितेंद्र सिंह आंचलिया द्वारा षड्यंत्र पूर्वक वरिष्ठ पत्रकार गीता, सुनील पीललई, भूपेंद्र सिंह चुंडावत को झुठे मुकदमें में फंसाने, अभद्र व्यवहार करने, पत्रकारों की कलम को रोकने के कुप्रयासों की गौर निंदा करते हुए एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की गई। ज्ञापन में बताया कि राजस्थान मीडिया एसोसिएशन के सिरोही शाखा के जिलाध्यक्ष हेमन्त अग्रवाल के निर्देशन में राजस्थान मीडिया एसोसिएशन के पदाधिकारियों व मीडिया कर्मियों ने राजसमंद में पुलिस उपाधीक्षक जितेंद्र सिंह आंचलिया द्वारा षड्यंत्र पूर्वक वरिष्ठ पत्रकार गीता, सुनील पीललई, भूपेंद्र सिंह चुंडावत की कलम को रोकने के कुप्रयासों की घोर निन्दा करते हैं। वर्दी एवं अधिकारों का दुरुपयोग कर समूचे राज्यभर के पुलिस महकमे को बदनाम करने वाले पुलिस प्रशासनिक अधिकारी जितेंद्र सिंह के खिलाफ कार्यवाही करने एवं पत्रकारों को सुरक्षा, न्याय दिलवाने की पुर जोर से मांग की गई। इस दौरान जिला संरक्षक कुंदनमल राठी, जिला महामंत्री दिलीप कुमार मीणा, जिला कोषाध्यक्ष रमेश कुमार पटेल जिला उपाध्यक्ष जैसाराम माली, शिवगंज ब्लॉक अध्यक्ष अशोक माली व कार्यकारिणी सदस्य भुराराम परमार समेत कई मीडिया कर्मी मौजूद रहे।

जागरूक जनता
jagrukjanta.com
फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें
अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

## लोक पर्व हरेला के अवसर पर बीटीयू कुलपति ने किया पौधारोपण

# प्रकृति का संरक्षण एवं संवर्धन मानव समाज के लिए आवश्यक-कुलपति विद्यार्थी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**बीकानेर।** बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय में आज उत्तराखण्ड के लोक पर्व हरेला के पर्व को विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण कर मनाया गया। इस पर्व के उपलक्ष्य में बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) अम्बरीष शरण विद्यार्थी, निदेशक अकादमिक डॉ. यदुनाथ सिंह एवं विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिकारियों द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विद्यार्थी ने हरेला पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हरेला का अर्थ हरियाली से है इस दिन सुख समृद्धि और ऐश्वर्य की कामना की जाती है। ऋग्वेद में भी हरियाली के प्रतीक हरेला का उल्लेख किया गया है। देहरादून- उत्तराखंड में सुख, समृद्धि और खुशहाली का पर्व हरेला हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता हैं, हरेला पर्व के साथ ही श्रावण मास की शुरुवात हो जाती हैं। हरेला पर्व पर्यावरण संरक्षण का त्यौहार है। ऋग्वेद में भी हरियाली के प्रतीक हरेला का उल्लेख किया गया है। ऋग्वेद में लिखा गया है कि इस त्यौहार को मनाने से समाज कल्याण की भावना विकसित होती है। आज का युवा जिस तरह से पुराने त्योहारों को भूलता चला जा रहा है उस बीच हरेला त्यौहार की प्रसिद्धि आज की युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का काम भी कर रही है। ऐसे त्यौहार अगर समय-समय पर मनाते जाएं तो युवा भी अपनी संस्कृति के प्रति रुझान करेंगे और युवा पीढ़ी भविष्य में इसके महत्व को भी समझ सकेंगी।

उन्होंने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि पौधारोपण हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है, हमें अपने जीवन में जितना हो सके उतना अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिये। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों की कमी से निरंतर पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। हम सभी का फर्ज बनता है कि पृथ्वी की खूबसूरती को बनाए रखने में अपना योगदान दें। उन्होंने युवाओं को अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। प्रकृति समस्त जीवों के जीवन का मूल आधार है। प्रकृति का संरक्षण एवं संवर्धन सभी जीव जगत के लिए बेहद ही अनिवार्य है।

प्रकृति पर ही पर्यावरण निर्भर करता है। यदि प्रकृति असन्तुलित होगी तो पर्यावरण भी असन्तुलित होगा और अकाल, बाढ़, भूस्खलन, भूकम्प आदि अनेक प्रकार की प्राकृतिक आपदाएं कहर ढाने लगेंगी। प्राकृतिक आपदाओं से बचने और पर्यावरण को शुद्ध बनाने के लिए पेड़ों का होना बहुत जरूरी है। पेड़ प्रकृति का आधार हैं। पेड़ों के बिना प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। निदेशक अकादमिक डॉ. यदुनाथ सिंह ने कहा की वृक्ष एक तरह से संतान की तरह ही मानव की उम्रभर सेवा करते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। यदि प्रकृति को ईश्वर का दूसरा रूप कहा जाए तो कदापि गलत नहीं होगा। पेड़ों पर प्रकृति निर्भर करती है। पेड़ लगाना प्रकृति का संरक्षण व संवर्धन है और प्रकृति का संरक्षण व संवर्धन ईश्वर की श्रेष्ठ आराधना है। एक पेड़ लगाने से असंख्य जीव-जन्तुओं के जीवन का उद्धार होता है और उसका अपार पुण्य सहजता से हासिल होता है। एक तरह से पेड़ लगाने से अपार पुण्य की प्राप्ति होती है। भारतीय संस्कृति में भी वृक्षारोपण को अति पुण्यदायी माना गया है। शास्त्रों में लिखा गया है कि एक पेड़ लगाने से एक यज्ञ के बराबर पुण्य मिलता है। पद्म पुराण में तो यहां तक लिखा है कि जलाशय (तालाब/बावड़ी) के निकट पीपल का पेड़ लगाने से व्यक्ति को सैंकड़ों यज्ञों के बराबर पुण्य की प्राप्ति होती है। केवल इतना ही नहीं भारतीय संस्कृति में एक पेड़ लगाना, सौ गायों का दान देने के समान माना गया है।

# विश्व की सबसे बड़ी मानव सेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल, सेवा प्रकल्प बने विशिष्ठ पहचान-डॉ जैन



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**निम्बाहेड़ा।** लायंस इंटरनेशनल विश्व की सबसे बड़ी मानस सेवी संस्था है। विश्व के 230 देशों में 13.5 लाख से अधिक सदस्य सेवा प्रकल्पों के माध्यम से जुड़े है। पिड़ितों की सेवा में सेवारत है। उक्त विचार लायंस क्लब निम्बाहेड़ा के सत्र 2021-22 की नवगठित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि एवं पदस्थापना अधिकारी डॉ जे.एम.जैन ने व्यक्त किए। कंचन रिसोर्ट में आयोजित समारोह में डॉ जैन ने कहा कि विगत 47 वर्षो से क्लब ने नेत्रदान, रक्तदान, देहदान, पौधरोपण सहित विविध सेवा गतिविधियों में प्रांत 3233ई2 तथा समाज में विशिष्ठ पहचान बनाई है। विशिष्ठ अतिथि संभागीय अध्यक्ष कैलाश लढ्ढा ने कहा कि संभाग 5 की 22 क्लबों द्वारा प्रांतपाल के कार्यक्रमों को चरणबद्ध निरंतर गतिमान रखेंगे। कार्यक्रमों की सफलता में प्रत्येक सदस्य की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। क्षेत्रिय अध्यक्ष राकेश सोमानी कपासन ने कहा कि प्रांतपाल द्वारा निर्धारित सेवा प्रकल्पों के अनुरूप कार्य करना है। सभी सदस्यों के सहयोग से ही कार्यो में सफलता मिलेगी। क्लब अध्यक्ष अशोक जैन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि वर्षभर कोरोना संक्रमण के बावजूद सदस्यों ने निरंतर सेवाएं प्रदान की है। जिसमें कोरोना काल में भोजन मुहैय्या करवाना, रक्तदान, प्लाज्मा डोनेशन, ऑक्सीजन सहित अनेक प्रकार की सहायता मुहैय्या करवाई है। सचिव विजय आगार ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

#### नवगठित कार्यकारिणी

अध्यक्ष सुरेश तोतला, सचिव दिलीप पामेचा, सहसचिव अरविंद खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष दीपक लढ्ढा, उपाध्यक्ष विजय कुमार आगार, राजकुमार रायपुरिया, अरविंद मुंदड़ा, जगदीश अग्रवाल, टेमर-मोहसीन खान व टेल ट्विस्टर हरीश भराड़िया।

**निदेशक मंडल-** उदयलाल आंजना, एस.के. राठौड़, डॉ जे.एम.जैन, जी.आर.गर्ग, शांतिचंद मेहता, ज्ञानचंद ढेलावत, शांतीलाल मारू, श्यामलाल भराड़िया, कैलाश लढ्ढा।

**विभिन्न् सेवा समितियां-** मेंबरशीप चेयरमेन रामलाल बैरवा, वाईस चेयरमेन मेंबरशीप श्यामसुंदर माहेश्वरी। क्लब एडमिनिस्ट्रेटर जी.आर.गर्ग, क्लब मार्केटिंग एवं कम्युनिकेशन नवीन मारू, क्लब सर्विस चेयरमेन नानालाल भूतड़ा, एलसीआईएफ कार्डिनेटर अशोक जैन, नेत्रदान चेयरमेन डॉ जेएम जैन, वाईस चेयरमेन डॉ जितेंद्र सिंहल, देहदान संयोजक सत्यप्रकाश जैथलिया, सेवा गतिविधि संयोजक बंशीलाल राईवाल, सहसंयोजक भरत आंजना, रक्तदान संयोजक कुलदीप नाहर, सहसंयोजक शब्बीर हुसैन बोहरा।

**तीन नए सदस्य-** डॉ हरीओम तुर्किया, सुनील डुंगरवाल व कुलदीप कुदाल नए सदस्य के रूप में क्लब से जुड़े है। कार्यकारिणी पदाधिकारी तथा मनोनित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ मुख्य अतिथि डॉ जैन द्वारा दिलाई गई। नवनियुक्त सदस्य व अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष को लेपल पीन लगाकर सम्मानित किया। लायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा गतवर्ष क्लब में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करने वाले सदस्य राजकुमार रायपुरिया तथा प्रमोद तिवारी को सम्मान स्वरूप पीन प्रदान किए। लायंस का प्रतिक चिंह नवमनोनित अध्यक्ष तोतला को प्रदान किया गया। अतिथियों को प्रतीक चिंह प्रदान किए। समारोह में लायंस क्लब कपासन तथा मनासा के सदस्यों ने भाग लिया। आभार एवं धन्यवाद लायन जीआर गर्ग द्वारा ज्ञापित किया। संचालन लायन अजय वैष्णव ने किया।

# आठ यूनिट रक्तदान कर दिया मानवता का परिचय

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**बालोतरा।** बालोतरा के स्थानीय नाहटा अस्पताल में भर्ती मरीज रेखा देवी को कमजोरी के दौरान बी नेगेटिव रक्त की आवश्यकता होने पर मरीज के परिजनों ने दुरभाषा के माध्यम से रामदेव रक्तकोष सेवा संस्थान टीम से सम्पर्क किया।

सूचना मिलते ही संस्थान अध्यक्ष सोनू जीनगर व वीरू राणा ने बिना देरी किये रक्तदाता उत्तम भाट से सम्पर्क किया। वीरू राणा के द्वारा सूचना मिलते ही रक्तदाता उत्तम भाट बीना देरी किये तुरन्त टीम सदस्य वीरू राणा के साथ अस्पताल पहुच कर बी नेगेटिव रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। वही गुलाबी देवी को रक्तदाता अशोक भाई ने और देवी कुमारी को रक्तदाता नितेश लोहार ने वही स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती मुकेश दका को ऑप्रेशन के दौरान एबी पॉजिटिव रक्त की जरूरत होने पर रक्तदाता विकाश पालीवाल, ओम प्रकाश लोहार ने, वही निजी अस्पताल में भर्ती मरीज अनीता देवी को डिलेवरी के दौरान ए पॉजिटिव रक्त की जरूरत होने पर रक्तदाता निम्बाराम गर्ग ने, व निजी अस्पताल में भर्ती मरीज रूपाली देवी को रक्तदाता खेताराम ने, साथ ही नाहटा अस्पताल में भर्ती मरीज जेठाराम को कमजोरी के दौरान रक्त की जरूरत होने पर रक्तदाता आश्विन भाई ने तुरन्त संस्थान अध्यक्ष जीनगर के साथ अस्पताल पहुच कर रक्तदान कर मानवता की मिशाल पैश की। अध्यक्ष जीनगर ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए बताया की सच्चे मानव सेवी वही होते है जो 1 कॉल कर तुरंत अस्पताल पहुँच कर बिना किसी स्वार्थ के मानव सेवा में अपना योगदान दे रहे है। इस दौरान संस्थापक श्याम डांगी, संस्थान अध्यक्ष सोनू जीनगर, राजू संत, राहुल व्यास, छगन दईया, चेतन चौहान, आशिफ खान, हैदर चड़वा, चंपालाल लोहार, खीमराज गवारिया, वीरू राणा, राज कड़वासरा, अर्जुन राणा, अशोक लोहार, गणेश लोहार, किशन लोहार, रामलाल बोराणा, जसू पाबड़ा, पार्षद नासिर भाई, चड़वा पार्षद सम्पत राज धरी, हीरालाल, महेंद्र गोदारा, घेवरचंद घांची सहित टीम सदस्य उपस्थित रहे।

## नाजायज सम्बन्धों से जन्मी संतान को दोष देना कितना उचित



भगवान प्रसाद
सामाजिक कार्यकर्ता
@jagrukjanta.net

**कर्नाटक** हाईकोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा 'माता-पिता नाजायज हो सकते हैं, पर बच्चे नहीं।' क्योंकि अपने जन्म में बच्चे की कोई भूमिका नहीं होती। जिसे हम जायज संतान कहते हैं या फिर आज तक नाजायज संतान कहते आए उन दोनों की इच्छा, क्रिया, गर्भधारण, उत्पत्ति, भ्रूण परिपक्वता और प्रसूति प्रक्रिया एक-सी होती है। फिर गर्भ में पलने वाले अबोध भ्रूण (बालक) पर दोषारोपण करने वाली सोच किस हद तक उचित है। यह बहुत ही गंभीर विषय है। इस पर चिन्तन होना ही चाहिए।

समाज में पाश्चात्य संस्कृति के नाम पर कई आकर्षण और नये-नये रिवाज प्रचलित होने लगे हैं। जिससे कई अनैतिक कृत्य प्रतिष्ठा और फैशन की परिभाषा के दावेदार बनने लगे है। भावनाएं, इच्छाएं बलवती होकर सामाजिक समस्याएं बनती जा रही है। हमें नहीं भूलना चाहिए कि आज होने वाली छेड़खानी, बलात्कार, धोखे, महिला दुर्व्यवहार और लव जिहाद जैसी घटनाएं ही विकृत सोच और फूहड़पन का परिणाम है। मानसिकता में मलीनता के समावेश से ही नाजायज सम्बन्ध बनते हैं, जिससे संतानें पैदा भी हो जाती हैं। गलती व्यक्ति कर सकता है लेकिन ऐसे कृत्य बढ़ने लगें तो वह विकृति बनकर संस्कृति एवं समाज को शर्मसार करने लगती है।

हिन्दु धर्म के गुरूपुराण में 17 तरह के कार्यो का निषेध करते हुए उन्हें पाप बताया गया है। जिससे बचने के लिए कहा गया है। अन्यथा व्यक्ति नरकगामी बनता है। इसमें एक विवाहित और वयस्क युवक अथवा युवती का किसी अन्य से नाजायज सम्बन्ध को भी पाप कहा गया है। अन्य धर्मो में भी अवैध सम्बन्धों को मान्यता नहीं है। फिर भी समाज के उच्छृंखल और नासमझ लोग लक्ष्मण रेखा लांघ कर संकट पैदा कर रहे हैं। जिन्हें दण्डित करने का प्रावधान जरूर हो । पर उन दोषी माता-पिता के संसर्ग से पैदा हुई संतानों को हेय दृष्टि से देखना, अपमानित जिन्दगी जीनी पड़े, उन्हें माता-पिता की सम्पत्ति से वंचित रहना पड़े.... यह कितना उचित है? ऐसे कुकृत्य रूके इस पर सरकार मंथन करें तथा नाजायज सम्बन्धों से जन्मी संतानों के सम्मानित जीवनयापन के लिए नीति निर्धारित करें पर कहीं ऐसा भी ना हो कि लोग इसकी आड़ में अवैध सम्बन्ध बनाकर एक नए वर्ग को पनपा दें?

महाभारत के पात्र विदुर एक दासी पुत्र थे। क्या उन्हें उस समय के समाज ने स्वीकार किया?

भगवद्गीता में कहा गया है - अधर्माभिभावात्कृष्ण प्रदुष्यन्ति कुलस्त्रियः। स्त्रीषु दुष्टासु वार्ष्णेय जायते वर्णसड्.करः।।

अर्थात् अवैध सम्बन्ध जैसे कृत्य अधर्म की श्रेणी में आते हैं।ऐसे पाप से पैदा होने वाली संतानों को 'वर्णसंकर' कहा जाता है। अनादिकाल से इस तरह के सम्बन्धों को निंदनीय ही माना गया है। क्या आज का भारतीय समाज इसे मन से स्वीकार करेगा? इसका ख्याल रखना भी जरूरी है।

जो नैतिकता के तराजु में हल्का है, उसे अवश्य ही रोकना होगा अन्यथा आने वाली पीढ़ियां ऐसे घृणित कृत्यों में शान और प्रतिष्ठा को जोड़कर विभत्स समाज की रचना करेगी, जो किसी भी दृष्टि से उचित नहीं होगा।

कानून कुछ भी बना दिए जाए पर इन सबके ऊपर अंतरात्मा की अदालत होती है। आप चाहे कितने भी चतुर, चालाक, और कूटनीतिज्ञ हो। अगर आपने साथी के साथ किसी भी तरह की बेईमानी की है तो आपका मन आपको हर रोज दंडित करता रहेगा। अवैध सम्बन्ध और उससे जन्मी संतान को अपनाकर या गुमनाम रखकर जीना भी चाहेंगे तो जीवन की शांति और आनंद का रंग फीका ही रहेगा।

चाहे किसी भी मजबूरी या स्थिति में अवैध सम्बन्ध या रिश्ते बने है...वह धोखा ही है। सम्बन्धों में अगर एकनिष्ठता, प्रतिबद्धता और स्वीकार्यता नहीं है तो फिर उनसे जन्मी संतान को समाज कैसे स्वीकार करेगा और सम्मान देगा? हमारे पूर्वजों ने विवाह को संस्कार की श्रेणी में रखा है और उसके बाद एक श्रेष्ठ,बलिष्ठ एवं सामर्थ्यवान संतानोत्पत्ति की संकल्पना के साथ विश्वासपूर्ण सम्बन्धों को बनाने की वकालत की थी। नाजायज सम्बन्धों से उत्पन्न संतानें मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर होती है। भविष्य में आने वाली प्रतिकूल परिस्थितियों का साहसपूर्वक सामना करने में अनचाहे गर्भ या अवैध सम्बन्धों से पैदा हुई संतानें कितनी सक्षम होगी? यह विचारणीय है।



### ईमानदारी का परिचय सड़क पर मिला मोबाइल मालिक को लौटाया

**श्रीविजयनगर @ जागरूक जनता।** कस्बे के तहसील कार्यालय के पास से गुजरते वक्त एडवोकेट नवीन सोनी को मुख्य मार्ग पर एक मोबाइल मिला वकील नवीन सोनी की ओर से मोबाइल मालिक की खोज कर मोबाइल मालिक भूपेंद्र यादव को उसका मोबाइल लौटा दिया गया। मोबाइल मालिक भूपेंद्र अपने मोबाइल को लोकेशन के आधार पर खोजते हुए कोर्ट कैंपस पहुंचे। एडवोकेट नवीन ने ईमानदारी का परिचय देते हुए मोबाइल मालिक को उसका मोबाइल लोटा दिया इस मौके पर बार संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे ईमानदारी का परिचय देते हुए कार्य को लेकर संघ की ओर से नवीन सोनी को प्रोत्साहित किया गया।

# प्रथम प्रयास में ही आरएएस में चयनित हुए झोटड़ा के सुरेश खिलेरी

### तैयारी के समय मोबाइल फोन और सोशल मीडिया से दूर रहकर आरएएस सपने को किया साकार

### समाज के गौरव 172वी रैंक हासिल कर बने दूसरे टॉपर



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चितलवाना।** उपखंड क्षेत्र के झोटडा निवासी सुरेश खिलेरी पुत्र मोहनलाल खिलेरी अध्यापक के आरएएस 2018 में अंतिम रूप से 172 वीं रैंक से चयनित होने पर समाज में खुशी की लहर है। और संबंधी व मित्रगण सफलता की खुशी में शाबाशी दे रहे हैं। सफलता अपने आप में बहुत बड़ी खुशी है जो समय समय पर जाहिर कर दी जाती है। पर इसके तालुक बड़े अच्छे और उच्च होते हैं। सफलता दृढ़ निश्चय और बड़े पैमाने की ताल्लुक है।

**परिचय :** इनका नाम सुरेश खिलेरी है। इनके पिता का नाम मोहनलाल खिलेरी है जो पेशे से अध्यापक है। मूलतः जालोर जिले के चितलवाना तहसील के झोटडा निवासी है। इनकी दसवीं तक की पढ़ाई गाँव में ही हुई है। बाद में बीटेक मेकेनिकल इंजीनियरिंग एनआईटी भोपाल से की थी।

#### आरएएस के जुनून के लिए बहुराष्ट्रीय कंपनी के बडेपद के ऑफर को ठुकराया

**खिलेरी** ने अपने आरएएस के जुनून के लिए बहूराष्ट्रीय कम्पनी के बड़े बड़े ऑफ़र को दो साल तक जॉब करने के बाद छोड़ा जॉब छोडने के बाद से उन्होंने कड़ी मेहनत और लगन से तैयारी को जारी रखा और प्रथम प्रयास में ही आरएएस बनने का सपना साकार किया।

#### स्वयं अध्ययन से पाई सफलता।

नवचयनित आरएएस सुरेश खिलेरी ने बताया की यह मेरा यह प्रथम प्रयास था माध्यम अंग्रेज़ी था मैंने प्रतियोगी परीक्षा के दौरान कभी भी मोबाइल फ़ोन और सोशल मीडिया का उपयोग नहीं किया। मैंने प्रशासनिक सेवा को ही लक्ष्य बनाकर बिना किसी कोचिंग लिए सफलता पायीं है। मुझे इससे भी अच्छी रैंक की उम्मीद थीं लेकिन पहली बार प्रतियोगी परीक्षा देने के कारण थोड़ा दो पेपर में टाइम मेनेजमेंट बिगड़ जाने के कारण रैंक पीछे आई है। अगली बार के लिए में आज से ही तैयारी में लग गया हूँ और मेरा प्रयास रहेगा कि अगली बार में प्रॉपर आरएएस बन पाऊं।

**प्रथम** प्रयास में ही अच्छी रैंक आने से मेरा आत्मविश्वास और अधिक मज़बूत हुआ है। मैं मेरी सफलता का श्रेय माता - पिता और जयपुर में तैयारी के दौरान हमेशा मेरा हौसला बढ़ाने वाले सभी मित्रगण व इंटरव्यू के मार्गदर्शन डीवाईएसपी जगदीश पूनिया को देता हूं।

**- सुरेश खिलेरी झोटड़ा,**
नवचयनित आरएएस


## ईद से पहले इराक में आत्मघाती हमला

# धमाके में 35 की मौत, IS आतंकी ने खुद को उड़ाया

**सदर (इराक)।** इराक के सदर शहर में आत्मघाती बम धमाके में 35 लोगों की जान चली गई और 60 से ज्यादा लोग जख्मी हुए हैं। मंगलवार को ईद होने की वजह से बाजार में काफी भीड़ थी। इसीलिए आतंकी ने इस जगह को चुना। इस हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन IS ने ली है। आतंकी संगठन ने टेलीग्राम के जरिए हमले की जिम्मेदारी ली है। IS का कहना है कि उसके एक आतंकी ने भीड़ के बीच खुद को बम से उड़ा लिया। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के सूत्रों का कहना है कि हमले में मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि घायलों में से कई की हालत गंभीर बनी हुई है। इस हमले के बाद इराक के प्रधानमंत्री मुस्तफा अल-काधेमी ने सुरक्षा कमांडर्स की आपात मीटिंग बुलाई। वहीं राष्ट्रपति बरहाम सालेह ने सोशल मीडिया के जरिए कहा कि एक भयानक अपराध के साथ कुछ लोग ईद से पहले सदर शहर में नागरिकों को निशाना बनाना चाहते हैं। हम तब तक आराम नहीं करेंगे जब तक कि आतंकवाद जड़ से खत्म न हो जाए।

## जागरूक खबरें

### संघर्ष समिति ने ACS अखिल अरोड़ा से की मुलाकात



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान नर्सिंग सीधी भर्ती 2018 संघर्ष समिति प्रतिनिधि मंडल के द्वारा अध्यक्ष सोम सिंह मीणा के नेतृत्व में जोइनिंग तिथि समस्या को लेकर सचिवालय में अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा वित्त विभाग से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उसके बाद संयुक्त शासन सचिव सुरेश कुमार से मुलाकात कर समस्या से अवगत करवाया। अध्यक्ष मीणा ने बताया कि नर्सिंग भर्ती 2018 नर्सेज की पदस्थापना सूची 28 अप्रैल 2020 जारी अनुसार चयनित संविदा नर्सेज को कोविड-19 महामारी के चलते कार्यमुक्त एवं कार्यग्रहण नहीं करवाया गया तत्पश्चात लगभग 4 माह बाद अगस्त माह में कार्यरत यथास्थान पर ही कार्यग्रहण करवाया गया। समिति ने चयनित संविदा नर्सेज के जोइनिंग तिथि 29 अप्रैल 2020 हेतु नोशनल लाभ दिए जाने की मांग रखी। मुलाकात में संघर्ष समिति सदस्य प्रदेश संयोजक पवन कुमार सह-संयोजक जितेंद्र कटारा आशीष भारद्वाज एवं गुरु प्रताप सिंह मौजूद रहे।

### महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति ने किया पौधारोपण



**श्रीविजयनगर @ जागरूक जनता।** कस्बे में महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ऑक्सीजन व प्रकृति के हालातों को देखते हुए सरकार की ओर से पौधारोपण को लेकर प्रोत्साहित किया जा रहा है ऐसे में सरकार के प्रोत्साहन पर महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति की ओर से पौधारोपण किया गया। इस मौके पर सयोंजक प्रीतम सिंह कामरा,सदस्य रविन्द्र रेगर,प्रेम राजोरिया, राजकुमार लखोटिया बजरंग, हेमराज बदरा,बंटी यादव,पार्षद विनोद कुमार,राजेश सारस्वत,राहुल जुनेजा,राहुल लोट,कश्मीर सिंह,जगदीश वाल्मीकि,राजेश वाल्मीकि, ओम वाल्मीकि,लालचन्द,राजेन्द्र सामरिया आदि उपस्थित रहे।

### उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान



**श्रीविजयनगर @ जागरूक जनता।** उच्च अधिकारियों के आदेश व स्थानीय थानाधिकारी रामेश्वर लाल बिश्नोई के निर्देश पर आज पुलिस की ओर से 'ए' श्रेणी चेकिंग अभियान चलाया गया एएसआई भोम सिंह के नेतृत्व में सुरजीत सिंह,गजेंद्र व अन्य पुलिसकर्मियों की ओर से 28 जीबी पुली पर नाकाबंदी कर आने जाने वाले वाहनों की जांच की गई। इस मौके पर पुलिस कर्मियों की ओर से मुख्य अनूपगढ़ सूरतगढ़ मार्ग से गुजरने वाले वाहनों की जांच की गई।

### दूषित पेयजल का जल्द समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी



**श्रीविजयनगर @ जागरूक जनता।** शहर में हो रही गंदे पानी की सप्लाई को लेकर कस्बे के लोगों में भारी आक्रोश है। जलदाय विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की मनमानी व लापरवाही के कारण कस्बे में लगातार दूषित बदबूदार,फ्लोराइड युक्त एवं मिट्टी युक्त पानी की सप्लाई की जा रही है ऐसे लगता है जैसे कि नहर से सीधा ही शहर में पानी सप्लाई हो रहा है। अधिकारियों को कई बार अवगत करवाने के बाद में कोई सुधार नहीं होने पर कस्बे के जागरूक युवाओं ने जलदाय विभाग के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया ।कार्यालय में कोई भी अधिकारी उपस्थित न होने के कारण फोन पर ही चेतावनी दी कि यदि सोमवार तक शुद्ध पानी की सप्लाई नहीं की गई तो काफी संख्या में नागरिकों द्वारा मटका फोड़ प्रदर्शन किया जाएगा व धरना दिया जाएगा युवाओं ने एसडीएम को गंदे पानी की बोतल व ज्ञापन देकर कस्बे में शुद्ध पेयजल की सप्लाई करवाने की मांग की है इस मौके पर युवा नरेश चुघ (लक्खा), जयशंकर मीठिया, पार्षद अजय सामरिया, मुकेश मीठीया, अमित नंदा, रमेश बदरा आदि जागरूक युवा उपस्थित थे।

### पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने व लागू करने की मांग तेज



**श्रीविजयनगर @ जागरूक जनता।** प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने वह तुरंत लागू करने की मांग को लेकर कस्बे के पत्रकारों की ओर से थानाधिकारी रामेश्वर लाल बिश्नोई को सीएम अशोक गहलोत के नाम मांग पत्र सौंपा गया। एडिटर एंड जर्नलिस्ट मीडिया काउंसिल टी के बैनर तले पत्रकारों नें थानाधिकारी को सीएम के नाम मांग पत्र सौंप कर प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने व लागू करने की मांग की है।प्रदेश व देश में आए दिनों कवरेज के दौरान पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार,मारपीट व अन्य प्रकार की घटनाएं देखने को मिल रही है। कई बार रसूखदार लोगों की ओर से मीडिया कवरेज पर रोक लगाने के लिए पत्रकारों को धमकाने के घटनाएं भी सामने आ रही है। ऐसे में इन पर लगाम लगाने के लिए प्रदेश के पत्रकारों की ओर से कठोर पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने की मांग की गई है। इस मौके पर पत्रकार कमल मिड्ढा ने बताया कि पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग को लेकर जगह-जगह पर पत्रकार मांग पत्र सौंप रहे है। ऐसे में सरकार को इस मांग पर ध्यान देते हुए जल्द ही प्रदेश के पत्रकारों को भयमुक्त कार्य करने के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून बनाया जाए। इस मौके पर जय किशन सिंधी, नरसिंह दास मिठिया,मदन छाबड़ा, हरिसिंह भास्कर,निर्भो सिंह, मोनू, सतनाम सिंह आदि मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा में भी राजस्थान बनेगा 'मॉडल स्टेट'- परिवहन मंत्री

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास की अध्यक्षता में राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की 18वीं बैठकशासन सचिवालय में आयोजित हुई। प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए बैठक में कई अहम प्रस्ताव लिए गए। खाचरियावास ने कहा कि सड़क सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर है। परिवहन विभाग ने कोरोना संक्रमित मरीजों के लिए जिस तरह ऑक्सीजन परिवहन का सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन कर 'मॉडल स्टेट' के रूप में पहचान बनाई, उसी तरह सड़क सुरक्षा में भी राजस्थान देश में 'मॉडल स्टेट' बनेगा।

खाचरियावास ने कहा कि परिवहन और पुलिस विभाग का मात्र चालान बनाना नहीं है बल्कि दुर्घटनाओं को रोकना हैं। यह हम सबकी बड़ी जिम्मेदारी हैं। सभी विभाग सड़क सुरक्षा से संबंधित बजट घोषणाओं के लिए समयसीमा तय कर जल्द से जल्द पूरा करें। उन्होंने कहा कि हर पंचायत स्तर पर सड़क सुरक्षा अग्रदूत बनाने पर विचार किया जावें।

#### बीआरटीएस को हटायें यूडीएच

खाचरियावास ने कहा कि जयपुर से बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टस (बीआरटीएस) कॉरिडोर दुर्घटनाएं हो रही है। दिल्ली में हटाया जा चुका है। यूडीएच विभाग के अधिकारी जयपुर में भी कॉरिडोर को तुरंत हटाने की कार्यवाही करें।

#### टोल प्लाजा के नजदीक बनाए जायें अस्पताल

बैठक में प्रदेश में संचालित टोल प्लाजाओं के पास एनएचएआई द्वारा अस्पताल बनवाने का प्रस्ताव लिया गया हैं। इसमें राज्य सड़क सुरक्षा परिषद द्वारा केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी को पत्र लिखा जायेगा। मंत्री ने कहा कि अधिकांश दुर्घटनाएं हाईवे पर होती हैं। टोल के पास अस्पताल और एंबुलेंस होने से घायलों को तुरंत ईलाज मिल सकेगा।

#### ब्लैक स्पॉट को करायें दुरूस्त

खाचरियावास ने कहा कि एनएचएआई हाईवे पर युद्ध स्तर पर कार्यवाही कर ब्लैक स्पॉट को दुरूस्त करायें। जयपुर-दिल्ली सहित सभी राजमार्गों पर चल रहे सड़क निर्माण कार्यों में तेजी लायें। बनावट में सुधार किया जायें। टोल संचालन करने वाली एजेंसी यदि शर्तों के अनुसार कार्य नहीं करें तो एनएचएआई सख्त कार्यवाही करें। पुलिस, परिवहन, सार्वजनिक निर्माण विभाग और सड़क निर्माण से संबंधित एजेंसी ब्लैक स्पॉट को तुरंत ठीक करायें। सड़क पर निकलने वाले अवैध कटों को बंद कराया जायें।

#### विभागों के साथ अलग-अलग की जायें बैठक

उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा से जुड़े स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर सुझाव लिए जायें। एनएचएआई, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, पुलिस, नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग की अलग-अलग बैठकें आयोजित सड़क सुरक्षा संबंधित कार्यों की मॉनिटरिंग की जायें। गांवों में चौराहों और उनके हाईवे से जुड़ने वाले मार्गों लाइट्स लगवाई जायें।

#### प्राइमरी ट्रोमा सेंटर शीघ्र होने चाहिए शुरू

खाचरियावास ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिवहन विभाग से राशि आवंटित होने के बावजूद प्राइमरी ट्रोमा सेंटर नहीं बन सकें। विभाग प्राथमिकता में लेकर निर्माण करायें, ताकि हाईवे पर दुर्घटनाग्रस्तों का गोल्डन ऑवर में उपचार मिलें।

#### हर कॉलोनी के प्रवेश पर बनाये स्पीडब्रेकर

खाचरियावास ने कहा कि मुख्य मार्गों के अलावा कॉलोनियों की गलियों में भी सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। सभी नगर निकाय कॉलोनियों के प्रवेश पर स्पीडब्रेकर, व्हाइट पट्टी लगाना सुनिश्चित किया जायें। सड़क सुरक्षा परिषद द्वारा बैठक में पारित प्रस्ताव का हवाला देकर सभी को पत्र लिखकर कार्यवाही के निर्देश दिये जायें। उन्होंने परिषद के अधिकारियों को हाईवे और मुख्य मार्गों पर तेजी गति से चलने वाले वाहनों की निगरानी के लिए कैमरे लगाने और चालान ऑटो-जनरेट कराने जैसे नवाचार करने के निर्देश दिए।

#### ट्रकों के डैशबोर्ड पर लगे कैमरे

परिवहन विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री अभय कुमार ने कहा कि बड़े ट्रकों के कारण ज्यादा दुर्घटनाएं होती हैं। इनकी स्पीड की निगरानी के लिए डैशबोर्ड पर कैमरे लगने चाहिए। सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों का आंकलन कर दुर्घटनाओं में कमी लाने का प्रयास होना चाहिए।

#### गुड सेमेरिटन को जल्द मिलेगा प्रोत्साहन

परिवहन आयुक्त महेंद्र सोनी ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद कर अस्पताल पहुंचाने वालों के प्रोत्साहन के लिए बजट में 'जीवन रक्षक योजना' की घोषणा की गई थी। इसमें मददगार को 5 हजार रूपये और प्रमाण-पत्र दिया जायेगा। जल्द ही लागू कर रहे हैं। बैठक में नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री कुंजीलाल मीणा ने हाईवे के नजदीक निजी अस्पताल संचालकों को सस्ती जमीन आवंटित कर अस्पताल खोलने के लिए प्रोत्साहित करने का सुझाव दिया। इनके सुझाव पर मंत्री खाचरियावास ने ऐसी जमीन चिंहित करने के निर्देश दिए। बैठक में राजस्व विभाग के प्रमुख शासन सचिव आनंद कुमार, एडीजी पुलिस स्मिता श्रीवास्तव सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधियों, एनजीओ के प्रतिनिधियों और ने भी सड़क सुरक्षा के बेहतर प्रबंधन के लिए सुझाव दिए।

किसान आंदोलन को लेकर बीकेयू की युद्ध स्तर पर तैयारियां शुरू

# अब किसान करेंगे संसद का घेराव

### तीन कृषि कानूनों की वापसी से अधिक बड़ा मुद्दा एमएससी को गारंटी कानून बनाया जाएगा



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** देश में चल रहा किसान आंदोलन कोविड के कमजोर पडने के साथ ही एक बार फिर जोड़ पकड़ रहा है। प्रदेश में भारतीय किसान यूनियन इस दिशा में प्रभावी रणनीति के साथ व्यापक आंदोलन की तैयारी करने में जुट गया है। इसी के तहत अब किसान मोर्चा संसद का घेराव करने के लिए 22 जुलाई के बाद संसद मार्च करेगा। यह निर्णय सोमवार को भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव एवं संयुक्त किसान मोर्चा कोर कमेटी के सदस्य युद्धवीर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई भारतीय किसान यूनियन की नवगठित कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया। जिसमें युद्धवीर सिंह ने कहा कि पिछले 8 माह से चल रही किसान आंदोलन के प्रति सरकार की असंवेदनशीलता एवं निरंकुशता देश के इतिहास में आजादी के बाद पहली बार देखी जा रही है। कोई भी लोकतांत्रिक सरकार किसानों व जनता के आंदोलन को इतने लंबे समय तक कुछ लेने के प्रयास नहीं कर सकती। ऐसे में अब संयुक्त किसान मोर्चा भी अपनी नई रणनीति तय कर रहा है जिसके तहत 22 जुलाई से प्रतिदिन 200 किसानों के साथ संसद के घेराव की रणनीति पर काम किया जाएगा। और कोविड की परिस्थितियों को देखते हुए संसद मार्च की तैयारी की जाएगी।

#### जिलों में कार्यकारिणी का गठन

राजाराम मील ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन की सभी जिलों में कार्यकारिणी का गठन हो चुका है भारतीय किसान यूनियन प्रदेश में अखिल राजस्थान किसान संगठन की आवश्यकता को पहली बार पूरा किया है और आने वाले दिनों में इस बैनर तले किसानों की मांग को पुरजोर तरीके से उठाया जाएगा। बीकेयू के प्रवक्ता प्रोफेसर सी बी यादव ने पूरे प्रदेश के किसान कार्यकर्ताओं को का बैठक शुभारंभ करते हुए देश के वर्तमान हालात में किसान आंदोलन की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस किसान आंदोलन ने आजादी के बाद पहली बार किसानों की आवाज को इतने बड़े स्तर पर बुलंद किया है। तीन कृषि कानूनों की वापसी से अधिक बड़ा मुद्दा न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी कानून का है। इसे लेकर पूरे प्रदेश में गांव गांव में जन जागरुकता अभियान चलाया जाएगा।

# राजस्थानी भाषा का काव्योत्सव सम्पन्न



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**मुम्बई।** काव्य सृजन परिवार, मुंबई द्वारा राजस्थान के विभिन्न भाषाओं का एक अनूठा काव्योत्सव का आयोजन किया गया। इस काव्य गोष्ठी के मुख्य संयोजक साहित्यकार डा. श्रीहरि वाणी थे। इस गोष्ठी की अध्यक्षता कवि विष्णु शर्मा हरिहर ने करी। मुम्बई महानगर के प्रख्यात समाजसेवी दीनदयाल मुरारका समारोह के मुख्य अतिथि थे। महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. हेमानंद सरस्वती के शुभाशीर्वाद से काव्य गोष्ठी का शुभारंभ हुआ। कवि रामेश्वर शर्मा रामूभैया के संचालन में जिन कवि/कवयित्रियों ने भाग लिया उनमें सर्वश्री योगीराज योगी (कोटा), डा. रेणू सिरोया (उदयपुर), मोतीलाल बजाज (मुम्बई), डा.नीता चौबीसा (बांसवाड़ा), गोपीकृष्ण बूबना (मुम्बई), डा. अनीता वर्मा (भीममण्डी), डा. नीता अग्रवाल (हनुमानगढ़), शोभाचंदर (जयपुर), चंद्रकांता चंदरेश (दिल्ली), डा.नीता कोठरी, चन्द्र प्रकाश पोद्दार (बिसाऊ) आदि ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। अन्त में समारोह अध्यक्ष हरिहर एवं मार्गदर्शक हौसिला अन्वेशी ने समीक्षात्मक वक्तव्य दिए। संस्था अध्यक्ष शिव प्रकाश जौनपुरी ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के तकनीकी सहयोगियों सौरभ दत्ता जयन्त एवं अजय शुक्ल बनारसी का विशेष सहयोग रहा।

जागरूक जनता jagrukjanta.com फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े हर खबर से आपको रखें अपडेट जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

जागरूक जनता jagrukjanta.com फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े हर खबर से आपको रखें अपडेट जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

# कोरोना वारियर्स डॉक्टर्स, नर्सिंगकर्मियों का किया सम्मान



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** अखिल भारतीय वैश्य अग्रवाल महासभा राजस्थान एवं अन्तरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन राजस्थान द्वारा कोरोना काल में हो रही रक्त की कमी एवं सामाजिक सरोकार एवं जरूर मन्दो की सहायता के लिए महाराजा अग्रसेन अस्पताल में रक्तदान शिविर एवं कोरोना काल मे विशेष सेवाएं देने वाले डॉक्टर्स और नर्सिंग कर्मियों सम्मान का आयोजन किया गया।

अन्तरराष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार मित्तल, प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र मोदी एवं संयोजिका अनिता अग्रवाल ने बताया कि शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीताराम अग्रवाल मंगला सरिया(निदेशक रीको) द्वारा एवं परम दादी भक्त नारायणी दादी सेवा संघ की अरुणा दीदी के आशीर्वाद से किया गया।

कार्यक्रम में रक्तदाताओं को सम्मानित किए जाने के साथ ही पूरे कोरोना काल में पूरे समर्पण एवं मनोयोग से सेवा देने वाले फ्रंट लाइन वर्कर्स,स्वास्थ्य कर्मी एवं राज.के सबसे बड़े अस्पताल स.रू.स के प्रोफेसर एवं कोविड यूनिट इंचार्ज Dr.M.k.Agarwal, (M.D) C.K.S अस्पताल के निदेशक Dr. महेश गोयल (M.D), एशोसिएट प्रोफेसर Dr. मनोज अग्रवाल (ONCOLOGY), प्रसिद्ध गायकोनॉलॉजिस्ट Dr. अनिता गोयल, (M.S GYINI), रेडियो सुरीला फड़का के RJ विजय जी,पुलिस उपधीक्षक (ग्रामीण) उमेश गुप्ता, एडिशनल पुलिस अधीक्षक सीमा हिंगोनिया,एवं पुलिस इंचार्ज सोनचंद लाडला को कोरोना संक्रमण काल में उनके उत्कृष्ट समर्पण,एवं कर्तव्यपरायणता के लिये सम्मानित किया गया!

इस अवसर पर अखिल भारतीय वैश्य अग्रवाल महासभा के महामंत्री कमल किशोर अग्रवाल, संरक्षक मनोज अग्रवाल (अग्रवाल कैटर्स),प्रदेश प्रभारी शिवदयाल मित्तल,युवा महामंत्री गजानन्द अग्रवाल,कोषाध्यक्ष विनोद बंसल, उपाध्यक्ष नारायण अग्रवाल,वरिष्ठ उपाध्यक्ष नथमल बंसल, उपाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, पार्षद सुरेश जांगिड़, पंकज गोयल, मालवीय नगर समाज समिति के अध्यक्ष सुभाष मित्तल, दादी भक्त अरुणा दीदी एवं दादी परिवार की बहने, महिला जिला अध्यक्ष उषा कैया, किशनपोल विधानसभा अध्यक्ष रामावतार गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, सदस्यता संयोजक रवि गुप्ता, मुख्य समन्वयक मुकेश बंसल, मनीष जालान,मोहित खोवाला, बनवारी अग्रवाल(छापराड़ी वाले),अनिल अग्रवाल,सुरेश लोहिया (सीकर हाउस),चन्द्र शेखर अग्रवाल, राज कुमार अग्रवाल, बाबूलाल अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, अनिता गुप्ता, सरोज अग्रवाल, सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। शिविर में सभी रक्तदाताओं को उपहार एवं रक्तदाता प्रमाणपत्र,स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया साथ ही सभी पधारे हुए अतिथियों को साफा, मोतियों की माला, एवं स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# गुरु शिष्य का नाता परम आत्मिक, परम अध्यात्मिक व परम पवित्र नाता है- श्री हरि चैतन्य महाप्रभु



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**भरतपुर।** शिष्य का नाता साधारण नाता नहीं अपितु परम आत्मिक, परम अध्यात्मिक व परम पवित्र नाता है। लेकिन दुर्भाग्यवश वहीं उच्च नाता आज अंधे और बहरे का नाता नजर आ रहा है, वह गुरु अंधा है जो शिष्य की कमियां नहीं देखता यदि देखता है तो उन्हें बताता नहीं, तुच्छ स्वार्थों के कारण। तथा वह शिष्य बहरा है जो गुरु के उपदेश को सुनता नहीं, यदि सुनता है तो समझकर जीवन में नहीं उतारता। यद्यपि गुरु का बहुत ही उच्च स्थान है, यदि यह कह दिया जाए कि गुरु ही ब्रह्मा (सद्गुणों को उत्पन्न करने वाला),गुरु ही विष्णु (उपदेशों के द्वारा उन सद्गुणों का पालन करने वाला), गुरु ही शंकर (जो कि दुर्गुणों व विकारों का संहार करने वाला) है। परम ब्रह्म परमात्मा का पृथ्वी पर देहधारी स्वरूप है सद्गुरु, तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। यदि यह भी कह दिया जाए कि ब्रह्मा, विष्णु,शंकर इत्यादि भी बिना गुरु के भवसागर से पार नहीं हो सकते तो अतिशयोक्ति नहीं, परंतु इतना उच्च पद रखने वाला गुरु यदि शिष्य को उसकी वास्तविकता से अवगत नहीं कराता, उसके संदेह, अज्ञान आदि का निवारण नहीं करता, कथनी व करनी के अंतर को मिटाकर उपदेश नहीं करता, मात्र उसका धन हरण करता है ऐसा गुरु अपने शिष्यों को नरक की यात्राओं से क्या बचाएगा वह तो स्वयं ही नर्क गामी होगा।

जिस सतगुरु की सेवा करके श्री राम, श्री कृष्ण इत्यादि अवतारों ने भी उसकी महिमा को प्रतिस्थापित किया है। उस गुरु की महिमा को करने की सामर्थ्य हमारी नहीं हो सकती। परंतु इतना तो अवश्य कह सकते हैं कि शिष्य गुरु को एक मानव नहीं मानव रूप में साक्षात परमात्मा का स्वरूप समझे, पर गुरु स्वयं को भगवान ना समझ बैठे। शिष्य अपना तन, मन,धन सब सद्गुरु के चरणो में अर्पण कर दें, लेकिन इसका तात्पर्य यह नहीं कि गुरु सब कुछ लेकर चलता बने। जो शिष्य के धन,संपत्ति इत्यादि पर ही नजर रखता है, वह गुरु कहलाने लायक भी नहीं हो सकता। आजकल दुर्भाग्यवश तथा कथित गुरुओं की ही बाढ़ आ गई है। हम सभी सद्गुरु के बताए रास्ते पर चलें, हम गुरुओं की पूजा करते हैं, लेकिन उनकी सबसे बड़ी व सच्ची सेवा पूजा उस शिष्य ने की है जो उनके बताए रास्ते पर चलते हैं। हम अधिकांशत संतों,गुरुओं,अवतारों व ग्रंथों को मानते हैं परंतु उनकी नहीं मानते। एक मात्रा के अंतर से सारे लाभ से वंचित रह जाते हैं मात्र उनको नहीं उनकी भी माने।

ANCHOR | राजस्थान की कम्प्यूटर शिक्षक भर्ती

# दिल्ली से लेकर जयपुर-यूपी तक गर्माया सियासी पारा

### कंप्यूटर अनुदेशक की स्थाई भर्ती के लिए मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को दिया ज्ञापन




जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**पीपाड़ शहर।** प्रदेश में पहली बार होने वाली कम्प्यूटर शिक्षक भर्ती को लेकर शनिवार को युवाओं की सियासत तेज रही। इस बीच शिक्षा राज्य मंत्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने भर्ती को लेकर ट्वीट किया। उन्होंने ट्वीट के जरिए कहा कि सरकार के वार्ता के दौर पूरी तरह खुले हुए है। इस ट्वीट के बाद बेरोजगारों की ओर से ट्वीट किए गए। देर रात तक इस मामले में सोशल मीडिया पर घमासान जारी रहा। वहीं भाजपा सहित कई छात्र संगठन भी इस भर्ती के आंदोलन में कूद गए है। उन्होंने लाठीचार्ज के मामले में सरकार को निशाने पर लिया। दरअसल, बेरोजगारों की ओर से भर्ती की घोषणा के साथ ही दिल्ली में आंदोलन शुरू कर दिया। दो दिन पहले आंदोलनकारी युवा यूपी में प्रियंका गांधी से मिलने के लिए कूच कर गए। युवाओं का आरोप है कि इस दौरान उनके साथ मारपीट हुई। राजस्थान कंप्यूटर अनुदेशक भर्ती नियमित आधार पर निकवाने के लिए कंप्यूटर विशेषज्ञ राकेश सैनी व निष्कर्ष क्लासेज के जितेंद्र सिंह नानण के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम का उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौपा, कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के लखनऊ दौरे के समय भी राजस्थान के बेरोजगार युवाओं ने उनसे गुहार लगाई। वर्तमान युग कंप्यूटर युग होते हुए भी राजस्थान के एक भी सरकारी स्कूल में नही है स्थायी कंप्यूटर शिक्षक, सरकार ने करोड़ो रुपये खर्च कर कंप्यूटर बना दी। कंप्यूटर विषय अनिवार्य कर दिया लेकिन पढ़ाने वाला कोई नही है। ज्ञापन देने के दौरान महेंद्र आचार्य, राकेश चावरिया, संपत लीलर, मधुसूदन दाधीच, करण सोनी, किशन सहित अनेक कंप्यूटर डिग्रीधारी बेरोजगार युवा मौजुद रहे। एक्सपर्ट का कहना है कि कम्प्यूटर शिक्षक भर्ती को लेकर युवाओं का ज्यादा विरोध संविदा का। लेकिन सवाल यह है कि जब भर्ती की विज्ञप्ति ही जारी नहीं हुई तो नियमित या संविदा की तस्वीर साफ कैसे हो सकती है। इस मामले में कुछ बेरोजगार संगठनों को अंदेशा है कि सरकार इस भर्ती को नियमित के स्थान पर संविदा पर कर सकती हैं। इसलिए पहले से ही विरोध शुरू कर दिया है। हालांकि बेरोजगारों की मांग है कि सरकार नियमित भर्ती की घोषणा करें।

## जागरूक खबरें

### जीवन सुरक्षा एवं पर्यावरण रक्षा संस्था द्वारा वृक्षारोपण



**चौमू @ जागरूक जनता।** जीवन सुरक्षा एवं पर्यावरण रक्षा संस्था चौमू तहसील युवा प्रकोष्ठ द्वारा ghinoi सरपंच एकता कवर एवं संस्था अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा के सानिध्य में ग्राम सबलपुरा के सार्वजनिक स्थानों पर वृक्षारोपण किया गया, चौमू तहसील युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने बताया की संस्था द्वारा श्री बालाजी मंदिर परिसर श्री भोमिया जी मंदिर परिसर श्री रघुनाथ जी मंदिर परिसर स्कूल परिसर आदि में अशोक आम बिल नीम सहित 21 फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाए गए। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए वृक्षारोपण अनिवार्य है। सरपंच एकता कवर ने पेड़ों की सार संभाल को नैतिक जिम्मेदारी बताई चौमू तहसील अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने संस्था के वृक्षारोपण अभियान की जानकारी दी। इस अवसर पर सूर्यभान सिंह, राजेंद्र शर्मा, पंकज, मनीष, सुनील, खुशी सहित गणमान्य बंधु उपस्थित थे।

### पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री गहलोत से गोविंदगढ़ व बांसा में कन्या महाविद्यालय खोलने की मांग की



**चौमूं @ जागरूक जनता।** सुशील अग्रवाल पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से ग्राम गोविंदगढ़ व बांसा में कन्या महाविद्यालय खोलने की मांग की। पूर्व विधायक सैनी ने बताया कि ग्राम गोविंदगढ़ व बांसा के आस पास क्षेत्र की बहुत सी छात्राएं अध्ययन कर रही हैं। छात्राओं को अध्ययन के लिए विधानसभा क्षेत्र के एकमात्र कन्या महाविद्यालय चौमूं में आना पड़ता है जिससे छात्राओं को आने जाने में काफी समय व्यर्थ हो जाता है और अनेक गांव में आने जाने के साधन नहीं होने के कारण छात्राओं को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। गोविंदगढ़ व बांसा में कन्या महाविद्यालय खोलने से छात्राओं को अध्ययन करने में आसानी होगी। छात्राओं की मांग को देखते हुए जल्द से जल्द गोविंदगढ़ व बांसा में कन्या महाविद्यालय खोले जावे।

### अरुण ढाका के जन्मदिवस पर गोखले छात्रावास में पौधरोपण



**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान विश्वविद्यालय के महाराजा कॉलेज के गोखले छात्रावास एलुमिनाई एसोसिएशन के सदस्य और अरुण ढाका का जन्मदिवस राजस्थान विवि और गोखले छात्रावास में फलदार पौधरोपण करके मनाया। गोखले छात्रावास के एलुमिनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष कंवरसेन यादव के पौधारोपण कार्यक्रम वर्षभर चलेगा। असिस्टेंट प्रोफेसर विजयपाल मीणा ने बताया कि आज अरुण ढाका के जन्मदिवस पर राजस्थान विश्वविद्यालय में विभाग और गोखले हॉस्टल परिसर में जामुन, आम, अमरूद, अनार, नीम आदि किस्म के फलदार पौधे लगाए गए। ढाका को सुबह से ही छात्रावास के वर्तमान छात्रों और पूर्व सीनियर सदस्य, सहपाठियों द्वारा बधाई संदेश दिया जा रहा है। इस अवसर पर जर्मन भाषा के एक्सपर्ट जितेंद्र सैन, कृषि विभाग अधिकारी अजय पुंडीर, सूचना सहायक धर्मपाल ढाका, चाकसू तहसीलदार अजीत बुंदेला, ईडी इंस्पेक्टर विपिन खीचड़, सुधीर भालोटिया, कमांडेंट अजय परमार, जनसम्पर्क अधिकारी सोहन खर्रा, ऑडिटर अशोक दादरवाल, आरएएस सुनील जेफ, राकेश कुल्हार, असिस्टेंट प्रोफेसर मुकेश बैरवा, असिस्टेन्ट प्रोफेसर सुरेश चौधरी, विजय निठारवाल, अधिवक्ता राजेन्द्र यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य राजेश अहलावत, महाराजा कॉलेज पूर्व अध्यक्ष प्रमेन्द्र सिहाग, बैंक मैनेजर राकेश नगायच, राजीव मील, शिक्षाविद रोहिताश्व राव, डॉ राजीव तिलोटिया , दिनेश रॉयल, शिवदयाल बाजिया, संदीप यादव, परमानन्द, विनोद आदि उपस्थित रहे।



# आंवलहेड़ा पंचफल उद्यान में सीताफल की खेती से हरियाली और पंचायत की स्थायी आय का बढ़ेगा स्त्रोत

### हिन्दुस्तान ज़िंक द्वारा आंवलहेड़ा ग्राम पंचायत के सहयोग से बालानगरी किस्म के 1300 पौधे लगाए

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़।** हिन्दुस्तान ज़िंक द्वारा ग्रामीण विकास के लिये की जा रही पहल के अंर्तगत ग्राम पंचायत आंवलहेड़ा स्थित पंचफल उद्यान पर सीताफल की बालानगरी किस्म के 1300 पौधे लगाने का कार्य किया जा रहा है। अगले तीन वर्षो में इन पौधों से हरियाली के साथ साथ इन पर फल लगने से यह पहल ग्राम पंचायत के लिये स्थायी आय का स्त्रोत भी बन जाएगें।

आंवलहेड़ा की सरपंच लीलादेवी कुमावत ने कहा कि हिन्दुस्तान ज़िंक और ग्राम पंचायत द्वारा पंचफल को विकासित करने के लिये ग्राम पंचायत द्वारा गड्ढे कराने एवं ज़िंक द्वारा सीताफल के पौधे उपलब्ध कराये गये है। फलदार पौध लगाने से आस पास के क्षेत्र में हरियाली के साथ जल्द ही भविष्य में पंचायत को स्थायी आय भी मिलेगी।

हिन्दुस्तान ज़िंक द्वारा आंवलहेडा में उद्यानिकी विकास कार्यक्रम एवं पेयजल कूप, पम्प एवं पाईपलाईन बिछा कर ग्रमीण जनता के लिए पेयजल की आपूर्ति आवश्यकता के साथ ही चरागाह भूमि को पंचफल उद्यान में विकसित किया गया। ग्राम पंचायत के सहयोग से चरागाह उद्यानिकी विकास कार्यक्रम के तहत 7.28 हेक्टेर क्षेत्र में पूर्व में फलदार पौधे मय ड्रीप ईरिगेशन एवं वानिकी पौधे लगाकर विकसित करने का कार्य किया गया है। इन पौधो के लिए 33 हजार भराव लीटर क्षमता के जल संग्रहण केन्द्र का निर्माण एवं वायर फेन्सिग भी हिन्दुस्तान जिंक द्वारा किया गया है। पौध लगाने हेतु गांव प्रतिनिधि रतन कुमावत, नारायण कुमावत, मुकेश वैष्णव, शंकर कुमावत का सक्रिय योगदान रहा।

#### अगले तीन वर्षो में मिलने लगेगी सीताफल की पैदावार

**बालानगरी** सीताफल की किस्म जिले की जलवायु के अनुकल है, पंचफल में उपलब्ध मिट्टी और पानी की मात्रा से यह फसल संभव है। बरसात के मौसम में सीताफल की फसल लगायी जाती है। पंचफल पर पहाडी ढलान पर पानी को इकट्ठा करने का इंतजाम किया गया है। संभवतया अगले तीन वर्षो में सीताफल की पैदावार मिलने लगेगी।

विधायक ने किया आरएएस परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों का सम्मान

# प्रतिभाओं के सम्मान से बढ़ता है हौंसला-रामलाल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**चौमूँ।** चौमूँ उपखंड के ग्राम अनतपुरा-चिमनपुरा में आरएएस 2018 में नव चयनित ग्रामीण प्रतिभा प्रियंका यादव और सुमन चौधरी का सम्मान किया गया। विधायक रामलाल शर्मा ने कार्यक्रम में शिरकत कर दोनो नारी शक्ति पुंज प्रतिभाओं का सम्मान करते हुए कहा कि प्रतिभाओं के सम्मान से उनका हौसला बढ़ता है। वही शहर के सुभाष सर्किल स्थित भाजपा कार्यालय पर चूरू निवासी ललिता बॉक्सिंग खिलाड़ी का भी सम्मान किया गया। गौरतलब है कि बॉक्सिंग खिलाड़ी ललिता एशियन चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत चुकी है और चार बार इंटरनेशनल रह चुकी है। कार्यक्रम में सरपंच बद्रीप्रसाद यादव, रामसहाय यादव, बंशीधर यादव, विमल कुमार यादव, सावरमल यादव, उपसरपंच रमेश झिगोनिया, मोहन लाल यादव, कन्हैया यादव, रामविलास मीणा, माली राम मीणा, मांगीलाल, दोलाराम, जगदीश, गोपाल वार्डपंच नाथूराम, वार्डपंच शंकर यादव आदि गांव के लोगों ने प्रतिभाओं को मिठाई खिलाकर एवं गांव में मिठाई बांटकर खुशी मनाई।

# कोरोना गाईड लाईन की पालना के साथ ईदुल अजहा आज मनाई जायेगी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**निम्बाहेड़ा।** मुस्लिम समाजजनों द्वारा ईदुल अजहा बुधवार को मनाई जायेगी । अंजुमन परिसर में मंगलवार को अंजुमन कमेटी की बैठक में सदर शोएब लाला की सदारत में आयोजित हुई जिसमें आम सहमति से फैसला लिया गया कि सरकार की कोरोना गाईडलाईन की पालना करते हुए बुधवार सुबह 7:15 बजे उदयपुर मार्ग स्थित ईदगाह पर मात्र 5 जने ही ईद की नमाज अदा करेंगे। अंजुमन कमेटी ने कोरोना संक्रमण को देखते हुए समाज जनों से अपने - अपने घरों में ही नमाज अदा करने की गुजारिश की है। बैठक में शहर काजी मौलाना आबिद हुसैन, अंजुमन नायब सदर हाजी ख्वाजा हुसैन, समस्त मस्जिदों के ईमाम साहेबान अंजुमन मेम्बरान आदि उपस्थित थे।

# पंजाब की तर्ज पर 'ऑपरेशन राजस्थान'

### कांग्रेस हाईकमान अब राजस्थान की खींचतान मिटाने के लिए बड़े फैसले की तैयारी में, पायलट कैंप की मांगों को पूरा करने पर काम होगा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** पंजाब कांग्रेस की तर्ज पर अब कांग्रेस हाईकमान राजस्थान में खींचतान मिटाने के लिए बड़े फैसले कर सकता है। पंजाब में नवजोत सिंह सिद्धू को कैप्टन अमरिंदर खेमे के न चाहते हुए भी प्रदेशाध्यक्ष बनाने के बाद अब ऑपरेशन राजस्थान की तैयारियों पर मंथन चल रहा है। कांग्रेस हाईकमान ऑपरेशन राजस्थान के तहत खींचतान मिटाने के लिए सचिन पायलट कैंप की मांगों को पूरा करने की कवायद शुरू कर सकता है। कांग्रेस हाईकमान ने पंजाब मॉडल के बाद यह संकेत दे दिए हैं कि एक लिमिट से ज्यादा 'फ्री हैंड' किसी मुख्यमंत्री या बड़े नेता को नहीं मिलेगा।

#### छवि खराब होने के संकेत

कांग्रेस के जानकारों के मुताबिक, पंजाब के जरिए कांग्रेस हाईकमान ने अब परसेप्शन बदल दिया है। कांग्रेस हाईकमान के पास यह फीडबैक है कि सचिन पायलट और अशोक गहलोत खेमों के बीच चल रही खींचतान के लंबा खिंचने से जनता में सरकार और संगठन की छवि खराब हो रही है। इस खींचतान के कारण न मंत्रिमंडल विस्तार हुआ है न राजनीतिक नियुक्तियां समय पर हुई हैं। साल भर से जिला और ब्लॉक स्तर पर कोई पदाधिकारी नहीं है। कांग्रेस में संगठन पदाधिकारियों के नाम पर केवल प्रदेशाध्यक्ष और 39 प्रदेश पदाधिकारी हैं।

#### क्षेत्रीय क्षत्रपों के लिए आइना

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, राजस्थान के घटनाक्र म पर कांग्रेस हाईकमान इन दिनों लगातार निगाह रखे हैं। पिछले साल सचिन पायलट कैंप के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ बगावत और फिर वापसी के बाद काफी कुछ बदला है। बीच में कांग्रेस हाईकमान के कमजोर होने की हालत में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पूरी तरह फ्री हैंड मिलने की अटकलें थीं। अब पंजाब के बाद धारणा बदलती हुई दिख रही है। पंजाब के फैसले से कांग्रेस हाईकमान ने क्षेत्रीय क्षत्रपों को आईना दिखाया है।

#### सियासी पुनर्वास की उम्मीद

पंजाब के बाद अब राजस्थान में सचिन पायलट कैंप के नेताओं को उनकी मांगों के पूरा होने की उम्मीद जगी है। सचिन पायलट कैंप पिछले साल सुलह के बाद से ही मंत्रिमंडल विस्तार, राजनीतिक नियुक्तियां और संगठनात्मक नियुक्तियां जल्द करने की मांग कर रहा है। पिछले दिनों प्रदेश प्रभारी अजय माकन ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ दो दौर की बैठकें करके मंत्रिमंडल विस्तार, राजनीतिक नियुक्तियों और संगठनात्मक नियुक्तियों पर चर्चा की थी। उस वक्त गहलोत ने शेयरिंग फॉर्मूले पर एतराज जताते हुए पायलट खेमे को उसके विधायकों की संख्या के अनुपात में मंत्री बनाने का तर्क दिया। इसकी वजह से मामला अटक गया। अब इस काम को आगे बढ़ाए जाने की संभावना है।

#### ओवरहॉलिंग की तैयारी

राजस्थान में लंबे समय से चल रही खींचतान को कम करने के लिए सत्ता संगठन की जल्द ओवरहॉलिंग की तैयारी है। सचिन पायलट कैंप को उसकी मांग के मुताबिक सत्ता और संगठन में भागीदारी मिल सकती है। खाली पड़े संगठन के पदों से लेकर मंत्रिमंडल विस्तार और राजनीतिक नियुक्तियों में भी पायलट कैंप को तरजीह मिल सकती है।

#### पायलट समर्थक प्रदेश सचिव ने लिखा

पायलट समर्थक कांग्रेस के प्रदेश सचिव महेंद्र सिंह खेड़ी ने एक वाटसएप ग्रुप पर लिखा- आज एक घटना याद आ गई। जयपुर परकोटे में एक बार बरामदे हटाने की बड़ी कार्रवाई का ऐलान हुआ था। विरोध काफी दमदार था, लेकिन तत्कालीन अधिकारी ने शुरू के चार बरामदे तोड़ दिए। उसके बाद बाकी वालों ने खुद ही खाली कर दिए। पंजाब से एक बड़ा संदेश गया, क्योंकि अमरिंदर से करीबी हाईकमान का सीएम कोई नहीं है। पायलट समर्थक ₹ ांति तिवारी ने लिखा- बहुत दिनों बाद कांग्रेस हाईकमान ने बेहतरीन निर्णय किया है। राजस्थान के लोकप्रिय नेता सचिन पायलट साहब के मामले में भी हाईकमान ऐतिहासिक निर्णय लें।

जागरूक जनता कि टीम ने किया ग्राम पंचायत का निरीक्षण जाने ग्राम पंचायत के हाल

# गंदगी, टूटी सड़कें, ˙अतिक्रमण के अलावा स्वास्थ्य केन्द्र बना कबाड़

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**टोडाभीम।** तहसील कि ग्राम पंचायत कूढावल मै जागरूक जनता कि टीम ने पहुंचकर गाँव का निरीक्षण कर जाने गाँव के हालात बेरोजगार लोगों कि आवश्यकताओं की कैसे हो रही है पूर्ति, ग्राम पंचायत के सभी गांवों मै छोटे बड़े व्यक्तियों मै होने वाली छोटी-मोटी बीमारियों से निजात पाने के लिए उपचार हेतु क्या करते है उपाय कैसे पाते है बीमारीयों से निजात, शिक्षा के लिए छात्र क्षात्राओं को क्या-क्या मिल पा रही हैं सुविधाएं, साफ-सफाई को लेकर पंचायत में क्या किए जा रहे हैं इंतजाम, ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कितने बनवाए हैं गए है गरीबों को आवास, क्या हर वृद्ध व्यक्ति को मिल पा रहा है वृद्ध पेंशन योजना का लाभ, कोरोना काल में आमजन को किन किन परेशानियों का करना पड़ा था सामना और कैसे ग्रामीणों को मदद करने आए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, विशेषज्ञों के अनुसार कोरोना की तीसरी लहर आने पर ग्रामीणों को बीमारी से बचाव के लिए ग्राम पंचायत द्वारा क्या कर रखा है उपाय, ऐसे कई मामलों को लेकर पहुंची हमारी जागरूक जनता कि टीम और जाने पंचायत के हाल -

#### चिकित्सा स्वास्थ्य केंद्र बना कबाड़ खाना

ग्राम पंचायत कुढावल मैं पिछले कई वर्षो से बना स्वास्थ्य केंद्र आज कबाड़ खाना बना हुआ नजर आ रहा है, यहा के हास्पिटल मै चिकित्सा कर्मियों कि जगह कबाड़ रखने के काम ली जा रही है क्षेत्रीय ग्रामीणों को किसी बीमारी से निजात पाने के लिए उपचार करवाने को लगभग 10 किलोमीटर दुरी पर जाकर दवाइयां लेनी पड़ती है और प्रसूति महिलाओं को 20 किलोमीटर दूर बने स्वास्थ्य केंद्र में ले जाते समय कई बार रास्ते में ही प्रसव करवाना पड़ जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि जब हमारी पंचायत में स्वास्थ्य केंद्र बनने को मंजूरी मिली तब ग्रामीणों में खुशी का माहौल छा गया था पंचायत के लोग सोच रहे थे अब हमको भी किसी बीमारी से निजात पाने के लिए कही दूर नही जाने की आवश्यकता नही पड़ेगी और हमारे क्षेत्र के लोगों को छोटी बडी बीमारियों का उपचार मिल पाएगा लेकिन जब ये बनकर तैयार हुआ उसके बाद से ही आज तक यहा पर किसी डॉक्टर कि नियुक्ति नही कर उनके हौसलों पर पानी फेर दिया।

#### गांवों मै कचरा व गंदा पानी मै पल रहे मच्छर बने ग्रामीणों को बीमारी कि जड़

ग्राम पंचायत कुढावल के ग्रामीणों ने बताया कि हमारी पंचायत मै साफ सफाई को लेकर आज तक ग्राम पंचायत सरपंच या अन्य जनप्रतिनिधियों ने कोई कदम नही उठाया इस बार जब पंचायत चुनाव मै राजेश मीणा कि जीत हुई तो लोगों में एक पंचायत विकाश होने कि उम्मीद बड़ी और जब साफ सफाई को लेकर सरपंच से चर्चा कि तो उन्होंने मात्र कुछ स्थानों पर नालिया कि सफाई करवाई जो कुछ दिन बाद ही उसी प्रकार कि अवस्था मै हो गई जो वर्षो पहले थी इसलिए क्षेत्रीय ग्रामीणों को सड़को पर या घरों के सामने पानी का भराव हो गया है जिसमें मच्छर जैसे कई खातरनाक जीव जंतु पनप रहे है जो वर्षा ऋतु के दिनों में आमजन को कई बीमारियों से नुकाशान पहुँचा रहे हैं

#### फ्लोराइड मुक्त जल

ग्राम पंचायत के लोगों को फ्लोराइड मुक्त जल पिलाने मै रही ग्राम पंचायत सरपंच कि अहम भूमिका लगभग 30 वर्षों से पंचायत के लोग बोरवेल से फ्लोराइड युक्त जल का सेवन कर रहे हैं जिसकी वजह से ग्राम पंचायत के लगभग 50 वर्ष आयु कि उम्र के बाद लोगों को पैदल चलने व उठने बैठने मैं काफी परेशानियाँ आती है यहां के लगभग 80% लोगों को हाथ पैरों के जोड़ों में दर्द जैसी कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या से निजात पाने के लिए ग्रामीणों ने सरपंच से भी समस्या से निजात पाने की गुहार लगाई उसी वक्त मामले को गहराई में लेते हुए सबसे पहले जर्जर हालत मै पड़े पुराने कुओं का पारा निर्माण करवाकर उन्हे पेयजल योग्य बनाया इसी प्रकार पूरी पंचायत के करीब एक दर्जन कुए कि सफाई करवाई गई और पंचायत को पहले से बेहतर बनाया।

#### कुढावल ग्राम पंचायत के हर दूसरे घर में मिलेगा एक या उससे अधिक सरकारी नौकर

ग्राम पंचायत कुढावल के ग्रामीणों से हमारी जागरूक जनता कि टीम ने शिक्षा को लेकर जब चर्चा कि तो ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच राजेश मीणा के द्वारा शिक्षा को और बेहतर बनाने के काफी प्रयास किए जा रहे है वही पंचायत के कुछ विधालयों मै पेयजल संकट व अन्य सुवधाओ को मुहैया कराने के प्रयास भी किए जा रहे है पंचायत में जल्द ही क्षात्रो के लिए एक नई लाइब्रेरी बनवाने का कार्य भी करवा दिया जाएगा इसी बीच हम आपको एक और अहम जानकारी बता दे कि ग्राम पंचायत सरपंच राजेश मीणा द्वारा ग्राम पंचायत के शंकरपुर गाँव में शांति शिक्षा निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के नाम से शिक्षण संस्थान चला रखा है जिसमें पंचायत के हर गरीब बच्चों के लिए निशुल्क पेन पुस्तक देकर शिक्षा दी जा रही है। पंचायत के कुल 9 गांवो में 10 सरकारी विधालय एवं तीन निज़ी विधालय बने हुए है जिनमें करीब 1500 से अधिक क्षात्र संख्या बताई जा रही है और पंचायत के लोगों का शिक्षा कि और ध्यान भी देखने को मिल रहा है आपको बता दै कि इन सभी सरकारी विद्यालयों से शिक्षा प्राप्त कर ग्राम पंचायत के लगभग हर घर मै छात्र सरकारी नौकरी लगकर अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

#### ग्राम पंचायत के सरकारी भवनों पर हो रहा दबंगों का अतिक्रमण

कुढावल गांव की गुर्जर बस्ती में बने पटवार घर व समुदायक केंद्र पर दबंग व्यक्तियों ने कब्जा कर रखा है ग्राम पंचायत कुढावल के आधा से अधिक लोगों को तो पता ही नहीं है कि अपनी पंचायत मै भी पटवार घर बना हुआ है। इसी प्रकार पूरी ग्राम पंचायत के लगभग 50% सरकारी भवनों पर अवैध तरीके से दबंग लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर रखा है।

ग्राम पंचायत सरपंच राजेश मीणा-- हमने सभी अतिक्रमणकारियों को सूचना दे दी है उनको जल्द ही अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए जा चुके है उनके द्वारा अगर जल्द ही अतिक्रमण नही हटाया गया तो उनके खिलाफ सक्त कानूनी कार्यवाही करवाई जाएगी और प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण मुक्त करवाया जाएगा

#### पंचायत में गरीबों को मिल रहा है रोजगार

ग्राम पंचायत में गरीब घरों को राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही साल भर में 100 दिन के रोजगार कि गारन्टी योजना मनरेगा के तहत पंचायत के कई गाँवों मै कार्य करवाया जा रहा है और 90% किसानों को सरपंच द्वारा पशु पालन व मौसमी, अनार, पपीता, कि खेती करवाने के लिए जागरूक किया जा रहा है ताकि पंचायत के हर बेरोजगार परिवार को रोजगार के लिए बाहर शहर जाने कि जरूरत ना पड़े।

#### डगमगाई सरकारी योजनाओं कि व्यवस्था

प्रशासन की अनदेखी के चलते पंचायत के लोगों को केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ योग्य परिवारों को नही मिल पा रहा है आपको बता दें कि वृद्ध पेंशन योजना के तहत उम्र 58 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को योजना का लाभ मिल रहा है तो वही दूसरी तरफ 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग को योजना से लाभ नहीं मिल पा रहा है। वहीं दूसरी तरफ अगर बीपीएल योजना की तरफ देखा जाए तो पंचायत मै केवल धनवान लोग ही योजना का लाभ ले रहे है

सरपंच राजेश मीणा- जल्द ही मामले कि जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करवाई जाएगी और जो लोग सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं का अवैध तरीके से लाभ ले रहे है उनसे पूरी रिकवरी करवाई जाएगी। सड़क मार्ग पंचायत स्तर के सभी सड़क मार्गों को ग्राम पंचायत द्वारा नवीनीकरण करवाया जा चुका है लेकिन पंचायत के लगभग 9 गांवों को बाजार व शहरों से जोड़ने वाला सड़क मार्ग एकदम जर्जर अवस्था में है जिसे बने हुए लगभग 20 वर्ष से अधिक का समय हो जाने के बाद भी पिछले करीब दर्जनों वर्षों से करीरी बालघाट सड़क मार्ग की हालत जर्जर अवस्था में है यह सड़क मार्ग को कुढावल पंचायत के लगभग 9 गांवों को जयपुर व गंगापुर शहर से जोड़ने का मात्र एक है रास्ता है।

## जागरूक खबरें

### जरूरतमंदों को बांटी गई 500 राशन किट, राजकीय विद्यालय को भेंट किया गया कम्प्यूटर प्रिंटर



**कोटपूतली @ जागरूक जनता।** कांग्रेस नेता एडवोकेट हेमंत सिंह शेखावत द्वारा कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत कारौली के राजस्व ग्राम रेला व चांदोड़ा में जरूरतमंदों को राशन के करीब 500 किट वितरित किये गये। शेखावत ने ग्राम पंचायत के विकास में अपनी ओर से हर सम्भव सहयोग का आश्वासन देते हुए रेला के राजकीय विद्यालय में एक कम्प्यूटर प्रिंटर भी भेंट किया।साथ ही विद्यालय परिसर में जन सहयोग से बनाये गये हॉल का उद्घाटन कर विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।ग्राम पंचायत कारौली के मोक्षधाम में ग्राम पंचायत द्वारा लगाये गये टीनशैड का शिलान्यास भी किया गया।अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इस मौके पर सरपंच श्रवण सिंह,कैरोड़ी सरपंच उदयवीर सिंह, एआरटीओ धर्मपाल गुर्जर,सुरेश रेला,रघुवीर सिंह लुणाजी, नरेश रेला, अमीचंद दायमा, रामस्वरूप मुक्कड़, देशराज डोलीवाला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### पीडी मद के शिक्षकों को मिलेगा बकाया वेतन, 845 करोड़ का हुआ आवंटन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** लंबे समय से वेतन से वंचित पीडी मद के शिक्षकों को वेतन मिलने का रास्ता साफ हो गया है। इन शिक्षकों के वेतन भुगतान के लिए 845 करोड़ रुपए की राशि वित्त विभाग ने जारी कर दी है। मंगलवार को वित्त विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किए। जिसमें निर्देश दिए गएकि संबंधित पंचायत समिति के मुख्य ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी के निजी निक्षेप खाते में इस राशि को हस्तांतरित किया जाए। बजट जारी होने के बाद प्रदेश के तकरीबन 40 हजार शिक्षकों को उनके बकाया वेतन का भुगतान हो सकेगा, लेकिन विभाग जो राशि जारी की है वह जून से सितबंर माह यानी चार माह के लिए की है, ऐसे में अब राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश महामंत्री रवि आचार्य ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर टुकड़ों में बजट देने पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि वेतन की बजट राशि एकमुश्त जारी होनी चाहिए और इसे पीईईओ के माध्यम से अग्रेषित करवाया जाना चाहिए जिससे वेतन के देरी से मिलने की समस्या से निजात मिल सकेगी।

पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना के जन्मदिन पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

# गौसेवा व वृक्षारोपण की शुरुआत कर मनाया जन्मदिन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**कोटपूतली।** पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक व वर्तमान में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रदेश महामंत्री रामस्वरूप कसाना के जन्मदिन पर मंगलवार को विभिन्न सेवा कार्यों का आयोजन किया गया।कसाना ने अपने जन्मदिन के अवसर पर ग्राम कालूहेड़ा में स्थित देवनारायण गौशाला में गौसेवा तथा गौशाला परिसर में वृक्षारोपण के साथ अपने दिन की शुरूआत की।

इस मौके पर गौशाला में गोनेड़ा सरपंच देवेन्द्र रावत,जयसिंहपुरा सरपंच देवकरण मान, अमीचंद शर्मा, सुरेश पहलवान, मुखराम मास्टर, नवीन शर्मा मुनीम, सवाई पंच, रामरतन पटेल,गुल्लाराम खटाना, पिंकू रावत, सुरेश रावत,कैलाश पहलवान शीशराम पंच, पृथ्वी मुक्कड़, विक्रम शर्मा, डीके तिवारी,ग्रामीण व कार्यकर्ताओं के साथ गायों को दलिया एवं गुड़,चरी,बाजरा खिलाकर गौसेवा की। अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इसके उपरांत शरण मार्केट में श्री श्याम मन्दिर कमेटी के लोगों द्वारा पूर्व संसदीय सचिव कसाना को भगवान श्रीश्याम बाबा की प्रतिमा भेंट की गई।इस दौरान श्याम कमेटी के अध्यक्ष श्यामलाल बंसल,ख्यालीराम सैनी, हीरालाल सैनी, रमेश जिंदल, जगदीश सैनी (तिलकधारी) छाजूराम सैनी,कैलाश सैनी, महेश बंसल,बाबूलाल सैनी, शीशराम शर्मा, योगेश शर्मा,जितेन्द्र जोशी, मनोज सोनी, मनीष अरोड़ा, पवन बंसल, सैनी, विश्वनाथ सोनी, मनोज गुप्ता,सुरेश अग्रवाल, प्रेमचंद बंसल,रजत जिंदल, रूपचंद पंजाबी सहित अन्य लोग शामिल रहे। इसी प्रकार कोटपूतली नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन महेंद्र सैनी के द्वारा पूर्व संसदीय सचिव को माला व साफा पहनाकर व केक काटकर बधाई दी गई।इस दौरान पूर्व पार्षद रतन भैया,लाला राम सैनी प्रधान,पूर्व पार्षद बलेश सैनी, सोहनलाल सैनी,गुलझारी लाल सैनी बौरा, पूर्व पार्षद दीपक सैनी, योगेश सैनी, दुलीचन्द जाट, रविन्द्र चौधरी,डिप्टी चौधरी, सतपाल आदि लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में कोटपूतली के श्री जी प्लाजा के व्यापारियों के द्वारा पूर्व संसदीय सचिव का माला व साफा पहनाकर एवं केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान पवन सिंह तंवर, दीप सिंह तंवर, राजू मंगलदेव,प्रदीप कुमार मंगल देव मोबाइल, मदन कुमावत, रविकांत, सचिन यादव, पवन अग्रवाल, सुभाष कसाना, रामसिंह रावत, आनन्द व्यास,राकेश मीणा,सनम शर्मा, अमित अग्रवाल अमित टेलीकॉम, हरीश स्वामी, दशरथ कुमावत, मनोज सैनी, विक्रम कसाना, संदीप आदि लोग मौजूद रहे।

इसी प्रकार शरण मार्केट में लॉयंस क्लब के लोगों द्वारा केक काटकर कसाना को जन्मदिन की बधाई दी गई।इस दौरान लॉयन्स क्लब के अध्यक्ष कमल गुप्ता, अशोक गुप्ता, घनश्याम अथोनिया, डॉ. अरविंद मित्तल आदि ने बधाई दी।इसी क्रम में गुर्जर फ्लेक्स के द्वारा भी पूर्व संसदीय सचिव का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया।इस दौरान कृष्ण सरपंच,राजेश रावत,राजाराम गोलवा कांग्रेस विधायक प्रत्याशी नांगल चौधरी, देशराज सरपंच,रोहतास डेलीगेट, मुकेश सैनी, हंसराज सराधना, दिनेश पोसवाल, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष देशराज पायला, बलराम,राजेन्द्र सिंह राठौड़, प्रहलाद जांगिड़, अशोक शर्मा पूर्व सरपंच, राजेश गुर्जर,आरएलपी के विधानसभा प्रभारी समीर जोशी,मीडिया प्रभारी अनिल भरगड़,राजन शर्मा,सतीश सैनी,राहुल वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



महंत जानकी दास एवं सीताराम दास के सानिध्य में हुआ सामुहिक विवाह संपन्न

# सामूहिक विवाह में 9 जोड़ों ने लिए 7 फेरे

### पाणिग्रहण में सात वचनों के बाद आठवां वचन कन्याभ्रूण हत्या रोककर बेटी बचाने की सीख देकर लिया गया रक्षा का संकल्प

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**कोटपूतली।** सैनी समाज द्वारा आयोजित प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन मंगलवार को म्याउवाली रोड़ स्थित एक मैरिज होम में महंत जानकी दास व सीताराम दास के सानिध्य में संपन्न हुआ। जिसमें 9 जोड़ों का पाणिग्रहण संस्कार हुआ।

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष बबलू सैनी,उपाध्यक्ष राम सिंह सैनी, संरक्षक रामनिवास, संरक्षक महेश कुमार सैनी, कोषाध्यक्ष कृष्ण कारोडिया, जन प्रमुख जगदीश खेमजी, चेयरमैन पुष्पा सैनी, दुर्गा प्रसाद सैनी एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, पूर्व अध्यक्ष बिडदी चंद सैनी, पूर्व अध्यक्ष हनुमान प्रसाद सैनी, थानागाजी चेयरमैन चौथमल सैनी, विराट नगर चेयरमैन, पूर्व पार्षद भीखाराम सैनी,पार्षद सुंदर सैनी, पार्षद प्रमोद सैनी, पूर्व पार्षद रामचंद्र सैनी, जनता दल यू के रामनिवास यादव, भाजपा नेता मुकेश गोयल,समस्त सैनी समाज के अध्यापक, समाजसेवी, समस्त सैनी समाज कोटपूतली के कार्यकर्ता, कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी व सदस्य,स्थानीय विधायक एवं राज्यमंत्री राजेंद्र सिंह यादव ने वर वधु को आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम में महात्मा ज्योतिबा फूले के चित्र पर फूलमाला पहनाकर व दीप जलाकर एवं गुरु पूजन गणपति स्थापना के साथ विवाह का शुभारंभ हुआ।दुल्हों के विवाह स्थल पहुंचने पर तोरण की रस्म पूरी की गई।उसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जोड़ो ने सुखी दांपत्य जीवन के लिए अग्नि को साक्षी मानकर 7 फेरे लिए।पाणिग्रहण में सात वचनों के बाद आठवां वचन कन्याभ्रूण हत्या रोककर बेटी बचाने की सीख देकर रक्षा का संकल्प दिलाया गया।फेरों की रस्म के बाद नवदंपतियो को परिजनों और गणमान्य लोगों ने आशीर्वाद प्रदान किया।

समिति के सचिव सत्यनाराण सैनी ने अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत को जानकारी देते हुए बताया कि नवविवाहितों को नवदांपत्य जीवन में प्रवेश के लिए काम में आने वाला जरूरी साजो सामान भी मुहैया करवाया गया है। समिति की ओर से कार्यक्रम में पधारने वाले सभी अतिथियो का साफा पहनाकर अभिनदंन किया गया।इस दौरान कार्यक्रम में सभी दूरदराज से आए सभी समाज बंधुओं का सैनी सभा संस्था व विवाह समिति के द्वारा अभिनंदन किया गया।

# कोरोना योद्धाओं ने विपरित समय में भी जज्बा पैदा किया-राज्यमंत्री यादव

छारदड़ा गाँव में कोरोना योद्धाओं का सम्मान समारोह आयोजित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम छारदड़ा स्थित राजकीय विद्यालय में ग्राम पंचायत की ओर से कोरोना योद्धाओं का सम्मान समारोह राज्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक राजेन्द्र सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।इस मौके पर ग्राम पंचायत देवता-छारदड़ा क्षेत्र से कोरोना काल में सेवायें देने वाले कार्मिकों एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों का सरपंच रामनरेन्द्र शर्मा की ओर से बतौर कोरोना योद्धा सम्मान किया गया।

राज्यमंत्री यादव ने सभी कोरोना योद्धाओं को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट किये। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यमंत्री यादव ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना की दूसरी लहर बेहद घातक सिद्ध हुई है।फिर भी हमने बेहतर प्रदर्शन करते हुए अन्य कई स्थानों से कम नुकसान झेला है।यह सब हमारे कोरोना योद्धाओं के समर्पण एवं अथक परिश्रम से ही सम्भव हो पाया है।जिन्होंने विपदा के दौर में अपनी मेहनत से विपरित समय में भी संघर्ष का जज्बा पैदा किया एवं हम इस विपत्ति से बाहर आ पाये हैं। लेकिन हमें आने वाले दिनों में भी हर प्रकार की परिस्थिति से लड़ने के लिए तैयार रहना होगा। इस अवसर पर राज्यमंत्री यादव सहित अन्य अतिथियों का भी स्वागत किया गया। सरपंच रामनरेन्द्र शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। विशिष्ठ अतिथि एएसपी रामकुमार कस्वां एवं डीएसपी दिनेश यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किये।वहीं इस मौके पर राज्यमंत्री के द्वारा पौधारोपण भी किया गया। अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व सरपंच रामावतार यादव, प्राचार्य लीलाराम, डॉ. सुरेन्द्र, पतराम मास्टर, रामानन्द शर्मा, राजेन्द्र योगी, दाताराम लम्बरदार,पूर्व सरपंच रघुवीर यादव, पनियाला सरपंच लक्ष्मण रावत, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष छीत्तरमल सैनी, बनार सरपंच हनुमार यादव, विराट यादव, बी.एल.यादव,पवन गुर्जर, सरिता यादव, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष मंजू रावत सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## रोजगार से जुड़े 152 दिव्यांग

**उदयपुर @ जागरूक जनता।** नारायण सेवा संस्थान द्वारा दिव्यांगों के लिए चलाए जा रहे रोजगारोन्मुख निःशुल्क प्रशिक्षणों में मंगलवार को कंप्यूटर प्रशिक्षण के 21वें बैच का समापन हुआ। संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि निदेशक वंदना अग्रवाल ने प्रशिक्षणार्थियों को कंप्यूटर सुधार किट व प्रमाण पत्र वितरित किए। अब तक 152 दिव्यांग लाभान्वित होकर अपने गांव कस्बों में रोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर जीवन का निर्वाह कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षक पंकज जीनगर ने किया।

नाबालिग प्रेग्नेंट ने किया सुसाइड का प्रयास

# नाबालिग के साथ युवक ने किया दुष्कर्म, प्रेग्नेंट होने पर टंकी में कूद कर जान देने का किया प्रयास

### अस्पताल ले जाने पर मृत बच्ची को दिया जन्म

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बालोतरा (बाड़मेर)।** बाड़मेर जिले के बालोतरा थानान्तर्गत एक गांव में नाबालिग से बहला फुसला कर लड़के द्वारा दुष्कर्म का मामला सामने आया है। नाबालिग ने प्रेग्नेंट होने के बाद इज्जत के डर से टांके में कूदकर सुसाइड करने का प्रयास किया। अस्पताल ले जाने के बाद नाबालिग के परिजनों को प्रेग्नेंट होने का पता लगा। बच्ची ने मृत बच्ची को जन्म दिया है। नाबालिग के पिता ने बालोतरा थाने में रिपोर्ट दी। पुलिस ने पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार नाबालिग के पिता ने पुलिस को रिपोर्ट दी है कि नाबालिग पुत्री को बहला-फुसला कर ढाणी से दूर ले जाकर डंडाली गांव के युवक ने कई दिनों तक दुष्कर्म किया। युवक ने नाबालिग को डराया और कहा किसी को बताया तो जान से मार दूंगा। इस दौरान नाबालिग प्रेग्नेंट हो गई।

नाबालिग ने रविवार रात को टांके में कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। परिजन नाबालिग को टांके से निकालकर अस्पताल ले गए। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने परिजनों को बताया कि बच्ची प्रेग्नेंट है। अस्पताल में नाबालिग ने मृत बच्ची को जन्म दिया। इसका वजन करीब दो किलो का बताया जा रहा है। बालोतरा डिप्टी धनफूल मीणा ने बताया कि 16 साल की बच्ची के दुष्कर्म की रिपोर्ट पीड़िता के पिता ने दी है। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अभी तक की जांच में सुसाइड करने की वजह यह सामने आई है कि बच्ची प्रेग्नेंट हो गई थी और समाज में मां-बाप की इज्जत के डर से सुसाइड करने का प्रयास किया था।

#### नाबालिग अस्पताल में भर्ती

नाबालिग बच्ची बालोतरा अस्पताल में भर्ती है। टांके में कूदने स उसके सिर में चोट आई है। पुलिस के अनुसार बच्ची अभी भी कुछ भी बयान देने की स्थिति में नहीं है। नाबालिग बच्ची के जल्द बयान लेकर दोषियों को गिरफ्तार कर लेंगे।

# वृक्षारोपण, प्रकृति के लिए 'रिटर्न गिफ्ट'

पर्यावरण को बचाने का दिया संदेश

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जसपाली/ पीपाड़ शहर।** आये दिन सुर्खिया में पर्यावरण के प्रति सजगता रखने वाले राजकीय माध्यमिक विद्यालय जसपाली के संस्था प्रधान किशन टाक ने बताया की जन्मदिन को हम में से ज़्यादातर लोग या तो होटल-रेस्टोरेंट में पार्टी करके सेलेब्रेट करते हैं, या घर पर फैमिली गेट-टुगेदर करके इसे मनाते हैं। लेकिन क्या कभी आपने अपने जीवन के इस ख़ास दिन को ऐसे अंदाज़ से मनाने की सोची है जो इस प्रकृति के लिए किसी रिटर्न गिफ्ट की तरह हो। दरअसल, कुछ इसी तरह की सोच के साथ अपने 26 वें जन्मदिन को स्थानिय ग्रामीण समाजसेवी राकेश ओलण ने विद्यालय प्रांगण में अशोक, अर्जुन, गुलमोहर, बोगनबेल, रेलिया विभिन्न प्रकार के छायादार एवं फलदार 103 पौधे का रोपण कर अनूठे अंदाज़ से मनाया व जन्मदिवस पर पौधारोपण कर लोगों को प्रकृति के संरक्षण का संदेश दिया है आमजन को भी अपने जन्मदिन पर ऐसा करने के लिए प्रेरित किया ताकि आने वाली पीढ़ी को शुद्ध हवा मिल सके।और साथ ही प्राकृतिक आपदाओं से बचने व पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए रामबाण साबित होंगे। इस मौके पर राकेश ओलण ने कहा कि व्यक्ति जन्मदिन पर और अन्य कार्यों पर लाखों रुपए खर्च करता है। यह फिजूल खर्ची बंद कर हमें प्रकृति के प्रति जागरूक होकर अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। इस दौरान सुनील फौजी, राकेश, रामनिवास, महीपाल, सायर, ओमप्रकाश चौधरी सहित ग्रामीण व विद्यालय परिवार के शिक्षक उपस्थित रहे।

ANCHOR

भाजपा जयपुर देहात की एक दिवसीय कार्यसमिति आयोजित

# बूथ मजबूती से संगठन को अजेय बनाएं कार्यकर्ता-चन्द्रशेखर

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net






**कोटपूतली।** भाजपा जयपुर देहात उत्तर की एक दिवसीय कार्यसमिति होटल हाईवे प्रिंस में संपन्न हुई।उद्घाटन सत्र में जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा ने तीन माह के संगठन कार्यों की समीक्षा करते हुए बताया कि सैल्फी विथ ट्री कार्यक्रम के तहत एक ही दिन में पूरे जिले में 18 हजार पौधे लगाये गये।इस मौके पर आगामी कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई। प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता व चौमू विधायक रामलाल शर्मा ने राजनैतिक प्रस्ताव रखते हुए कोरोना संकट में मोदी सरकार के राहत कार्यों को ऐतिहासिक बताते हुए प्रदेश सरकार को कुप्रबंधन का शिकार करार दिया।

पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राव राजेन्द्र सिंह ने राजनैतिक प्रस्तावों का अनुमोदन करते हुए कहा कि प्रदेश में बढ रही अपराध की शर्मनाक घटनाऐं देशभर में राजस्थान को शर्मसार कर रही हैं। एम्बूलेंस, अस्पताल, स्कूल, कार्यालयों में महिलाओं के साथ हो रही बलात्कार की घटना और उस पर सरकार का रूख प्रदेश की डरावनी स्थिति को बयान करता है। दुर्भाग्य है कि आज राजस्थान बलात्कार के मामले में देश में नम्बर 1,महिला अत्याचार में नम्बर 2,बाल तस्करी में नम्बर 1 व साईबर क्राईम में नम्बर 1 पर है। इस वर्ष के शुरूआती पांच महीने में महिला अत्याचार के 83 हजार 54 मामले दर्ज हो चुके हैं। राज्य की कॉग्रेस सरकार हर क्षेत्र में फेल एवं भ्रष्टाचार की पर्याय बन गई है।कोटपूतली विधानसभा प्रभारी मुकेश गोयल ने बताया कि सेवा ही संगठन अभियान के माध्यम से पूरे प्रदेश में वृहद स्तर पर राहत कार्य अभियान चलाया गया।जिसके माध्यम से 10 लाख 47 हजार 111 फेस कवर, 6 लाख 69 हजार 626 भोजन पैकेट,3 लाख 47 हजार 380 राशन कीट का वितरण किया गया।साथ ही 2 लाख 69 हजार 759 कार्यकर्ता दो गज दूरी मास्क है जरूरी अभियान, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी,2 लाख 17 हजार 308 कार्यकर्ता टीकाकरण अभियान,वरिष्ठ एवं दिव्यांगजनों की सेवा में 1 लाख,2 हजार 601 कार्यकर्ता लगे।

मेरा बूथ कोरोना मुक्त अभियान में 41 हजार 393 बूथों तक सम्पर्क किया गया।576 रक्तदान एवं प्लाज्मा डोनेशन कैम्प लगाये जिनके माध्यम से 11 हजार 525 युनिट रक्तदान हुआ।वहीं 568 वर्चुअल बैठकों का आयोजन हुआ।एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं जमवारामगढ विधानसभा प्रभारी महेन्द्रपाल मीणा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हर क्षेत्र में अपनी जान की परवाह किये बिना सेवा कार्यों में जुटा रहा।पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने संकट का मुकाबला करता राष्ट्र,कोविड चुनौतियों का सामना विषय पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार के सफल प्रबन्धन एवं सूझबूझ की वजह से कोरोना की प्रथम लहर में जनहानि ना के बराबर रही इसके संक्रमण की जाँच के लिए देशभर में एक ही लैब पुणे में थी, आज इतने कम समय में पूरे देश में 2,649 लैब है। कोरोना की दूसरी लहर के समय पीएम केयर्स फण्ड के माध्यम से 1 लाख ऑक्सीजन कॉन्सट्रेक्टर्स, 50 हजार वेन्टिलेटर्स, 1.50 लाख ऑक्सीजन सिलेण्डर, 1500 पीएसी ऑक्सीजन प्लान्ट केन्द्र सरकार ने देश के सभी राज्यों को दिये है। लेकिन राज्य सरकार के कुप्रबन्धन से आमजनता को राहत उपलब्ध ना हो पाने के कारण दूसरी लहर अधिक खतरनाक सिद्ध हुई। पूर्व विधायक डॉ. फूलचन्द भिण्डा ने स्व. सुन्दरसिंह भण्डारी जन्मशति वर्ष पर प्रकाश डालते हुए बताया कि देश की अखण्डता के लिए पहला बलिदान स्व.भण्डारी ने दिया था।

जिला प्रभारी सतवीर यादव ने कार्य विस्तार एवं प्रबोधन विषय पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही भाजपा की असली ताकत है। समापन में संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने कार्यकर्ताओं को समर्पण एवं निष्ठा का पाठ पढाते हुए बताया कि भाजपा रूपी वटवृक्ष सुन्दरसिह भण्डारी,पं. दीनदयाल उपाध्याय व अटल बिहारी वाजपेयी जैसे कार्यकर्ताओं के खून पसीने से सींचकर बना है।हम सभी को इनके पद्चिन्हों पर चलकर बूथ स्तर तक सशक्त मंडल,सक्रिय बूथ समिति व पन्ना प्रमुख की नियुक्ति कर संगठन को अजेय बनाना होगा।जिला महामंत्री एडवोकेट सुरेन्द्र चौधरी ने धन्यवाद व हरदेव यादव ने संचालन किया।इससे पूर्व कार्यसमिति की शुरूआत पं. दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन के साथ हुई। कार्यसमिति में पधारे सभी जनप्रतिनिधियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि एक दिवसीय कार्यसमिति में ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट हीरालाल रावत,भाजयुमो प्रदेश मंत्री विनोद सिंह,किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री गुड्डु सैनी, एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री एडवोकेट सुबेसिंह मोरोड़िया, जिला उपाध्यक्ष कर्मवीर बोकन,जिला मंत्री रविन्द्र शेखावत व सुभाष शर्मा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष भगवान शर्मा, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष गौरव यादव, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कैलाश ताखर, भाजयुमो जिला महामंत्री एडवोकेट राजेन्द्र रहीसा,पूर्व जिला मंत्री यादराम जांगल, मंडल अध्यक्ष इंजी. सुभाष घोघड़,गोपाल मोरीजावाला, एडवोकेट रमेश रावत, कैलाश स्वामी, संजय सिंह राजपूत, अशोक सुरेलिया, एडवोकेट उदयसिंह तंवर, मुकेश चनेजा, एडवोकेट वीरू कसाना, मुकेश डोई, नगर मंडल महामंत्री बालकृष्ण सैनी व जितेन्द्र शेखावत,भाजयुमो नगर अध्यक्ष कपिल शर्मा,मंडल अध्यक्ष सिद्धार्थ टोरडा, सोनू चौधरी, लीलाराम पीटीआई सहित जिले भर से भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता,वर्तमान व पूर्व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## जागरूक खबरें

### अनवारुल हसन अन्नू के साथ रिलीज हुआ गोविंदा की बेटी टीना आहूजा का पार्टी एंथम सॉन्ग "लक्क शेक"



**जयपुर @ जागरूक जनता।** शहर के युवा एक्टर अनवारुल हसन अन्नू व गोविन्दा की बेटी टीना आहूजा स्टारर पार्टी एंथम सॉन्ग "लक्क शेक" का मुम्बई में सॉन्ग की स्टारकास्ट व टीम मेंबर्स के बीच रेड कारपेट वर्ल्डवाइड प्रीमियर सेरेमनी इवेंट आयोजित किया गया। जहाँ लीड आर्टिस्ट ने सॉन्ग को प्ले कर हुक अप स्टेप्स परफॉर्म किए और सॉन्ग से जुड़ी जानकारी व शूटिंग एक्सपीरियंस शेयर किए। इस सॉन्ग लॉन्चिंग इवेंट के दौरान गोविन्दा की वाइफ सुनीता आहूजा, उनके बेटे यशवर्धन आहूजा के साथ साथ एक्टर राहुल रॉय, रुशद राणा, कंवलप्रीत सिंह, डायना खान, रोमीर सैन, आराधना, ईशान मसीह, सिंगर शिबानी कश्यप, फैशन डिज़ाइनर कंवलजीत सिंह, साहिफ़ा शेख, हितेंद्र कपोपरा व अन्य सेलेब्रिटीज मौजूद रहे। सॉन्ग के रिलीज होते ही गोविंदा, नोरा फतेही, गणेश आचार्य व अन्य लोगों ने वीडियो मैसेज द्वारा सॉन्ग की पूरी टीम को बधाई दी। इस सॉन्ग को सेलीविश मीडिया ने प्रोड्यूस किया है। यह गाना जाने माने म्यूजिक लेबल एरोस नाउ से वर्ल्डवाइड रिलीज किया गया है। इस सॉन्ग के सिंगर शिबानी कश्यप व वीन रांझा हैं। इस सॉन्ग को साहिल मसीह ने डायरेक्ट किया है।

**जाने माने म्यूजिक लेबल एरोस नाउ के बैनर से वर्ल्ड वाइड रिलीज हुआ अनवारुल हसन अन्नू व एक्ट्रेस टीना आहूजा स्टारर सॉन्ग "लक्क शेक"**

**लॉन्चिंग इवेंट में रेड कारपेट प्रीमियर के दौरान बॉलीवुड व म्यूजिक इंडस्ट्री के लोगों ने की शिरकत**

### किसान आंदोलन को लेकर बीकेयू की युद्ध स्तर पर तैयारियां



**जयपुर @ जागरूक जनता।** देश में चल रहा किसान आंदोलन कोरोना महामारी के कमजोर बढ़ने के साथ ही एक बार पुनः जोर पकड़ रहा है राजस्थान में भारतीय किसान यूनियन इस दिशा में प्रभावी रणनीति के साथ व्यापक आंदोलन की तैयारी कर रहा है। आज आयोजित भारतीय किसान यूनियन की नवगठित कार्यकारिणी जयपुर रेलवे स्टेशन के समीप राम मंदिर के परिसर के समीप भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव एवं संयुक्त किसान मोर्चा कोर कमेटी के सदस्य युद्धवीर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यकर्ताओं एवं मीडिया को संबोधित करते हुए युद्धविर सिंह ने कहा कि पिछले 8 माह से चल रही किसान आंदोलन के प्रति सरकार की असंवेदनशीलता एवं निरंकुशता देश के इतिहास में आजादी के उपरांत पहली बार देखी जा रही है। कोई भी लोकतांत्रिक सरकार किसानों व जनता के आंदोलन को इतने लंबे समय तक कुछ लेने के प्रयास नहीं कर सकती। इसी दिशा में संयुक्त किसान मोर्चा नई रणनीति के साथ आगामी 22 जुलाई से प्रतिदिन 200 किसानों के साथ संसद के घेराव की रणनीति पर काम कर रहा है। शीघ्र ही महामारी की परिस्थितियों को देखते हुए संसद मार्च की तैयारी की जाएगी। प्रदेशाध्यक्ष राजाराम मील ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन की सभ जिलों में कार्यकारिणी का गठन हो चुका है भारतीय किसान यूनियन प्रदेश में अखिल राजस्थान किसान संगठन की आवश्यकता को पहली बार पूरा किया है और आने वाले दिनों में इस बैनर तले किसानों की मांग को पुरजोर तरीके से उठाया जाएगा। बीकेयू के प्रवक्ता प्रोफेसर सी.बी.यादव ने पूरे प्रदेश के किसान कार्यकर्ताओं को का बैठक शुभारंभ करते हुए देश के वर्तमान हालात में किसान आंदोलन की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस किसान आंदोलन ने आजादी के बाद पहली बार किसानों की आवाज को इतने बड़े स्तर पर बुलंद किया है। तीन कृषि कानूनों की वापसी से अधिक बड़ा मुद्दा न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी कानून का है। इसे लेकर पूरे प्रदेश में गांव गांव में जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। कार्यकर्ताओं को भारतीय किसान यूनियन राजस्थान के महासचिव कै.सी. घुमरिया, युवा अध्यक्ष विक्रम मीणा सहित कई किसान नेताओं ने मीटिंग को संबोधित किया।

### राजसमन्द में मेडिकल कॉलेज खोला जाए- सांसद दीयाकुमारी




**राजसमन्द @ जागरूक जनता।** लोकसभा में मानसून सत्र के दौरान सांसद दीयाकुमारी ने नवनियुक्त केंद्रीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री मनसुख भाई मंडाविया से मुलाकात कर राजसमन्द में राजकीय मेडिकल कॉलेज खोलने में आ रही बाधाओं को दूर करने की मांग की। मुलाकात कर दौरान सांसद दीयाकुमारी ने केंद्रीय चिकित्सा मंत्री मंडाविया को बताया कि राजसमन्द को मेडिकल कॉलेज की सख्त आवश्यकता है लेकिन सरकारी प्रावधान में कुछ संशोधन के बगैर यह सम्भव नहीं हो पा रहा है। नियमों में मामूली संशोधन राजसमन्द की काया पलट सकता है। चिकित्सा शिक्षा के साथ स्वास्थ्य लाभ की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो जाएगी तो युवाओं के साथ आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी। केंद्रीय मंत्री मनसुखभाई ने सांसद को आश्वस्त किया कि कोविड़ काल में चिकित्सा की महत्ता को देखते हुए पूर्ण रूप से सकारात्मक कदम उठाते हुए राहत के प्रयास किये जाएंगे। सांसद दीयाकुमारी ने नवनियुक्त चिकित्सा मंत्री को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए पुष्प गुच्छ भेंट किये।

### कनाडा ने भारत की सीधी उड़ान पर लगाया प्रतिबंध, 21 अगस्त तक बढ़ी रोक



**टोरंटो।** कनाडा सरकार ने भारत से सीधी उड़ान पर लगे प्रतिबंध को 30 दिनों के लिए बढ़ा दिया है। यह प्रतिबंध 21 जुलाई को खत्म होने के बजाय अब ये 21 अगस्त तक लागू रहेगा। कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर और कोरोना के डेल्टा वेरिएंट के बढ़ते संक्रमण को लेकर कनाडा में पहली बार 22 अप्रैल को लगाए गए प्रतिबंध को चौथी बार बढ़ाया गया है। कनाडा की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया कि प्रतिबंध का विस्तार सार्वजनिक स्वास्थ्य सलाह पर आधारित था। साथ ही कनाडा ने इनडायरेक्ट रूट से भारत से कनाडा जाने वाले यात्रियों के लिए तीसरे देश के प्री डिपार्चर कोविड-19 टेस्ट की जरूरत हो बढ़ाया गया है। भारत के यात्रियों को कनाडा के लिए अपनी यात्रा जारी रखने के जिए लिए एक जरूरी प्री डिपार्चर कोविड निगेटिव आरटी-पीसीआर टेस्ट की आवश्यकता होगी। कनाडा सरकार के अनुसार देश में अगर कोरोना की स्थिति ठीक रही तो वो 7 सितंबर से अपनी सीमाओं को किसी भी पूरी तरह से वैक्सीनेट यात्रियों के लिए खोल देंगी। यह सिर्फ उन लोगों पर ही लागू होगा, जिन्होंने कनाडा में एंट्री करने में कम से कम 14 दिन पहले कनाडा में वैध वैक्सीन ली हो।

**आरएएस में चयनित होने पर माली समाज ने किया मुंह मीठा, ढोल नगाड़े से स्वागत**

# गुदड़ी के लाल को सिर आंखों पर बैठाया

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net



**चौकड़ी / पीपाड़ शहर।** प्रतिभा कभी हालात की मोहताज नहीं होतीज्तभी तो चौकड़ी खुर्द में एक किसान के बेटे ने कमाल कर दिया। जी हा बात कर रहे है हाल ही आर ए एस में चयनित चौकड़ी खुर्द के नरसिंह टाक की आप एक किसान परिवार से है।

इन्होंने अपनी विद्यालय समय की पढाई गाँव में सरकारी विद्यालय से की और BSTC डिग्री करके कम उम्र में ही Reet grade 3rd teacher परीक्षा में उत्तीर्ण होकर अपने ही गांव चोकडी कला में खजुरिया की ढाणी स्थित प्राथमिक विद्यालय में बतौर अध्यापक कार्य ग्रहण किया। तथा साथ ही अपने अनुभव के आधार पर पहले प्रयास में RAS-2013 में Prelims में सफलता हासिल की तथा उत्तरोत्तर RAS 2016 में आपने RAS-Pre Mains + Intervie2 में सफलता हासिल करके पुरे राजस्थान में 504 वी रेंक प्राप्त की है।

इन्होंने अपनी प्रतिकूल परिस्थितियों से लड़कर साथ ही साथ अपने विद्यार्थियों की पढाई के प्रति निष्ठापूर्वक कर्तव्य निभाते हुए बिना किसी नीजी कोचिंग संस्थान की सहायता से तथा अपने वरिष्ठ साथियों के मार्गदर्शन में स्वअध्ययन से RAS 2018 में पुरे राजस्थान में 182 वी [OBC (Boys+girls) में 71 वी, Only OBC boys में 46 वी तथा ह्ल में 11 वी] रेंक प्राप्त करके अपने माता पिता, समाज, गाँव का नाम रोशन किया और हमेशा से आपका पारिश्रमिक और नैतिक व्यक्तित्व समाज के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत रहा हैं पीपाड़ शहर पहुंचने पर पालिका के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र सिंह कच्छावाह ने अपने निजी आवास उचियाड़ा बेरा पर साफा और माल्यार्पण के साथ मुंह मीठा करवा कर स्वागत किया।

कार्यक्रम में बोलते हुए कच्छावाह ने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में किसान परिवार के छात्र - छात्राएँ अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे है। क्षेत्र से आरएएस में चयनित सभी प्रतिभागियों ने अपनी मेहनत से क्षेत्र का मान-सम्मान बढ़ाया है और इस उपलब्धि से क्षेत्र का प्रत्येक नागरिक गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

ग्रामीण क्षेत्र में मेहनतकश परिवारों के बच्चियों और युवाओ की सफलता से क्षेत्र के अन्य बालक बालिकाएं भी प्रेरणा लेकर शिक्षा की राह पर अग्रसर होगी। स्वागत समारोह के दौरान मित्र मंडल के आर ए एस अमृतलाल सांखला, प्रधानाचार्य किशन टाक, शिक्षाविद भवानी सिंह,राकेश, समाजसेवी आदित्य कच्छावाह, कांग्रेस नेता शिवकरण सैनी, भोपालगढ़ पूर्व सरपंच जमुना जयप्रकाश देवड़ा, पूर्व चेयरमैन बाबूलाल टाक, न्यु सैनिक स्कूल के डायरेक्टर संपत राज सैनी, शांति बाल स्कूल के डायरेक्टर गोबर सिंह, निष्कर्ष क्लासेज डायरेक्टर जितेंद्र सिंह कच्छावाह नानण,पर्वत,बंशीलाल टाक, धर्मेंद्र, नरेश कुमार,मेहराम गहलोत, रामकशोर, रामस्वरूप चौकड़ी सहित कई समाज सेवी और समाज व परिवार के वरिष्ठ नागरिकों ने टाक की सफलता पर उनको फोन कर और सोशल मीडिया पर बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की और अपने पैतृक गांव पहुंचने पर रास्ते में जगह-जगह ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया।

#### सफलता का श्रेय

आर ए एस नरसिंह टाक अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता तीजा देवी पिता रामदिन के साथ गुरु जन पुर्व में चयनित सीनियर अधिकारी व साथी गणों को देते है।




# फर्जी डॉक्टर कर रहे इलाज, खतरे में जान!




**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**पिण्डवाड़ा।** निःशुल्क दवा और जांच योजनाएं चलाकर सरकार राहत पहुंचाने के प्रयास कर रही है। लेकिन बंगाली झोलाछाप डॉक्टरों के आगे यह तमाम योजनाएं फेल हो रही हैं। आदिवासी बाहुल्य पिण्डवाड़ा-आबू में बंगाली व झोलाछाप डॉक्टरों ने पांव पसार लिए हैं। गांव-गांव, ढाणी-ढाणी में झोलाछाप डॉक्टर अपना निजी दवाखाना खोलकर मनमर्जी से इलाज कर रहे हैं। जिले की जनता का स्वास्थ्य झोलाछाप डॉक्टर चला रहे है यह कहें तो भी अतिशियोक्ति नहीं होगी। आबू पिण्डवाड़ा में 200 से अधिक झोलाछाप डॉक्टर जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। बंगाली डॉक्टर भी गरीब आदिवासी जनता को अपने चंगुल में फंसाकर धन लूट कर अपनी झोली भर रहे हैं

#### दवाइयों की भरमार और एमबीबीएस की तरह इलाज

**वैसे** तो झोलाछाप डॉक्टर फोड़ा-फुंसी या सिरदर्द जैसी बीमारी का इलाज ही कर सकते हैं। लेकिन गांव की अनपढ़ जनता को यह बड़ा एमएबीबीएस डॉक्टर बताकर ठग रहे हैं और उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। यह डॉक्टर मलेरिया, खांसी, सर्दी-जुकाम सहित कई बड़ी बीमारियों व दुर्घटना होने पर घायलों का इलाज भी करते हैं। भोली-भाली जनता से पैसा वसूलने के लिए फर्जी डॉक्टर मरीज को भर्ती कर ड्रिप चढ़ाते है। इंजेक्शन लगाने सहित घायलों को पट्टी करने और कई बार टांके लेने तक के काम कर लेते हैं। इसके लिए वे रोगी या उनके परिजनों से भारी भरकम राशि भी वसूलते है। इस बीच अगर केस गंभीर हो जाता है तो बाद में उसे सरकारी अस्पताल के लिए रेफर कर देते हैं। तब तक रोगी की हालत अधिक खराब हो चुकी होती है। ऐसे में सरकारी चिकित्सक के सामने भी दुविधा की स्थिति होती है।

#### दबंगो के सहारे चलाते है अवैध धंधा

**ये** झोलाछाप डॉक्टर गांव के दबंगों के सहारे लोगों की जान के साथ खिलवाड़ का अवैध व्यापार चला है। जिस पर प्रशासन या चिकित्सा विभाग कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। भले ही सरकार ने निःशुल्क दवा व जांच योजना को लागू कर जनता को सरकारी अस्पतालों से जोडने की मंशा रखते हैं लेकिन गांवों में जमे इन बंगालियों के खिलाफ अब तक ठोस व प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से आज भी झोलाछाप डॉक्टर मानव जीवन से खेल रहे हैं।

**गांधीजी की 150वीं जयंती वर्ष और स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ को लेकर बैठक आयोजित**

# आजादी का अमृत महोत्सव को लेकर दिए दिशा-निर्देश



### 9 अगस्त से होंगे कार्यक्रम शुरू, जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह ने संबंधित अधिकारियों को उक्त वर्षगांठ मनाने के संबंध मे निर्देश जारी किए गए

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** जिले में मंगलवार को आजादी का अमृत महोत्सव के आयोजन की तैयारी के संबंध में बैठक का आयोजन हुआ। जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह ने संबंधित अधिकारियों को उक्त वर्षगांठ मनाने के संबंध मे निर्देश जारी किए गए । जोधपुर जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को राष्ट्रपति महात्मा गांधीजी की 150वीं जयंती वर्ष एवं स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 9 अगस्त 2021 अगस्त क्रांति दिवस से प्रारंभ होकर 15 अगस्त 2023 तक आयोजित होने वाले आजादी का अमृत महोत्सव के आयोजन की तैयारी के संबंध में बैठक का आयोजन हुआ ।

बैठक में जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह ने संबंधित अधिकारियों को उक्त वर्षगांठ मनाने के संबंध मे निर्देश जारी किए. महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति जोधपुर के जिला समन्वयक शिव करण सैनी ने बताया कि महात्मा गांधी की 150 वी जयंती वर्ष एवं आजादी के क्षेत्र में अमृत महोत्सव के तहत आयोजित होने वाले 2 वर्ष के कार्य योजना तय की गई साथ ही जिले के सभी उपखंड एवं ग्राम स्तर तक विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रम के साथ आमजन एवं बच्चों को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा एवं विशेषकर कोरोना गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए बचाव के लिए आमजन के साथ बच्चों को जागरूकता अभियान चलाया जाएगा ।

जिला समन्वयक सैनी ने बताया कि 9 से 15 अगस्त तक (अगस्त क्रांति सप्ताह) हिन्द स्वराज अपनाओ, सामाजिक सरोकार बढाओ, रैलियां एवं संगोष्ठियों का आयोजन, 20 से 26 अगस्त तक (सद्भावना सप्ताह) नशा मुक्ति अभियान, आत्मशुद्धि कार्यक्रम व गांधी भजन कार्यक्रम, 11 सितम्बर से 17 सितंबर तक (सत्याग्रह सप्ताह) सार्वजनिक स्थानों एवं विभागों में गाँधीजी के जीवन पर प्रतियोगिता का आयोजन, 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक (गाँधी सप्ताह) सार्वजनिक स्थानों पर गाँधीजी की जीवनी पर प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा ।

इनके आयोजन करने के लिए सम्पूर्ण आवश्यक तैयारिया पूर्व मे ही पूर्ण करने के साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी एवं सूचना विभाग को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करने, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी को विचार गोष्ठी आयोजित करने, ब्लॉक स्तर पर उपखंड अधिकारी एवं विकास अधिकारी को समन्वय स्थापित करते हुए ग्राम पंचायत स्तर तक समस्त कार्यक्रम आयोजित करने के लिए तैयारिया करने के निर्देश दिए ।

इस अवसर पर पर बैठक में महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति समिति के संयोजक डॉ अजय त्रिवेदी अतिरिक्त जिला कलेक्टर अनिल नेहरा अतिरिक्त जिला कलेक्टर एस यादव, जिला शिक्षा अधिकारी प्रेमचंद सांखला सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनदेशक व्यास सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। उपखंड स्तर पर कार्यक्रम के आयोजन के लिए राजस्थान सरकार द्वारा गठित लोगों को महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति जिला जोधपुर के प्रत्येक उपखंड मुख्यालय स्तर पर दो कार्यकर्ताओं को उपखंड स्तरीय समिति का संयोजक व सह संयोजक मनोनीत किया है।

भोपालगढ़ - ज्ञानचंद मुनोत संयोजक, हेम सिंह सोलंकी सहसंयोजक, फलोदी- संजय जोशी संयोजक,रावल चंद सहसंयोजक, ओसियां- भगवान दास राठी संयोजक, सांवर परिहार सहसंयोजक, शेरगढ़ दाऊ राम मेघवाल संयोजक,संतोष सांखला सहसंयोजक, लोहावट- आनंद प्रकाश सेन संयोजक ,इसाक खान सहसंयोजक, बाप-जगदीश पालीवाल संयोजक,गणपत भाट, सहसंयोजक, बिलाड़ा -मशकूर बागबान संयोजक, भरत भाटी सहसंयोजक, पीपाड़ शहर - अबुल कलाम संयोजक माधसिंह कच्छावा सहसंयोजक, लूणी- गणेश कुमार संयोजक, हंसराज गहलोत सहसंयोजक, मंडोर- रूप सिंह गहलोत संयोजक, बावड़ी- दिनेश देशलारा संयोजक, रमेश सांखला सहसंयोजक, को आगामी कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए मनोनीत किए।

**नारीः भारतीय दृष्टि और भविष्य विषय पर आयोजित पुस्तक विमोचन**

# भारतीय नारी में सृजन और संरक्षण की अपार शक्ति है-शान्तक्का

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net



**सिरोही।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा आभासी पटल पर नारीः भारतीय दृष्टि और भविष्य विषय पर आयोजित पुस्तक विमोचन के अवसर पर राष्ट्र सेविका समिति की प्रमुख संचालिका माननीया शान्तक्का ने कहा कि समाज में राष्ट्रीय भाव जागृति एवं सक्रियता हेतु महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। नारी में सृजन शक्ति है और उस सृजन से वह परिवार समाज व देश का निर्माण करने में सक्षम है।

सृजनात्मकता के साथ संरक्षण का अनूठा गुण उसमें विद्यमान है। मातृत्व भाव होने के कारण वह संस्कार एकात्मता के साथ बच्चों में संप्रेषित करती है। इसीलिए भारतीय परिवारों में मां की बहुत महत्ता है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद और मां अमृतामयी के अनेक उदाहरणों से नारी की महत्ता को सभी के समक्ष रखा और कहा कि मां में सहजता का गुण है और दुर्गा रूप धारण कर दुराचार व दुरवृत्तियों का विनाश कर अधर्म व अन्याय के विरुद्ध खड़ा होने का रास्ता दिखाती है। इस तरह की संदर्भ पुस्तकों को पाठ्यक्रम में जोड़कर नारी विमर्श को समाज के सामने लाना चाहिए।

आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं चाहे वह खेल, अनुसंधान, रक्षा कोई भी हो। नारी स्वयं में शक्ति है, केवल उसे प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। भारत में नारियों द्वारा किए गए अनेक सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलते हैं। भारतीय संस्कृति की जड़ों से जुड़े रहना एवं विचारों को आगे आने वाली पीढ़ियों में समावेशित करना प्रमुख कर्तव्य हैं। नारी की इच्छा शक्ति, संकल्प शक्ति और यथाशक्ति समाज व राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देती है और सभी के लिए एक प्रेरणा स्रोत बनती है।

उक्त जानकारी देते हुए अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय सचिव मोहन पुरोहित ने बताया कि महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. जे.पी. सिंघल ने कहा कि नारी की महिमा विलक्षण है। नारी का मातृत्व स्वरूप ही है जो अध्यापक से हजार गुना महत्व रखता है। हमारे भारतीय दर्शन और संस्कृति में नारी की अपार महिमा है। लेकिन वर्तमान में स्त्री शिक्षा का केंद्र पश्चिम है, जिसके प्रभाव के कारण उसमें दोष आ गया है। भारत की दृष्टि बदलती नजर आ रही है। जब भारतीय सोच होगी तो पश्चात संस्कृति का प्रभाव धीरे-धीरे कम हो जाएगा और पुरुष व महिला का एकात्म भाव होगा। भारत की दृष्टि नारी शक्ति व सम्मान से जुड़ी हुई है और उसे जगाने की आवश्यकता है, जिससे सामाजिक परिवर्तन संभव है। इसीलिए भारत की अपनी विशिष्टता है और उसे बनाए रखने की अत्यंत आवश्यकता है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. गीता भट्ट ने, आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष डॉ. निर्मला यादव ने व कल्याण मंत्र ममता डी.के ने किया।

इस अवसर पर महासंघ के महामंत्री शिवानंद शिंदनकेरा, संगठन मंत्री महेंद्र कपूर के साथ देश के कोने कोने से शिक्षक, पदाधिकारी एवं महिला कार्यकर्ता वह गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का जीवंत प्रसारण अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के फेसबुक पेज ABRSM BHARAT पर भी किया गया।